चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 27 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक - 60, पृष्ठ - 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर 14

...मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी 13


# अकाली दल से नहीं बनी बात पंजाब में अकेले लड़ेगी भाजपा

## पंजाब भाजपा के अध्यक्ष ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी



● पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने लिया ये फैसला : जाखड़

पंजाब में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन न होने पर पार्टी ने यह फैसला लिया है। कई दिनों से ये माना जा रहा था कि दोनों दल साथ चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब पंजाब के बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने साफ कर दिया है कि पंजाब की सभी सीटों पर पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। जाखड़ ने कहा कि पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने ये फैसला लिया है।

अकाली दल ने बीजेपी के सामने दो मुद्दे रखे थे, इनमें से पहला था किसानों को एमएसपी दिया जाना और दूसरा था बंदी सिखों पर फैसला लेने का। सजा पूरी होने के बावजूद बंदी सिखों की रिहाई की मांग अकाली दल लंबे समय से करता आ रहा है। करीब डेढ़ महीने से पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और अकाली दल चाहता था कि इस मुद्दे का भी हल निकाला जाए। 2020 में कृषि कानूनों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे थे तभी अकाली दल और बीजेपी अलग हो गए थे। 2020 में तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा था अकाली दल के खिलाफ भी किसान उतर आए थे। शिअद को नुकसान होता देख पार्टी ने बीजेपी से किनारा कर लिया था। 2022 के विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों ने अलग-अलग लड़े थे। लोकसभा चुनाव में दोनों के गठबंधन के कयास लगाए जा रहे थे।

### हमारे लिए संख्या बल नहीं, सिद्धांत महत्वपूर्ण : शिअद



भाजपा फैसले के बाद शिरोमणि अकाल दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। उन्होंने वोट की राजनीति पर राष्ट्रीय पार्टियों को आड़े हाथ लिया। बादल ने कहा, शिअद कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। 103 साल पुरानी शिरोमणि अकाली दल की जिम्मेदारी पंजाब एवं कौम की सुरक्षा, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की है। अकाली दल का गठन सरकार बनाने के लिए नहीं हुआ था।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू



**नई दिल्ली।** पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना की।

## जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने पर विचार : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (अफस्पा) को हटाने पर विचार करेगी। शाह ने मंगलवार को दिए साक्षात्कार में कहा कि सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। अफस्पा पर गृह मंत्री ने कहा कि हम अफस्पा हटाने के बारे में भी सोचेंगे। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में सक्रिय सशस्त्र बलों को लोक व्यवस्था कायम रखने के लिए जरूरी होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तारी और गोली चलाने की शक्तियां देता है। शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा दिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों के संगठनों और व्यक्तियों ने अफस्पा हटाने की मांग की है।



# सड़क पर आप, कई नेता हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी



● पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

● आप नेताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास की ओर कूच करने की कोशिश की

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी मंगलवार को सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने शहर में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगाई हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली 'पुलिस राज्य' बन गई है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी बंदिशें लगाई गई हैं। आप के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा कि पुलिस का प्रयोग करने से आंदोलन नहीं रुकेगा। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं को घसीटा गया। आप कार्यकर्ता सुबह से पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था।

# एएसआई सर्वे के दौरान भोजशाला में हुई पूजा

धार, एजेंसी

● व्यवस्था के तहत हिंदू पूजा और मुसलमान पढ़ सकते हैं नमाज

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर में मंगलवार को हिंदुओं ने पूजा-अर्चना की। साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने कोर्ट की ओर से निर्देशित सर्वेक्षण भी जारी रखा।

7 अप्रैल 2003 के एएसआई के आदेश के अनुसार हिंदुओं को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर के अंदर पूजा करने जबकि मुसलमानों को शुक्रवार को वहां पर नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। सर्वेक्षण शुरू होने से पहले सुबह करीब 7.15 बजे हिंदू श्रद्धालु ऐतिहासिक परिसर में पहुंचे। 11 मार्च को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एएसआई को छह सप्ताह में भोजशाला का सर्वेक्षण का निर्देश दिया था। इसको हिंदू, देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं और मुस्लिम कमाल मौला मस्जिद कहता है। अदालत के निर्देशों पर एएसआई ने 22 मार्च को विवादित परिसर में सर्वेक्षण शुरू किया। भोज उत्सव समिति के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि एएसआई सर्वे से विवाद का बेहतर समाधान निकलेगा।

## के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया

**नई दिल्ली।** अदालत के आदेश के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया। अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसमें संघीय जांच एजेंसी ने कहा था कि यदि अति प्रभावशाली के. कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है।



### रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष के निधन पर मोदी ने जताया शोक

**कोलकाता।** रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद का मंगलवार रात निधन हो गया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री ममता समेत कई हस्तियों ने उनके निधन पर शोक जताया। वह 95 वर्ष के थे। मिशन ने कहा कि वह 2017 में रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे। स्वामी स्मरणानंद महाराज ने रात 8.14 बजे महासमाधि ले ली।






# मोदी ने संदेशखालि पीड़ित प्रत्याशी से की बात, बताया शक्ति स्वरूपा

नई दिल्ली, एजेंसी



● रेखा पात्रा ने टीएमसी नेताओं के शोषण का मुद्दा उठाया था

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

टीएमसी नेता शाहजहां शेख के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा ने संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कुछ ऐसा करेंगी कि जिससे लोगों को यहीं रोजगार मिले। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप 'शक्ति स्वरूपा' हैं...। उन्हें जनता तक यह संदेश ले जाना चाहिए कि टीएमसी सरकार राज्य के लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है।

### पिछले चुनाव में यहां से टीएमसी को मिली थी जीत

बशीरहाट, पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं।

## एक नजर

### सीयूईटी-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम समयसीमा 31 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह घोषणा की। पहले यह समय सीमा मंगलवार रात 11 बजे तक थी। उन्होंने कहा, "अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सीयूईटी-यूजी - 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 को रात 9 :50 बजे तक बढ़ा दी गई है।"

### सीआईएससीई की 12वीं मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने 12वीं कक्षा की मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा से एक दिन पहले एक केंद्र से प्रश्नपत्र के पैकेट खो जाने के बाद ये परीक्षा स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की गई। सीआईएससीई ने बताया कि अब यह परीक्षा चार अप्रैल को अपराह्न दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने बताया कि एक परीक्षा केंद्र ने 12वीं कक्षा के मनोविज्ञान विषय के प्रश्नपत्र के खो जाने की सूचना दी है।

# राम मंदिर परिसर में चली गोली, कमांडो घायल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार की शाम एक पीएसी कमांडो को एके-47 की गोली लग गई। गोली उसके बाई तरफ छाती से होते हुए पार हो गई। गंभीर हाल में कमांडो को श्रीराम अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया। घायल कमांडो को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी के जवानों की ड्यूटी राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में लगाई गई है। इसी बटालियन के ए दल के प्लाटून कमांडर रामप्रसाद (50) पुत्र अवसान कमांडो के रूप में तैनात थे। मंगलवार शाम लगभग 6 बजे कमांडो को परिसर स्थित पीएसी पोस्ट में ही संदिग्ध हाल में एक-47 की गोली लग गई। मौके पर मौजूद साथी जवान व परिसर की सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने परिसर में फायरिंग की आवाज सुनी तो हलचल मच गई। जवानों ने घायल कमांडो को तत्काल श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। श्री राम अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी पर चिकित्सक ने कमांडो को तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों ने हालत गंभीर देख कमांडो को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल कमांडो मूल रूप से परिक्षेत्र के अमेठी जनपद स्थित जायस थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव का निवासी है।

## भाजपा उम्मीदवारों की छठी सूची जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान और मणिपुर के उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले रविवार को भाजपा ने अपनी पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इस सूची में यूपी-बिहार समेत तमाम अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम थे। पांचवी सूची में अभिनेत्री कंगना रनौत को बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। उनकी जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र सीट से बीजेपी ज्वाइन करने वाले नवीन जिंदल को उतारा गया है।

# आज से चुनाव अभियान में उतरेंगे मुख्यमंत्री

## पश्चिमी उप्र. के कई जिलों में योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** गोरखपुर में रहकर होली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में उतरने को तैयार हैं। दरअसल, लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद से ही शांत नजर आ रहे योगी अब नयी ऊर्जा के साथ चुनावी रैलियों में दिखने वाले हैं।

हालांकि रैलियों में शामिल होने से पहले से बुधवार से इस माह के अंत तक योगी उप्र. के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे। इस दौरान वह सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे। योगी के इन सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से हो रही है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है।

### पांच दिन में 15 सम्मेलनों में लेंगे हिस्सा

भाजपा, उप्र. से जारी कार्यक्रम के अनुसार, योगी 27 से 31 मार्च तक यानी पांच दिनों में 15 जिलों को कवर करेंगे। उनके सम्मेलनों की शुरुआत बुधवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी। अगले दिन 28 मार्च को मुख्यमंत्री का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम है। योगी 29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में, 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में व 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### मेरठ में 30 को मोदी, साथ होंगे जयंत चौधरी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को मेरठ में रैली करेंगे। उसी मंच पर मोदी के साथ रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। हालांकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की प्रदेश भाजपा द्वारा अधिकारिक घोषणा न होने की वजह से कार्यक्रम में संशय बना हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के बाद रालोद मुखिया पहली बार पीएम मोदी के साथ नजर आएंगे।




## एक नजर

### जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में जीत पर अखिलेश ने दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली छात्रसंघ चुनाव में जीत पर छात्रों को बधाई दी है। मंगलवार को जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि पीडीए की एकजुटता ने सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की। अखिलेश ने कहा, भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से बुरी तरह से हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई। जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूं ही हराते रहने व देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनाएं।

### सपा के पूर्व जिला सचिव भाजपा में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही राजनीतिक दल अपना कुनबा बढ़ाने में जुट गए हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव लालमणि यादव और अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। द्विवेदी ने दूसरे दलों से आए लोगों का स्वागत किया और केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया।

### भानपा ने लोकसभा में चार विस में दो प्रत्याशी घोषित किए

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नमन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने भानपा से मोहनलालगंज से रज्जन लाल गौतम, लखनऊ से राकेश यादव बाबा, लालगंज से आजमगढ़ से पुंडरी गौतम व बस्ती में अनिरुद्ध कुमार पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही विधानसभा के उप चुनाव में लखनऊ पूर्व से ऋषभ सिंह व रामपुर से पवन कुमार को प्रत्याशी घोषित किया है।

# महाकुम्भ के महाआयोजन को सफल बनाने में जुटे 14 विभाग

## महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर परियोजनाओं की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : महाकुंभ को राज्य सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए शासन के 14 विभागों को 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ बजट के सापेक्ष 250 परियोजनाओं के लिए 2228 करोड़ जारी हो चुके हैं।

महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा कार्यों के लिए सरकार ने 3057 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी, जिसमें शुरू हो चुके 80 कार्यों के लिए 688 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है। कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग की पांच परियोजनाएं भी हैं। इनमें तीन की शुरुआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह सिंचाई विभाग के सभी 8 कार्य के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं।



▶▶ कुल 384 परियोजनाओं के लिए 7500 करोड़ रुपये की धनराशि हो चुकी स्वीकृत

प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपये, यूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपये, हेल्थ एंड वेलफेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़, वन विभाग के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 8 करोड़ और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी।

### महाकुंभ के अलावा भी व्यापक पैमाने पर चल रहा विकास कार्य

महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमें टूरिज्म डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है। इसी तरह प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के 10 प्रोजेक्ट्स के लिए स्वीकृत 102 करोड़ में से 20 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यूपी ब्रिज के अंतर्गत 12 प्रोजेक्ट्स के लिए 620 करोड़ जारी हो चुके हैं तो पीडब्ल्यूडी के 18 प्रोजेक्ट्स को 8 करोड़ और प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 17 करोड़ की राशि दी गई है। सिंचाई विभाग के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 58 करोड़ और गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के 3 प्रोजेक्ट्स को 496 करोड़ के फंड की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द राशि जारी किए जाने की संभावना है।

### सपा ने फरहत अली को बनाया बदायूं का नगर अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी में हिसामुद्दीन निवासी जौनपुर को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव और फरहत अली निवासी बदायूं को सपा जिला बदायूं का नगर अध्यक्ष नामित किया गया है। यह जानकारी पार्टी की ओर से मंगलवार को साझा की गई है।

### लघु उद्यमियों को उत्पादन का 45 दिनों में भुगतान होना जरूरी

अमृत विचार : प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों द्वारा बेचे गये सामान का भुगतान 45 दिन में हो जाना चाहिये। इसके लिए एमएसएमई डव्लपमेन्ट एक्ट-2006 के तहत सभी 18 मंडलों में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना की गई है, इसमें इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्य समेत चार अन्य लोग शामिल हैं। संबन्धित जानकारी 27 मार्च को कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए मंगलवार को आईआईए के नीरज सिंघल ने बताया कि सभी फैसिलिटेशन काउंसिल में अध्यक्ष के अतिरिक्त 72 सदस्य हैं। इन सदस्यों के लिए बुधवार को आईआईए भवन में काउंसिल संबन्धित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा, इसमें काउंसिल सम्बन्धित नियमों और कानूनों की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद द्वारा किया जाएगा, साथ ही आयुक्त राजेश कुमार भी होंगे। उच्च न्यायालय के सुरेश ढोले बतौर वक्ता मौजूद रहेंगे।



गोरखपुर में होली पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, मंत्री डॉ. संजय निषाद, सांसद रवि किशन। अमृत विचार

# होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका में गोरखपुर में मंगलवार को होलिका भस्म की पूजा कर होली की शुरुआत की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया। बाद में दोपहर बाद होली मिलन का सिलसिला शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की।

होलिका दहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

▶▶ गोरक्षपीठाधीश्वर और संतों ने एक-दूसरे को लगाया भस्म का तिलक

### गोवंश को लगाया तिलक गुड़ खिलाकर की गोसेवा

होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ और दूध रोटी खिलाकर उनकी सेवा की। गोशाला में मुख्यमंत्री योगी की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया। भीम सरोवर किनारे टहल रहे बतखों को दाना खिलाया।

# एटीएस में दाखिले के लिए 28 को होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत

▶▶ इसी शैक्षणिक सत्र से जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय का होगा संचालन

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 28 मार्च को परीक्षा होगी। विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा को लेकर समाज कल्याण विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 बच्चे सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए परीक्षा देंगे। इसके अलावा कक्षा छह, सात, आठ, नौ और ग्यारहवीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। बताया कि अप्रैल से जौनपुर और अयोध्या के नए विद्यालय का भी संचालन किया जाएगा।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप पर मतदाता करें शिकायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की अपील

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन पर मतदाता सी-विजिल ऐप के जरिए शिकायत करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से यह अपील की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल ऐप के जरिए आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से सी-विजिल ऐप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो या लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी-विजिल ऐप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके मतदाता अपनी शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।

उन्होंने कहा कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, पर अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग ऑफिसर अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजकर कार्रवाई करेंगे।

### सी-विजिल ऐप में दर्ज होने वाली शिकायतें

आम तौर पर सी-विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट- कूपन वितरण, शराब वितरण संबंधी शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज होंगी।

# 1 अप्रैल से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और फाइलेरिया आदि संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस सम्बन्ध में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में बैठक आयोजित की गयी।

जिसमें संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नियमित साफ-सफाई, डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में फागिंग, हाई रिस्क वाले क्षेत्रों में सघन वेक्टर नियंत्रण, मलिन बस्तियों में साफ-सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव आदि निर्णय लिए गए।

# निजी कंपनियां घर-घर जाकर वसूलेंगी बिजली का बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में निजी कंपनियां उपभोक्ताओं के घर- घर जाकर बिजली बिल वसूल करेंगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व निजी कंपनियों के बीच पूर्व में हुए समझौते को जल्द धरातल पर उतारने की तैयारी शुरू हो गई है।

कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को अब बिल जमा करने के लिए कोई परेशानी नहीं होगी। निजी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारी डोर-टू-डोर जाकर बिजली का बिल नकद जमा करेंगे और उसी समय पर रसीद भी देंगे। उपभोक्ताओं को इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा। निजी कंपनी अलग-अलग वितरण खंडों में बिल जमा करने के लिए काउंटर खोलेंगी और इससे उपभोक्ता आसानी से बिल जमा कर सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कॉरपोरेशन व निजी संस्थाओं मेसर्स सरल ई कॉमर्स लिमिटेड, मेसर्स राना पे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स सहज रिटेल लिमिटेड, मेसर्स बीएलएस इंटरनेशनल लिमिटेड और मेसर्स वयम टेक्नालॉजी लिमिटेड को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, संस्थाएं अपने कर्मचारियों को ड्रेस और आईकार्ड देंगी। इसके साथ ही, पावर कॉरपोरेशन ने मीटर रीडरों के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए अब मीटर रीडरों की स्थानों को ट्रेस करने की योजना बनाई है। इससे पता लगाया जाएगा कि उपभोक्ताओं के घर मीटर रीडर आ रहे हैं या नहीं।

# 108 एम्बुलेंस से 12 हजार से अधिक घायल पहुंचे अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : होली के दिन लापरवाही से गाड़ी चलाने की वजह से सड़क पर काफी दुर्घटनाएं हुईं, जिसकी वजह से अकेले होली के दिन कुल 12 हजार 331 लोगों को अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचाया गया। यह आंकड़ा केवल एंबुलेंस सेवा 108 का है, खुद व निजी साधन से भी तमाम मरीजों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला देखने को मिला।

ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होने वालों में हरदोई के 353, लखनऊ के 344, लखीमपुर खीरी के 325, सीतापुर 289, बाराबंकी के 278 लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि होली के दिन सोमवार को कुल 12331 मरीजों में 1350 मामले सड़क हादसों थे। इसके अलावा अन्य मामलों के 2282 घायल मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदेश में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रदान करने के लिए सभी 75 जिलों में 2200 एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं।



### होली के दिन टॉप पांच इमरजेंसी वाले जिले

हरदोई - 353

लखनऊ- 344

लखीमपुर खीरी- 325

सीतापुर- 289

बाराबंकी- 278

बाक्स‹bha›--‹/bha›

प्रदेश में कुल इमरजेंसी

होली के दिन- 12331

### होली के दिन

ट्रॉमा वेहिकुलर - 1350

ट्रॉमा नान वेहिकुलर- 2282

# आज राजग प्रत्याशियों के नामांकन में जाएंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा और राजग गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालयों पर आयोजित सभाओं को प्रदेश अध्यक्ष समेत दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्री आदि संबोधित करेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और कैबिनेट मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह बुधवार को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद का नामांकन कराएंगे। जबकि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के नामांकन में उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे।

### लिव-52 एवं सीस्टोन सिरप पर प्रतिबन्ध हटा

अमृत विचार, लखनऊ : लिव -52 समेत आयुर्वेद की ढाई दर्जन से ज्यादा औषधियों में उन सभी को प्रतिबन्ध मुक्त कर दिया गया है, जिनमें जांच के दौरान शास्त्रीय औषधि की उपलब्धता थी। उक्त क्रम में ही सीस्टोन सीरप व लिव-52 को बाजार में बिक्री के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को आयुर्वेद निदेशक डॉ.पीसी सक्सेना ने दी। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को विभिन्न औषधि निर्माता कंपनियों की लिव-52, सीस्टोन सीरप आदि तमाम औषधियों के सैंपल एकत्र कर जांच की गई थी, जिनमें करीब 31 प्रकार की दवाएं अधोमानक मिलने पर प्रतिबन्धित कर दी गई थीं। जिसके लिए केन्द्रीय आयुष मंत्रालय को भी जानकारी प्रेषित की गई।

# लोस चुनाव : प्रथम चरण में 42 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ अब तक कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की आठ सीटों के लिए मंगलवार को 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 46 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। 27 को प्रत्याशी आखिरी दिन नामांकन कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर सीट से मंगलवार को कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें कांग्रेस से इमरान मसूद, बहुजन समाज पार्टी से माजिद अली व निर्दलीय प्रत्याशियों में राशिद खान व शबनम शामिल हैं। इसी प्रकार कैराना सीट में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से इकरा चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से श्रीपाल, समाजवादी पार्टी से वैकल्पिक प्रत्याशी नाहिद हसन, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से प्रीती कश्यप, अखण्ड भारत स्वतंत्र पार्टी से विक्रम सैनी, आजाद अधिकार सेना से ओमवीर व निर्दलीय प्रत्याशी मनोज राना शामिल हैं।

मुजफ्फरनगर सीट में 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियान, समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिक, बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापति, जयसमता पार्टी से नील कुमार, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविता, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से नन्द किशोर पुण्डीर व निर्दलीय प्रत्याशियों में गौतम आनन्द, प्रदीप कुमार, चरन सिंह, राजकिशोर गर्ग शामिल हैं। इसी प्रकार, बिजनौर लोकसभा सीट में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से विजेन्द्र सिंह, मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) राजपाल व मजलूम समाज पार्टी से फरमान शामिल हैं।

नगीना (सुरक्षित) सीट में अब तक कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से सुरेन्द्र पाल सिंह, समाजवादी आंदोलन पार्टी से धरमवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) से रवीन्द्र भारती शामिल हैं।

मुरादाबाद सीट में अब तक कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से पांच प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान, समाजवादी पार्टी से डॉ एसटी हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी में साधना सिंह शामिल हैं। रामपुर लोकसभा सीट में पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंह, लेबर पार्टी ऑफ इण्डिया से अब्दुल कादर व निर्दलीय प्रत्याशियों में अशोक कुमार व शिवप्रसाद शामिल हैं। पीलीभीत सीट में अब तक कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान (फूल बाबू), समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवार व स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

# राहुल-वरुण मिलें तो खत्म होगी वैचारिक मतभेद की लड़ाई

## भाजपा से टिकट न कटता तो नहीं होती भाइयों के बीच एका की चर्चा, संजय गांधी की मौत के बाद बढ़ी थी सोनिया-मेनका में दूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : चुनावों में प्रत्याशियों के चयन के दौरान राजनीतिक, सामाजिक और जातीय के साथ धन व बाहुबल के समीकरण अक्सर बनते-बिगड़ते देखा गया है, लेकिन इस बार पीलीभीत के भाजपा सांसद वरुण गांधी को टिकट न मिलने से दो भाइयों का वैचारिक मतभेद खत्म हो सकता है। बेटों की एकता से संजय गांधी की मौत के बाद शुरू हुई सोनिया और मेनका में दूरी भी घट सकती है।

पूरा देश जानता है कि गांधी परिवार एक है, राहुल और वरुण चचेरे भाई हैं और दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की गोद में खेले और बड़े हुए हैं। लेकिन काफी दिनों से कभी एक साथ नहीं दिखते। मिलते भी है तो पारिवारिक रूप से बंद कमरे में, कभी सार्वजनिक रूप से तस्वीरें नहीं आईं। अब वरुण गांधी के अपनी पारिवारिक पार्टी में शामिल होने की बात हो रही है तो जाहिर है राहुल गांधी उनसे (वरुण) आरएसएस के विचारधारा के खिलाफ हमले तेज करने को कह सकते हैं। ऐसा हुआ तो मेनका गांधी को भी आगे आना पड़ सकता है। ऐसे में बेटे के बाद मां पर भी भाजपा से किनारा करने की चुनौती होगी।

राहुल पहले ही कह चुके हैं कि लड़ाई विचारधाराओं की है। एक घटना का जिक्र करते हुए राहुल बता चुके हैं कि वरुण ने मुझसे कहा कि आएसएस देश में बहुत अच्छा काम कर रहा है। तब जवाब दिया कि देखिए आप अपने परिवार की हिस्ट्री को थोड़ा पढ़िए और आप समझिए क्योंकि जो आपने मुझसे बोला है, अगर आपने अपने परिवार की विचारधारा समझी तो आप मुझसे ये कभी नहीं बोल सकते। राहुल कहते हैं कि हमारे बीच कोई नफरत जैसी बात नहीं है।

वरुण गांधी ने उस विचारधारा को अपनाया और अपना बनाया तो मैं स्वीकार नहीं कर सकता। राहुल गांधी ने कहा कि इतना जरूर है कि मैं प्यार से मिल सकता हूं, गले लग सकता हूं मगर उस विचारधारा को स्वीकार नहीं कर सकता।

असंभव है मेरे लिए। जब से राहुल ने ये बातें कहीं हैं सोशल मीडिया पर राहुल गांधी और वरुण गांधी की चर्चा होने लगी है। दोनों नेता अपनी दादी इंदिरा गांधी की गोद में खेले हैं लेकिन दोनों कभी साथ नहीं दिखते और वरुण गांधी भाजपा में हैं जबकि उनकी पारिवारिक पार्टी कांग्रेस है।



राहुल गांधी



वरुण गांधी

▶▶ राहुल गांधी व वरुण गांधी में विचार धारा का नहीं था कोई मेल

### अधीर रंजन के ऑफर से गरमाई राजनीति

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का ऑफर दिया है। कहा कि वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता दिया है। चौधरी ने कहा कि वरुण को कांग्रेस में शामिल होना चाहिए। वह एक काबिल और कद्दावर नेता हैं। वरुण गांधी कांग्रेस में शामिल हो जाएं। इससे काफी खुशी होगी।

### कांग्रेस से दिक्कत है न पंडित नेहरू से

वरुण गांधी कुछ दिनों पहले कह चुके हैं कि उन्हें न तो कांग्रेस से दिक्कत है, न पंडित नेहरू से। ऐसे में उनके भाजपा से रिश्ता तोड़कर कांग्रेस में जाने की चर्चा बढ़ गई है। दोनों भाइयों ने एक साथ साल 2004 में राजनीति में कदम रखा था। वरुण गांधी पीलीभीत से सांसद हैं जबकि उनकी मां सुल्तानपुर से लोकसभा सदस्य हैं। मां-बेटे भाजपा में हैं जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरे हैं। अगर राहुल और वरुण के संबंधों की बात की जाए तो तल्खी की वजह ये दोनों बिल्कुल भी नहीं हैं। बताते हैं कि वरुण की मां मेनका गांधी और सोनिया गांधी में कभी नहीं जमी।



**16वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 4:31 बजे
इफ्तार : 6:33 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4:36 बजे
इफ्तार : 6:23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- पुलिस लाइन के संगोष्ठी सदन में विश्व रंग मंच दिवस के अवसर पर राम पर आधारित नृत्य नाटिका रघुराम का आयोजन - 4:00 बजे।
- दिलीपपुर टावर, सप्रू मार्ग हजरतगंज में 10 दिवसीय नाटय समारोह कराने के बाद मानदेय न दिए जाने को लेकर प्रेसवार्ता - 4:30 बजे।
- एकता पार्क, विवेकखंड-3 गोमतीनगर में होली को लेकर कार्यक्रम का आयोजन - 5:00 बजे।
- भारतेंन्दु नाट्य अकादमी में विश्व रंग मंच दिवस के उपलक्ष्य में पूर्णगाथा नाटक का आयोजन - 6:30 बजे।

# 31 तक पंजीकरण न कराने पर ध्वस्त होंगे मकान

## उच्चतम न्यायालय से अकबर नगर के विस्थापितों को नहीं मिली राहत, 15 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल बंधे व नदी पर अवैध बने लगभग 1200 मकानों, शोरूम, दुकानें व कॉम्प्लेक्स ध्वस्त होने का रास्ता साफ हो गया है। 31 मार्च के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण कभी भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर सकता है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट से भी विस्थापितों को राहत नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार, पिछले सप्ताह हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय ने कहा है कि 31 मार्च तक विस्थापित आवास के लिए एलडीए के शिविर में पंजीकरण करा लें। अन्यथा एलडीए कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा। इस आदेश के बाद एलडीए 31 मार्च तक आवास के लिए पंजीकरण न कराने वाले विस्थापितों के विरुद्ध 1 अप्रैल से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर सकता है।




**▶▶ एलडीए के शिविर में मकान के लिए पंजीकरण कराने के दिए गए हैं निर्देश**

अकबर नगर मामले पर उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान विस्थापितों को 31 मार्च तक मकान खाली करने का आदेश दिया था। साथ ही विस्थापितों को आवास उपलब्ध कराने के एलडीए को निर्देश दिए हैं।

एलडीए अकबर नगर में विस्थापितों को मकान देने के लिए पंजीकरण शिविर लगा रहा है। अत्यन्त गरीब विस्थापितों को एलडीए मुफ्त मकान देगा। वहीं दूसरी ओर अकबर नगर के कुछ विस्थापितों ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अपीलकर्ताओं को 31 मार्च तक मकान के लिए पंजीकरण कराने को कहा है। पंजीकरण न कराने वालों पर एलडीए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर सकता है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय 15 अप्रैल को अगली सुनवाई करेगा।

### 93 दुकानदारों को नहीं मिली राहत

अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में मकानों में बनीं 93 दुकानों को तोड़ने के मामले में अपीलकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। एलडीए ने अकबर नगर में मकानों में बनीं 93 दुकानों को आवासीय मानते हुए ध्वस्तीकरण के लिए उच्च न्यायालय में अपील की थी। जिसमें उच्च न्यायालय ने दुकानें खाली करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के विरुद्ध कुछ दुकानदार उच्चतम न्यायालय चले गए थे। एलडीए की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को देखते हुए अधिकांश लोगों ने दुकानों से सामान भी निकाल लिया है। अभी भी मकान में लोग रह रहे हैं। 31 मार्च के बाद एलडीए मकान और दुकानें ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर सकता है।

### अकबर नगर : 31 तक लगेगा पंजीकरण शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के लिए एलडीए अब 31 मार्च तक पंजीकरण शिविर लगाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पंजीकरण शिविर का समय 31 मार्च तक बढ़ा दिया है। विस्थापित शिविर में 1,000 रुपये शुल्क जमा कराके प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

# फ्लाइट के कूड़ेदान में मिला 66 लाख का सोना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ बैंकॉक से आया था विमान कस्टम अधिकारी जांच में जुटे**

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बैंकॉक से आने वाली उड़ान के कूड़ेदान से कस्टम के अधिकारियों ने 66 लाख 93 हजार रुपये का विदेशी सोना जब्त किया है।

बता दें कि अमौसी एयरपोर्ट पर 20-21 मार्च को अबुधाबी से आने वाली उड़ान से 10 यात्रियों के पास से करीब 67 लाख रुपये की सिगरेट की डंडियां बरामद हुई थीं। सोमवार को बैंकॉक से विमान संख्या एफडी 146 लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पहुंची। विमान से यात्री एयरपोर्ट पर उतरकर गंतव्य को रवाना हो गए। विमान के कूड़ेदान में ही कोई यात्री 999 ग्राम के दो गोल्ड बार फेंककर चला गया। विमान के भीतर साफ-सफाई के दौरान इसकी जानकारी कस्टम अधिकारियों को मिली। अधिकारियों ने सोना बरामद कर लिया और उसे सीज कर दिया। कस्टम अधिकारी जांच के लिए विमान से आए यात्रियों के दस्तावेज खंगाले रहे हैं।

# प्लॉटिंग, रो-हाउस, बहुमंजिला इमारतों की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ वरिष्ठ अधिकारी करेंगे निरीक्षण, 1 अप्रैल को देंगे रिपोर्ट**

**▶▶ अवैध रूप से किए गए निर्माण की शिकायत मिलने पर एलडीए उपाध्यक्ष ने जारी किया आदेश**

**अमृत विचार :** अवैध निर्माण व प्लाटिंग पर अंकुश लगाने के लिए अब लखनऊ विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी खुद फील्ड पर उतरेंगे।

नए अवैध निर्माण, प्लॉटिंग, रो-हाउस, कॉम्प्लेक्स व बहुमंजिला इमारतों की जांच करके लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं व कर्मचारियों की रिपोर्ट देंगे। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने इस सम्बन्ध में आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि बिना मानक व मानचित्र स्वीकृत कराए हो रहे निर्माण के विरुद्ध सूचना एवं शिकायत मिल रही है।

इसलिए प्रवर्तन जोन द्वारा अवैध निर्माण व प्लॉटिंग के खिलाफ की जा रही कार्यवाही का भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। सचिव विवेक श्रीवास्तव को जोन एक, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को जोन 4 एवं 5, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को जोन 2 एवं जोन-3 और मुख्य नगर नियोजक केके गौतम को जोन 6 एवं 7 के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### सील किए गए निर्माण की देखेंगे स्थिति

एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि संबंधित अधिकारी अवैध प्लॉटिंग, रो-हाउस, व्यावसायिक निर्माण, अवैध बेसमेंट तथा आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से संचालित व्यावसायिक निर्माणों का निरीक्षण करेंगे। जोनल अधिकारियों द्वारा जिन अवैध निर्माणों के खिलाफ सीलिंग की कार्यवाही की गयी है, जांचकर्ता अधिकारी उनकी वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट स्थल की फोटोग्राफ के साथ देंगे। निरीक्षण में जिन जगहों पर यह पाया जाएगा कि प्रवर्तन जोन के फील्ड स्टाफ ने अवैध निर्माण पर कार्यवाही में शिथिलता बरती है, उनके खिलाफ जांचकर्ता अधिकारी अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए संस्तुति करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों को एक अप्रैल तक उन्हें रिपोर्ट सौंपनी होगी।

# नशे में पत्नी को पीटकर मार डाला

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

**▶▶ हत्यारोपी की तलाश में दबिश दे रही बिजनौर पुलिस**

**अमृत विचार :** बिजनौर थाना अंतर्गत चंद्रावल सादुल्लाखेड़ा में नशे में धुत पति ने सोमवार रात करीब 12 बजे चार बच्चों को कमरे में बंदकर पत्नी चंद्रावती (35) की बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी भाग निकला। उसकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। वारदात के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। वहीं, मृतका के मायके वालों ने हत्यारोपी पति के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर सम्बन्धित थाने में तहरीर दी है।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा के मुताबिक, ग्राम सभा चंद्रावत मजरा सादुल्लाखेड़ा गांव निवासी मजदूर सुरेश गौतम नशे का आदी है। वह आए-दिन पत्नी चंद्रावती से मारपीट करता था। बेटे शिवा ने बताया कि सोमवार रात करीब 12 बजे पिता सुरेश शराब के नशे में घर पहुंचा। इसके बाद मां चंद्रावती को गालियां देने लगा। विवाद बढ़ने पर पिता ने सभी भाई-बहनों को कमरे में बंदकर मां चंदावती को दूसरे कमरे में ले जाकर लात घूंसों और बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। पिटाई से मां चंद्रावती की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पत्नी की हत्या करने के बाद हत्यारोपी मौके से भाग निकला। वहीं, बच्चों का शोर सुनकर पड़ोसी घर में पहुंचे। जिसके बाद पड़ोसियों ने कमरे का दरवाजा खोल बच्चों को बाहर निकला। मृतका के बेटे ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देते हुए हत्यारोपी पिता पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। परिजन ने बताया कि करीब 15 वर्ष पूर्व सुरेश की शादी चंद्रावती से हुई थी। उसका बड़ा बेटा शिवा (13) 9वीं का छात्र है। जबकि सुशांत (7) 5वीं, आयुष (5) चौथी और बेटी कविता (3) पहली कक्षा में पढ़ती है।

बताया कि जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब घर के कमरे में चंद्रावती का शव एक तख्त पर पड़ा था। पुलिस ने परिजन से बातचीत करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। वहीं, हत्यारोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# मौसम में बदलाव के बीच पारा पहुंचा 35 डिग्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन बाद हल्की बारिश के आसार**

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दो दिनों में बारिश के आसार हैं। रात के तापमान में बढ़ोतरी के संकेत भी मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए हैं।

लखनऊ और उसके आसपास के इलाकों में होली के दिन मौसम शुष्क रहा। सोमवार को होली के रंगों के बीच पारे में बढ़ोतरी हुई। दिन का तापमान बढ़कर 35 डिग्री तक पहुंच गया। मंगलवार को सुबह की तेज धूप ने दोपहर बाद राहत दी। बदली और तेज हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज हुई। मौसम अनुसंधान केन्द्र की ओर से संभावना जताई जा रही है कि दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा, लेकिन 28 मार्च से हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावनाएं हैं।

इसके बाद मौसम में तेजी से बदलाव आएगा। रात के तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। सुबह और रात की ठंड में कमी आ रही है। वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, न्यूनतम तापमान में आगे भी बढ़ोतरी होने की संभावना है।




तेज धूप के बीच गंतव्य को जाती युवती। अमृत विचार

### न्यूनतम तापमान 20 डिग्री के पार

लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहा। वहीं, मंगलवार को छाई बदली के कारण पारा तीन डिग्री नीचे लुढ़का, उधर न्यूनतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई। रात का तापमान 20 डिग्री पार रिकार्ड किया गया।

### मण्डल में खीरी सबसे गर्म

लखनऊ मण्डल में लखीमपुर खीरी का तापमान सबसे अधिक रहा। जनपद का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया। बाराबंकी 18 डिग्री रहा। हरदोई, सीतापुर और उन्नाव में पारा 19 डिग्री रिकार्ड किया गया।

# बरामदे पर कब्जा करके खोल लीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को बसन्तकुंज योजना के सेक्टर आई में निर्मित प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया।

उन्होंने कालोनी में रहने वाले लोगों से बातचीत की। कुछ लोगों ने कालोनी के बरामदे व कॉमन एरिया में अवैध कब्जा करके दुकानें खोल ली हैं। जिस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अभियंताओं को दो दिनों के अंदर सभी अवैध दुकानें हटवाने के साथ साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने कहा कि कुछ जगह पर कॉमन एरिया में इंटरलाकिंग टाइल्स लगाकर वाहनों के लिए पार्किंग तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पार्कों में हार्टीकल्चर के काम कराने के साथ हर वर्ग के लिए विकसित किया जाए।



बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण करते एलडीए उपाध्यक्ष।

**▶▶ एलडीए उपाध्यक्ष ने दो दिनों में अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश**

निरीक्षण में प्राधिकरण के मुख्य अभियंता एके सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम, अधिशासी अभियंता नीरज कुमार व सहायक अभियंता अतुल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**सुगम यातायात के लिए बनेगा ट्रैफिक प्लान :** उपाध्यक्ष ने ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर सड़क के किनारे निर्माण सामग्री व मिट्टी आदि बिखरी मिली। उपाध्यक्ष ने पूरे रूट की साफ-सफाई कराकर 15 अप्रैल तक साइट डेवलपमेंट से सम्बंधित कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर पर सुगम यातायात के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार कराया जाए, जिससे लोगों को यहां आवागमन में किसी तरह की दिक्कत न आए।

# लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर निर्माण से लग रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ मंडलायुक्त ने जताई नाराजगी एनएचएआई, नगर निगम और यातायात निदेशालय को लिखा पत्र**

**अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलिवेटेड रोड के निर्माण से जाम लग रहा है। जुनाबगंज एवं एयरपोर्ट के बीच मार्ग सकरा हो गया है।

दोनों ओर निर्माण के कारण बैरिकेटिंग करने तथा निर्माण सामग्री और खराब वाहन खड़े होने से मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एनएचएआई, नगर निगम और यातायात निदेशालय को पत्र लिखा है।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक को सड़क के दोनों तरफ रोड को अधिक से अधिक चौड़ा करने एवं सड़क किनारे गड्ढों को भरकर वाहन चलाने योग्य बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण तेजी से पूरा करें और हल्के वाहनों को किसान पथ के ऊपर डायवर्ट किया जाए।

### ट्रैफिक डायवर्जन प्लान का नहीं हो रहा अनुपालन

मंडलायुक्त ने यातायात निदेशालय को पत्र लिखकर कहा है कि अन्य जनपदों से लखनऊ आने वाले भारी वाहनों के लिए यातायात निदेशालय से विचार विमर्श करके कार्य पूरा होने तक ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया था, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिससे जाम की समस्या बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सम्बंधित जनपदों द्वारा बरती गयी लापरवाही के लिए जिम्मेदार का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए।

### गौरी बाजार को दूसरी जगह किया जाए शिफ्ट

मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि राजमार्ग के किनारे गौरी में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से अतिक्रमण और वाहनों के आवागमन की समस्या होती है। निर्माण पूर्ण होने तक ऐसे स्थानों से साप्ताहिक बाजार को दूसरे उपयुक्त स्थान पर स्थानान्तरित कराया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन हाईवे पर गौरी बाजार एवं बन्थरा बाजार में सर्विस रोड एवं मुख्य सड़क के बीच में स्थित बेकार नाली को हटाकर सड़क को और चौड़ा करने के निर्देश दिए।

### लखनऊ-देहरादून वंदे भारत का सफर शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ से देहरादून के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (ट्रेन नंबर 22545) का सफर मंगलवार से शुरू हो गया। लखनऊ जंक्शन से यह ट्रेन सुबह 5:15 बजे रवाना हुई। यह ट्रेन बरेली, मुरादाबाद और हरिद्वार होते हुए देहरादून पहुंची। पहले दिन ही इस ट्रेन में दोनों तरफ से लंबी वेटिंग रही। मंगलवार को यह ट्रेन लखनऊ से छूट कर 1:35 पर देहरादून पहुंच गई। लखनऊ से देहरादून के बीच एक दिन में सफर करने वाली यह पहली ट्रेन है। लखनऊ-देहरादून का 545 किमी का सफर 8:20 घंटे में पूरा करने वाली यह ट्रेन रात में लखनऊ पहुंच गई। ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने इसमें उपलब्ध सुविधाओं को शानदार बताया। इस ट्रेन के संचालन से अब उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच सफर करने वाले यात्रियों को खास राहत मिल गई। इस ट्रेन में फिलहाल 31 मार्च तक लंबी वेटिंग दिखा रहा है। ट्रेन के चेयर कार के साथ ही एग्जीक्यूटिव क्लास में तेजी से बुकिंग हो रही है। इस ट्रेन का संचालन हफ्ते में छह दिन किया जाएगा, जबकि सोमवार को इसका संचालन नहीं होगा।

# 1 अप्रैल से जोन एक में सफाई करेगी रामकी कंपनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हैदराबाद की कंपनी चेन्नई एमएसडब्ल्यू (रामकी) 1 अप्रैल से नगर निगम जोन एक के हजरतगंज, लालबाग व अमीनाबाद क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेगी।

कंपनी को नगर निगम के आठ जोन में से पांच में सफाई का काम मिला है। कंपनी को काम देने के विरोध में नगर निगम सदन में पार्षदों के हंगामे के बावजूद छह मार्च को कंपनी ने जोन चार के गोमती नगर इलाके में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी संभाल ली है।




**▶▶ डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से करेगी शुरुआत**

घरों से कूड़ा उठाने के लिए लगभग 150 इलेक्ट्रिक वाहन और इतने ही कर्मचारी लगाए हैं। विरोध के बाद कंपनी को फिलहाल घरों से कूड़ा कलेक्शन का काम सौंपा गया है।

जोन चार और जोन एक वीआईपी इलाके हैं। यदि कंपनी ने यहां अच्छा प्रदर्शन किया तो उसे रोड स्वीपिंग, डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने की भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

### पांच जोन में मिला है कूड़ा प्रबंधन का काम

इकोग्रीन कंपनी को हटाने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई थी। नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में बुरी तरह पिछड़ गया। इसे देखते हुए नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए अनुभवी कंपनी को लाने के लिए टेंडर निकाले थे। जिसमें से हैदराबाद की रामकी कंपनी को पांच जोन में काम मिला था। तीन जोन के टेंडर नहीं खोले गए। यहां नगर निगम खुद सफाई व कूड़ा निस्तारण कर रहा है। रामकी कंपनी को जोन एक, तीन, चार, छह और जोन सात में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, नालियों और सड़कों की सफाई और डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने का काम दिया गया है।

# वापसी को लेकर रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ बिना टिकट आरक्षित डिब्बों में चढ़ गए यात्री, धरी रह गई सुरक्षा व्यवस्था**

**अमृत विचार :** होली के पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को लोगों की रेलवे स्टेशनों पर भीड़ उमड़ी। घर पर होली मनाने के बाद अधिकांश लोग मंगलवार की शाम को ही कार्य स्थल के लिए वापस निकल पड़े। ऐसे में चारबाग और लखनऊ जं. स्टेशनों पर यात्रियों की खासी भीड़ देखने को मिली। होली विशेष ट्रेनों के संचालन के बाद भी यात्री बर्थ के लिए मारा मारी करते दिखाई पड़े।

एसी एक्सप्रेस, पुष्पक, लखनऊ मेल पकड़ने पहुंचे यात्रियों को लंबी लाइन लगानी पड़ी। इन ट्रेनों में जनरल कोच के साथ ही यात्री आरक्षित डिब्बों में जा बैठे। जीआरपी और आरपीएफ के जवान भीड़ के सामने बेबस दिखाई पड़े। सभी ट्रेनों में लोग प्रवेश द्वार पर लटके नजर आए।

**दिल्ली और गोरखपुर रूट पर रही भीड़ :** होली के दूसरे दिन मंगलवार को वापसी की राह को निकले यात्री राजधानी के बस अड्डों पर भी पहुंचे। दिन भर तो बस अड्डों पर सन्नाटा रहा। वहीं शाम को जब भीड़ उमड़नी शुरू हुई तो परिवहन निगम को रात में अतिरिक्त रोडवेज बसों की व्यवस्था करनी पड़ी। आलमबाग, कैसरबाग, चारबाग और अवध बस स्टेशन सभी जगह यात्री बस अड्डों के बाहर से बसों पर चढ़ते नजर आए। सबसे अधिक भीड़ दिल्ली रूट पर रही। इसके चलते आलमबाग से दो अतिरिक्त बसें वहां के लिए रवाना की गई। इसके अलावा गोरखपुर और सीतापुर रूट पर भी खासी भीड़ देखने को मिली। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी के अनुसार जिस रूट पर यात्री अधिक मिले, वहां के लिए नॉन स्टॉप बसें रवाना कर दी गई।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### लविवि की उत्तर पुस्तिकाओं में होगा बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठों की संख्या कम की जा रही है। इसको लेकर विवि की परीक्षा समिति गठित की गई है। इसमें प्रस्ताव को लेकर मंथन किया जाना है। इसी के बाद ये व्यवस्था अमल में लाई जाएगी। लविवि में होने वाली सम सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इसमें परीक्षा समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान कुलपति प्रो. एके राय द्वारा समिति के सदस्यों से जानकारी ली गई। वहीं, परीक्षा समिति की बैठक में उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठों को लेकर चर्चा हुई। प्रस्ताव रखा गया कि उत्तर पुस्तिका में 40 पेज के स्थान पर 32 पेज किए जाएं। इस प्रस्ताव को लेकर समिति के सदस्यों की ओर से विचार भी व्यक्त किये गए। बताते हैं कि किये गए मंथन के बाद एक समिति गठित कर दी गई है। इसी की रिपोर्ट के आधार पर पृष्ठों की संख्या निर्धारित होगी। इस बार लविवि की परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित रहेंगी। ये परीक्षाएं तीन पालियों में आयोजित की जानी हैं।

# कोरोना काल में बढ़े, स्थिति सामान्य होने पर घटे स्कूली बच्चे

## यू डायस पोर्टल पर शैक्षिक सत्र 2022-23 की अपेक्षा 2023-24 में सरकारी स्कूलों के बच्चों की घटी संख्या

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- शिक्षा महानिदेशक ने जताई नाराजगी
- सरकारी स्कूलों से प्राइवेट में भी वापस हुए बच्चे

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या केन्द्र सरकार के यू-डायस पोर्टल पर शैक्षिक सत्र 2022-23 की अपेक्षा 2023-24 में काफी कम दिख रही है। रिपोर्ट आने के बाद शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने नाराजगी जाहिर की है और सभी जनपदों के बीएसए को समय से डाटा फीड कराये जाने का आदेश दिया है।

बता दें कि शैक्षिक सत्र 2022-23 में 1.92 करोड़ बच्चे पंजीकृत हुए थे। लेकिन सत्र 2023-24 में ये संख्या लाखों में घट गई है। हालांकि अभी यू-डायस पोर्टल पर डाटा फीडिंग का काम जारी है। वहीं शिक्षकों ने जो बच्चों की संख्या घटने के कारण बताये हैं वह कई प्रकार के हैं। हालांकि शिक्षा महानिदेशक ने भी कहा है पोर्टल पर डाटा फीडिंग का काम जारी है, ऐसे में कितनी संख्या में बच्चे कम हुए हैं इसकी स्थिति बाद में स्पष्ट हो सकेगी। जबकि शिक्षकों कहना है कि स्कूल के कार्यों के साथ-साथ अन्य भी काम देखने पड़ते हैं काफी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में भी थी। इसके चलते फीडिंग का कार्य भी तेज गति से नहीं हो पाया।

**कोरोना काल में प्रवेश लेने वाले बच्चों ने छोड़ा सरकारी स्कूल :** वहीं शिक्षकों का कहना है कि कोरोना काल में काफी संख्या में यूपी के मजदूरों का वापसी दूसरे राज्यों से हुई थी। वहीं प्राइवेट विद्यालय बंद भी हुए थे इस स्थिति में सरकारी स्कूलों में नामांकन संख्या बढ़ी थी क्योंकि सरकारी स्कूलों के शिक्षक घर-घर जाकर बच्चों को पढ़ा रहे थे। उसके बाद जैसे ही कोराना की स्थिति सामान्य हो गई तो जो बच्चे प्राइवेट स्कूल के थे फिर से अपने स्कूल वापस चले गये, वहीं जो मजदूरों के बच्चे थे वह मजदूर जब फिर अपने काम पर दूसरे राज्यों में जाने लगे तो उनके साथ बच्चे भी वापस चले गये जो कि संख्या घटने का सबसे बड़ा कारण है।

**ऑनलाइन फीडिंग इसलिए है जरूरी :** बता दें कि अब बच्चों को सभी सरकारी सुविधायें आनलाइन ही मुहैया कराई जा रही है। इस स्थिति में बच्चों का ब्योरा भी आनलाइन होना जरूरी है। जिन बच्चों का आधार कार्ड सहित ब्योरा आनलाइन नहीं होगा वह सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं। इसी तरह से बच्चे दो जगह अब प्रवेश लेते हैं तो वह आसानी से पकड़ में आ जाते हैं।

> अभी तो पोर्टल पर डाटा फीडिंग का काम चल रहा है। अगले 2 माह में फीडिंग हो जाएगी। कोई गैप नहीं है। शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में थी इसकी वजह से काम धीमा हुआ। इस संबंध में मीटिंग करके डाटा फीडिंग के आदेश दिए गये हैं।
>
> –कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

### शिक्षक बता रहे ये समस्याएं

- प्रावइेट से सरकारी स्कूल में पंजीकृत बच्चे घटे
- कोरोना काल में जो मजदूर लौटे थे उनके बच्चे भी वापस गये
- आधार कार्ड में त्रुटियों के चलते डाटा फीडिंग में देरी
- कई अभिभावकों व बच्चों के आधार कार्ड नहीं इस वजह से भी देरी हुई
- कई बच्चों का दो जगह पंजीकरण हो गया
- सरकारी स्कूलों के अगल-बगल चल रहे निजी स्कूल
- निजी स्कूल एक बच्चे की छूट का भी प्रलोभन दे रहे

### शिक्षकों को लिखित में स्पष्ट करनी होगी ये स्थिति

- बच्चा अगर दूसरे स्कूल में गया तो उसका पूरा ब्योरा
- अभिभावकों की ओर से नाम कटाने का लिखित कारण
- बच्चा दो जगह पंजीकृत है तो उसका ब्योरा
- अभिभावक बच्चों को क्यों नहीं भेज रही इसकी पूरी जानकारी

## हिंदू महासभा के पदाधिकारी नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह ने सदर में आयोजित एक होटल में महासभा की बैठक की। इस अवसर पर श्री सिंह ने बताया की आकर्षण श्रीवास्तव, विकास शुक्ल और आदर्श चौहान का लखनऊ का जिला सचिव नियुक्त किया गया है, उन्होंने बताया की बैठक में पदाधिकारियों द्वारा सीतापुर से प्रदेश अध्यक्ष चंद्र शेखर व मोहनलालगंज संसदीय सीट से जिला अध्यक्ष विशाल कन्नौजिया को एक राजनीतिक दल द्वारा चुनाव लडने पर भी चर्चा की गई।

**सूचना**

पहले मेरा नाम LAIKUR RAHMAN था अब मैने बदलकर अपना नाम LAEEQUR RAHMAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: AHMAD HUSAIN R/O: ASHRAF TOLA TARAF ASHRAF TOLA SANDILA HARDOI

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मो0 जुबैर पुत्र मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर को गलत चाल चलन के कारण बेदखल करती हूं अब मेरा अपने पुत्र मोहम्मद जुबेर से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार भविष्य में नहीं रहेगा **तैय्यबा खातून पत्नी मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम और पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर जनपद बाराबंकी**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मधुर कुमार शुक्ला से अपना नाम बदलकर मधुर शुक्ला रख रहा हूँ। आज से मुझे मधुर शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **निवासी –पावर हाउस के पीछे, आशा नगर, हरदोई।**

**सूचना**

मैने अपना नाम शोभा सिंह SHOBHA SINGH से बदलकर सोभा सिंह SOBHA SINGH कर लिया है उक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं समस्त दस्तावेजों में मुझे सोभा सिंह SOBHA SINGH नाम से पहचाना जाए। **सोभा सिंह पत्नी राकेश कुमार सिंह 109/344 आर के नगर कानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमुवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में ग्रांट पर संकट

## 75 प्रतिशत स्कूलों की अभी तक नहीं निकली है धनराशि, शिक्षा महानिदेशक से समय बढ़ाने की मांग

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

- लैप्स हो सकती है ग्रांट, 31 मार्च तक है मौका

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) खाते में कम्पोजिट ग्रांट तकनीकी कारणों से जहां देर से पहुंच रही हैं। वहीं अंतिम तिथि 31 मार्च होने के कारण अब लैप्स होने की आशंका बनी हुई है।

काफी कम समय होने के कारण शिक्षक भी चिंतित हैं और उनको इस बात का डर है कि यदि 31 मार्च से पहले ग्रांट नहीं निकल पाई तो उनके विद्यालय का विकास कैसे हो पायेगा। कुछ शिक्षक ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने निजी बजट से इस सोच में विकास कार्य करवा दिया है कि बाद में ग्रांट आने पर उनको पैसा मिल जायेगा। लेकिन मौजूदा व्यवस्था के चलते बजट मिलने में देरी हो रही है।

शिक्षकों का कहना है कि पहले चेक माध्यम से बजट मिल जाता था लेकिन अब बदली हुई व्यवस्था के तहत बजट मिलता है इसमें देरी होती है और समय से विद्यालय में अधूरे पड़े कार्य भी नहीं हो पाते हैं। शिक्षकों ने बताया कि यही हाल पिछले साल भी हुआ था जिसमें काफी संख्या में विद्यालयों की ग्रांट वापस हो गई थी। यदि इस बार 31 मार्च से समय आगे नहीं बढ़ाया गया तो ग्रांट लैप्स होना लगभग तय है। बताया जा रहा है कि अभी 75 प्रतिशत स्कूलों की ग्रांट नहीं निकल पाई है।

> विद्यालयों के विकास कार्य के लिए दी जाने वाली धनराशि समय से नहीं मिलती है। यदि मिल जाये तो निकालने की प्रक्रिया इतनी जटिल कर दी गई है कि उसका फायदा अब वेंडर उठाते हैं वह मनमाने ढंग से निर्माण समाग्री उपलब्ध कराते हैं। क्योकि बजट अब सीधे उनके खाते में जाता है। कई बार ऐसा भी होता है कि 31 मार्च बीत जाती है धनाराशि वापस हो जाती है।
>
> –महेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

> कंपोजिट ग्रांट जुलाई, अगस्त के महीने में ही जारी हो जानी चाहिए, जिससे शिक्षक आवश्यकता अनुसार खर्च कर सके। परंतु ये देखा गया है कि ग्रांट फरवरी, मार्च में जारी की जाती है और इसे जल्द खर्च करने का दबाव भी शिक्षको पर होता है, अन्यथा 31 मार्च को रात 12 बजे सारा पैसा लैप्स हो जाता है। इसका फायदा वेंडर भी खूब उठाते है, इस पर ध्यान देना आवश्यक है।
>
> –विनय कुमार सिंह, प्रान्तीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन

## आरटीई : दूसरे चरण की लॉटरी 8 अप्रैल को

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1 अप्रैल से नया सरकारी व निजी विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र 2024-25 शुरू हो जायेगा। ऐसे में शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत पहले चरण चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाने का लक्ष्य 7 अप्रैल तक पूरा किया जायेगा। अधिकारियों ने बताया कि दूसरे चरण में हुए आवेदन की लॉटरी आठ अप्रैल को निकाली जायेगी। में आवेदन करने वाले बच्चों को प्रवेश दिलाने का लक्ष्य 17 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि स्कूलों में आरटीई के तहत एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में जो विद्यालय एडमिशन देने में लापरवाही कर रहे हैं उनके उनके खिलाफ आरटीई एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे0 वी0 फार्मा, मो0: 9452245400, के0 एस0 फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

# मूल्यांकन न प्रभावित करें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी बोर्ड परीक्षा की अभी 17 प्रतिशत से अधिक कॉपियां चेक होना बाकी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन जारी है। वहीं साथी शिक्षक की मौत के बाद से काफी संख्या में शिक्षक बहिष्कार भी कर रहे हैं। इसको देखते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने मंगलवार को निर्देश जारी करते हुए कहा कि जो शिक्षक बहिष्कार कर रहे हैं उनसे मेरी अपील है कि वह मूल्यांकन कार्य पर लौट आये ताकि परिणाम जारी करने में बाधा न आने पाये।

बता दें कि वाराणसी जिले के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की हत्या एक सिपाही की ओर से कर दी गई थी। जिसके बाद से कई केन्द्रों पर शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया जा रहा है। इस कारण लाखों छात्र-छात्राओं का परिणाम प्रभावित हो सकता है। ऐसे में निदेशक ने कहा है कि जो शिक्षक बहिष्कार कर रहे हैं वह मूल्यांकन कार्य पर लौट आये और उनकी जो भी मांगे हैं उनको शासन स्तर पर पहुंचा दिया गया है। बता दें कि अभी प्रदेश भर में 17प्रतिशत से अधिक कॉपियां चेक होना बाकी है।

## दो संविदा कर्मी बर्खास्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली पर सुचारू बिजली सप्लाई के लिए सर्किल-1 के अधीक्षण अभियंता आरपी केन ने रविवार को विभिन्न उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। जिसके तहत शाम 5 बजे राजभवन के अंतर्गत क्लाइड रोड उपकेंद्र पहुंचे। इस दौरान दो संविदा कर्मी श्रेयांश और अजित कुमार कंट्रोल रूम में शराब पीते पाए गए। अधीक्षण अभियंता ने दोनों कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने एक्सईएन डीकेडी द्विवेदी और कार्यदायी संस्था को तत्काल प्रभाव से दोनों कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य विभागीय कर्मचारियों को चेतावनी दी कि उपकेंद्र पर इस प्रकार का कृत्य करते हुए पाये जाने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मदरसा बोर्ड के लिए बढ़ी पैरवी की रफ्तार, जुटा कर्मचारी संगठन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष बोले, सुप्रीम कोर्ट का लेंगे सहारा, बोर्ड से जुड़े हैं लाखों छात्र, शिक्षक और कर्मचारी

**अमृत विचार :** यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर हाल ही में हाईकोर्ट के दिये गए आदेश को शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन सुप्रीम कोर्ट ले जाने का मन बना रहा है। संगठन के अध्यक्ष का दावा है कि वे सब मिलकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे, ताकि राहत मिल सके। बोर्ड से जुड़े लाखों छात्रों का भविष्य संकट में है। शिक्षक और कर्मचारी भी परेशान हैं।

बता दें कि बीते दिनों हाईकोर्ट द्वारा मदरसा बोर्ड को लेकर एक आदेश दिया गया। कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में वर्ष 2004 में गठित बोर्ड को भंग करने की प्रक्रिया शासन की ओर से आरंभ की गई। ऐसे में शिक्षणेत्तर कर्मचारी एसोसिएशन मदारिसे अरबिया उप्र आगे आई है। संगठन के अध्यक्ष हसीब अहमद बताते हैं कि यूपी मदरसा बोर्ड में वैसे तो उनका संगठन छोटा है लेकिन मदरसे से जुड़ी हर इकाई उनकी मदद में आगे आई है। संगठन कुल प्रकरण को सुप्रीम कोर्ट ले जाएगा। क्योंकि यूपी मदरसा बोर्ड से जुड़े लाखों छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों का भविष्य संकट में है।

**मदरसों ने बढ़ाया मदद का हाथ :** बुंदेलखण्ड और झांसी के मदरसों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। जानकारों की मानें तो मदरसा इस्लामियां जामा मस्जिद सरांय झांसी, हाजी शाकिर इस्लामियां जामा मस्जिद बुंदेलखण्ड कॉलेज सहित कई अन्य मदरसों द्वारा संगठन को मदद देने की बात सामने आई है।

**बैठक में तय हुए पांच बिन्दु :** यूपी मदरसा बोर्ड को लेकर शासन द्वारा बैठकों का दौर जारी है। मंगलवार को भी एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग और निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ जे. रीभा सहित अन्य सम्मिलित हुए। जानकारों की मानें तो बैठक में पांच मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसमें छात्रों को यूपी बोर्ड में समायोजित करना, मदरसा बोर्ड के कर्मचारियों को अल्पसंख्यक निदेशालय में संबद्धीकरण किए जाना सहित अन्य विषय शामिल रहे।

**शासन हर वर्ष देती है 1100 करोड़ का मद :** उप्र में शासन द्वारा अनुदानित 560 मदरसे संचालित हैं। इनमें 1 लाख 92 हजार 317 अध्ययनरत छात्रों के लिए 9646 शिक्षक और 554 शिक्षणेत्तर कर्मचारी नियुक्त हैं। शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के शासन प्रति वर्ष 1100 करोड़ रुपये का मद जारी करता है। इसी के सहारे बोर्ड की परीक्षाओं के संचालन किये जाते रहे हैं।

### कमी शासन की, कसूरवार बना बोर्ड

संगठन के महामंत्री खुर्शीद आलम कहते हैं कि मदरसा वर्ष 1996 तक शिक्षा विभाग से संबद्ध रहा। फिर शासन द्वारा वर्ष 2004 में यूपी मदरसा बोर्ड का गठन हुआ। बताते हैं कि अगर बोर्ड की नियमावली में कोई त्रुटि रही थी तो इसको सुधारने की जिम्मेदारी शासन की थी। बोर्ड को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। वहीं संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनवार अंसारी बताते हैं कि मदरसों में एनसीईआरटी की पढ़ाई होती है। अरबी, फारसी के अलावा संस्कृत, हिंदी, गणित, विज्ञान सहित अन्य विषय भी अध्ययन में शामिल हैं। यूजीसी व्यवस्था को लागू करने का कार्य शासन द्वारा किया जाता है। इसकी कमीं को शासन पहले ही दूर कर लेता, तो बेहतर होता।

# पुनर्वास विवि के 9 विभागों में फंसी शिक्षकों की नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कई विभाग ऐसे हैं, जिनमें शिक्षकों के पद रिक्त हैं। ऐसे में पाठ्यक्रमों को संचालित किये जाने में बाधा आ रही है। कार्यवाहक कुलपति कहते हैं कि समस्या काफी समय से है। कुलपति के आने के बाद ही रिक्तियां भरी जा सकती हैं।

पुनर्वास विवि के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों को व्यवस्थित किया जा रहा है। नीति निर्धारण को लेकर डॉ. संजीव गुप्ता नोडल अफसर की नियुक्ति हुई है। शिक्षकों की कमीं पहले से थी, लेकिन नई व्यवस्था को मूर्त रूप देने के लिए इसे भरे जाना आवश्यक है। नए कुलपति के आने के बाद पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाएंगे। बताते हैं कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह को कुलपति बनाया है, लेकिन विभागीय प्रक्रिया पूर्ण न होने के कारण नियुक्ति हो नहीं सकी है।

**अप्रैल माह में प्रस्तुति, विद्या परिषद करेगा अनुमोदित :** नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों का विस्तार अप्रैल माह से होगा। फिर इसे विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। प्रो. झा बताते हैं कि विशेष व्यवस्था के अनुमोदन के बाद ये व्यवस्था दिव्यांग छात्रों के लिए कारगर साबित होगी।

### भूगोल विषय सहित अन्य में आ रहीं समस्याएं

प्रो. हिमांशु शेखर झा बताते हैं कि विवि में भूगोल विषय क्रियाशील नहीं है। क्योंकि छात्र भी इस ओर रुचि नहीं ले रहे हैं। माइक्रोबायोलॉजी, कैमिस्ट्री, स्टेटिक सहित कुल 9 विभागों में शिक्षकों की कमी है। इसके लिए निविदाएं निकाली जानी है, जो कुलपति के आने के बाद ही प्रभाव में आ सकेगी।

### रिसर्च करने वालों को एक वर्ष की छूट

प्रो. झा के मुताबिक, स्नातक कर परास्नातक कर रिसर्च वाले छात्रों को दो वर्ष के स्थान एक वर्ष पूरा करने के लिए दिया जाएगा। परास्नातक में एक वर्ष की छूट केवल रिसर्च करने वालों को ही दी गई है। ये व्यवस्था अगले सत्र से शुरू की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# विधि विवि में दीक्षांत को लेकर राज्यपाल की हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्यपाल से मिले डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति
- परीक्षा के बाद होंगे विविध आयोजन, प्रतिभाओं के प्रदर्शन के साथ होंगे व्याख्यान

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह होने को है। इसको लेकर राज्यपाल की ओर से हरी झंडी मिल गई है। कुलपति कहते हैं कि परीक्षा होने के बाद दीक्षांत आयोजित होगा। इसमें प्रतिभाओं के प्रदर्शन के साथ देश - विदेश के विशेषज्ञ व्याख्यान भी प्रस्तुत करेंगे। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

विधि विवि के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह बताते हैं कि कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल से मिलकर कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई। दीक्षांत समारोह आयोजित किये जाने को लेकर भी स्वीकृति और निर्देश मिले हैं। इसका अनुसरण करते हुए विजिटर सहित अन्य के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। दीक्षांत समारोह एलएलबी और एलएलएम की परीक्षाओं के समाप्त होने के बाद आयोजित होगा। इसमें देश विदेश के विधि विशेषज्ञों को बुलाया जा रहा है, ताकि नवाचार को बढ़ावा मिल सके। कहते हैं कि प्रतिभाओं के प्रदर्शन के साथ व्याख्यान भी आयोजित किये जाएंगे। बता दें कि नये कुलपति की नियुक्ति से पहले दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का आयोजन अटका हुआ था।

**18 को होगी लॉ एंड जस्टिस की परीक्षा :** 18 अप्रैल को एलएलएम का लॉ एण्ड जस्टिस विषय का पेपर होगा। 20 को एनवायरमेंटल लॉ या कम्पेरेटिव क्रिमिनल लॉ या इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट या इंटरनेट का पेपर होगा। 22 को सेंट्रल स्टेट रिलेशंस, क्रिमिनल जस्टिस एंड ह्यूमन राइट, इमर्जिंग इश्यूज इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट का पेपर होगा। वहीं 24 को जेंडर जस्टिस लॉ या कॉर्पोरेट क्राइम या वाइट कलर क्राइम या ह्यूमन राइट्स, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी एंड कंटेंपररी एक्सेसिबिलिटी बैरियर की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### परीक्षाओं का शेड्यूल जारी 18 से होंगी परीक्षाएं

विधि विवि द्वारा सेमेस्टर एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया गया हैं। 18 अप्रैल से एलएलबी और एलएलएम की सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित होंगी। दो पालियों में आयोजित परीक्षाएं प्रातः 10 से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी। अंतिम परीक्षा 30 अप्रैल को आयोजित होगी।

## तालीम और तरबियत ट्रस्ट की ओर से दी गई शिक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रमजान के मौके पर मेहदवी समाज की ओर से राजधानी लखनऊ के 14 केन्द्रों पर नौजवानों को धार्मिक, सामाजिक और व्यवहारिक शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। तालीम और तरबियत ट्रस्ट की ओर से चल रहे विद्वान शिया धर्मगुरुओं की इन कक्षाओं में 16वें दिन पैगम्बर-ए-इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हसन की जिन्दगी से जुड़े विभिन्न पहलुओं से परिचित करवाया गया। विद्वान वक्ताओं ने कहा कि समाज को उनके सब्र से सबक लेना चाहिए। उन्होंने अच्छा व्यवहार और माफ करने का जो अंदाज सिखाया उसे सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। हुसैनाबाद के रईस मंजिल स्थित रौजा हजरत मुस्लिम में उस्ताद जावेद और कर्बला दियानतुद्दौला में उस्ताद मोहम्मद अतहर ने हजरत इमाम हसन की शिक्षाओं पर विस्तार से रोशनी डाली।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### व्यापारियों ने इत्र व गुलाल से खेली होली

अमृत विचार, लखनऊ : होली मिलन समारोह के दौरान मंगलवार को गणेशगंज व्यापार प्रतिनिधिमंडल के व्यापारियों ने आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। सिटी प्लाजा में इत्र और गुलाल से होली खेली। संगठन के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, महामंत्री बलराम मौर्य, कोषाध्यक्ष अनूप गुप्ता, मनोज केसरवानी, सुनील गुप्ता, केएस पांडे, नरेश मोटियानी सहित सभी व्यापारियों ने होली मिलन समारोह में गुलाब के फूलों के साथ परफ्यूम गुलाल और इत्र लगाकर होली खेली।

### सर्राफा व चिकन कारोबारियों ने मिलकर मनाई होली

अमृत विचार, लखनऊ : चौक के सर्राफा बाजार की ऐतिहासिक होली में लोगों ने एक दूसरे पर जमकर रंग बरसाया। इस ऐतिहासिक होली में चौक के सर्राफा तथा चिकन व्यापारी मिलकर होली खेलते हैं। सूखे रंग में गुलाल आदि के साथ ही पानी वाले रंगों का भी प्रयोग किया गया। इस अवसर पर सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद महेश्वरी, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, पल्लू वर्मा, संजय रस्तोगी, पंकज अग्रवाल, श्याम वर्मा, दीपू खत्री, अतुल गुप्ता, सुजीत, हिमांशु, अंशु वर्मा, विनय अग्रवाल और रजत रस्तोगी की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

### होलिकोत्सव से दिया स्वच्छता का संदेश

अमृत विचार, लखनऊ : सुरभि कल्चरल ग्रुप ने स्वच्छता के संदेश के साथ होलिकोत्सव का आयोजन किया। होलिकोत्सव के रंग स्वच्छता के संग कार्यक्रम का आयोजन जरूरतमंद बच्चों के साथ बल्देव खेड़ा, मानक नगर में आयोजित किया गया। इस होलिकोत्सव में बच्चों को अबीर, गुलाल, स्टेशनरी, फल और मिठाई का वितरण किया गया। नन्हें मुन्नों के जीवन में मुस्कान लाने के उद्देश से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने स्वच्छता पर लघु नाटिका सफाई की जय जय का मंचन किया।

# हुड़दंग में सात की मौत, 480 पहुंचे अस्पताल

## सारा दिन घनघनाते रहे एंबुलेंस के लिए हेल्पलाइन नंबर, पिछले वर्ष की तुलना में इस बार होली में कम हुआ हुड़दंग

- सड़क हादसे और मारपीट के घायल पहुंचे इलाज कराने
- सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में काफी संख्या में मरीज पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में होली के जोश के बीच इस बार हुड़दंग पिछले साल की अपेक्षा कम रहा। पुलिस प्रशासन की सख्ती और जागरूकता से हादसों में कमी आई। पिछले साल जहां 17 लोगों की होली के हुड़दंग में मौत हुई थी। वहीं, इस बार यह संख्या सात रही। वहीं, इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की संख्या पिछले वर्ष दो हजार से अधिक दर्ज की गई थी। इस बार 1700 के करीब लोग इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुंचे। इनमें 30 से अधिक घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। 10 लोग वेंटिलेटर और 20 ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं।

इस बार सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों से मिले आंकड़ों के मुताबिक, शराब पीकर गाड़ी चलाने से सड़क हादसे और मारपीट में घायल हुए 480 से अधिक लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। इनमें से करीब 250 लोग भर्ती होकर इलाज करवा रहे हैं। अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। इस दौरान सात मरीजों की जान चली गई। सड़क हादसों में घायलों के अलावा रंगों से त्वचा व नेत्र रोग की शिकायत लेकर मरीज अस्पताल पहुंचे। सारा दिन एंबुलेंस के लिए हेल्पलाइन पर फोन घनघनाते रहे। वहीं, होली के मद्देनजर ओपीडी बंद होने से 1700 से अधिक मरीज इमरजेंसी में पहुंचे। जहां इनके चेकअप सहित समुचित इलाज की व्यवस्था की गई। मेडिकल से जुड़े लोगों का मानना है कि निजी अस्पतालों में भी बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए पहुंचते रहे। निजी अस्पतालों में भी लोगों का इलाज चल रहा है। अधिकतर अस्पतालों की इमरजेंसी में बड़ी संख्या में घायलों और मरीजों के आने से अफरा-तफरी भरा माहौल रहा।

### एंबुलेंस सेवा 108 ने 344 घायलों को पहुंचाया अस्पताल

होली के हुड़दंग में घायल हुए 344 मरीजों को एंबुलेंस सेवा 108 की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। इससे उनकी जान बचाई जा सकी। एंबुलेंस सेवा 108 के जनसंपर्क अधिकारी सुनील यादव ने बताया कि होली के मद्देनजर 108 एंबुलेंस सेवा ने खास इंतजाम किए थे। सेवा से जुड़ी एंबुलेंस वाहनों को सड़क दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील स्थानों, थानों के नजदीक व अन्य चिन्हित स्थानों पर खास तौर पर तैनात किया गया था। ताकि जरूरतमंदों को जल्द से जल्द एंबुलेंस उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाई जा सके।

**केजीएमयू :** ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. संदीप तिवारी के मुताबिक, होली के दिन ट्रॉमा सेंटर में 232 मरीज इलाज के लिए आए। इनमें से 98 लोग सड़क हादसे में घायल हुए थे। 50 मरीजों को भर्ती किया गया। जबकि, छह लोगों को मृत अवस्था में लाया गया। डॉ. संदीप ने बताया कि सड़क हादसे में जख्मी कई मरीजों ने शराब पी रखी थी। तेज रफ्तार व नशा हादसे का सबब बना।

**लोहिया संस्थान :** यहां 178 घायलों को लाया गया। इनमें से दस मरीजों को गंभीर हालत में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

**पीजीआई :** एसजीपीजीआई में रविवार और सोमवार को 18 घायलों को भर्ती किया गया। जिसमें दो मरीजों का ऑपरेशन हुआ।

**सिविल :** सिविल अस्पताल में 786 मरीज अस्पताल पहुंचे। इनमें से 33 मरीजों को भर्ती किया गया है।

**बलरामपुर :** बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में 324 लोग इलाज के लिए लाए गए। जिसमें 40 मरीजों को भर्ती किया गया। पुलिस कर्मी 18 मेडिकोलीगल मामले लेकर पहुंचे। 30 घायलों को मामूली चोट लगने के बाद अस्पताल पहुंचाया गया। 11 मरीजों को रेफर किया गया।

**लोकबंधु :** लोकबंधु अस्पताल में कुल 98 मरीज पहुंचे। 59 लोग सड़क हादसे में घायल हुए। एक घायल को मृत अवस्था में पहुंचाया गया। 20 घायलों को भर्ती कर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

**बीआरडी :** भाऊराव देवरस अस्पताल में 200 के करीब मरीज पहुंचे। जिसमें से 33 घायल मरीज पहुंचे थे। वहीं 32 के करीब मेडिकोलीगल के मरीज पहुंचे। छह मरीजों को केजीएमयू के लिए रेफर किया गया। इसके आलावा ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय, राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल और बीकेटी के राम सागर मिश्र अस्पताल सहित सीएचसी और पीएचसी में भी मरीज इलाज के लिए पहुंचे।

# पीआरडी जवान को डंपर ने कुचला, गई जान




- पारा, गौतमपल्ली, महिगवां, चारबाग, आशियाना, हसनगंज, गोसाईगंज क्षेत्र में हुए सड़क हादसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए हादसों में पीआरडी जवान समेत सात लोगों की मौत हो गयी। पीआरडी जवान को कुचल कर भाग रहे डंपर चालक को राहगीरों ने दबोच कर पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। घटनाओं की सूचना पर पहुंची संबंधित थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये हैं।

ठाकुरगंज निवासी शिवा कनौजिया (25) पीआरडी में सिपाही थे। उनकी ड्यूटी आउटर रिंग रोड खुशहालगंज अंडर पास के समीप डाइवर्जन प्वाइंट पर थी। रविवार सुबह शिवा बाइक से ड्यूटी जा रहा था। तिकुनिया से मोहान रोड की तरफ मुड़ते ही पीछे से आये डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक ने डंपर की रफ्तार बढ़ा दी और शिवा के सिर को कुचलते हुए भाग निकला। हेलमेट टूट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोकबंधु भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर कब्जे में लिया है। मामले में परिजन ने पुलिस पर शिवा को अस्पताल पहुंचाने में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिवा काफी देर सड़क पर पड़ा रहा। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, इसके बाद भी समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। घटना के वक्त उधर से गुजर रहे पीआरडी सिपाही ने खून से लथपथ शिवा को देखा, तब अस्पताल ले गया। परिजन का आरोप है कि पुलिस समय पर शिवा को अस्पताल ले जाती तो जान बच सकती थी। परिजन ने लोकबंधु अस्पताल में हंगामा किया।

### वाहन की टक्कर से युवक व कुली की मौत

गौतमपल्ली के मार्टिनपुरवा निवासी अंकित सिंह ने बताया कि भाई विशाल सिंह (22) सोमवार को बाइक से साथी राहुल और अभिषेक के साथ बाइक से होली खेलने निकले थे। रास्ते में तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा विशाल सिर के बल गिरा। उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे अभिषेक व राहुल घायल हो गए। विशाल के परिवार में पिता ज्ञान सिंह व मां पूनम हैं। उधर, महिंगवा के भवानीपुर निवासी रंजीत (26) सोमवार को छठे मिल स्थित बहन के घर होली खेलने बाइक से निकला था। महिंगवा में बांके नगर चौराहे के पास लोहे के बोर्ड में बाइक टकरा कर सूखी नहर में जा गिरी। उसकी मौके पर मौत हो गई। इधर, पानदरीबा निवासी राम सागर यादव (54) की रविवार को सड़क पार करते समय बाइक की चपेट में आकर मौत हो गई। बेटे राजकुमार ने बताया कि पिता चारबाग रेलवे स्टेशन पर कुली थे। ड्यूटी खत्म कर पैदल घर लौट रहे थे। चारबाग मेट्रो स्टेशन के पास रोड पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार में पत्नी सोनमती व दो बच्चे हैं।

### हादसे में बुजुर्ग, युवक और मजदूर की मौत

आशियाना सेक्टर-एम निवासी श्याम नारायण मिश्रा (62) की सड़क पार करते समय कार की टक्कर से मौत हो गयी। श्याम नारायण घर से कुछ दूरी पर होटल चलाते थे। बेटे पंकज ने बताया कि शनिवार रात पिता होटल के पास पैदल सड़क पार कर रहे थे। तभी वैन ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर, कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी का निवासी विशाल सिंह उर्फ शिवा (22) होम डिलीवरी का काम करता था। भाई सूरज सिंह ने बताया कि सोमवार रात विशाल साथी विशाल गुप्ता के संग मनकामेश्वर मंदिर बाइक से दर्शन कर लौट रहा था। रास्ते में बाइक के डिवाइडर से टकराने से दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को ट्रॉमा पहुंचाया। जहां विशाल ने दम तोड़ दिया। विशाल के परिवार में पिता ऑटो चालक त्रिभुवन सिंह, दो भाई और मां रुचि सिंह हैं। इधर, लखीमपुर खीरी निवासी बालक (60) गोसाईगंज के कबीरपुर में रहकर मजदूरी करते थे। बेटे हरिशंकर ने बताया कि 22 मार्च को पिता सब्जी खरीदने कबीरपुर मंडी गए थे। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान रविवार रात मौत हो गई। परिवार में पत्नी रमकल्ला व दो बच्चे हैं।

### नशे में धुत पहुंचे ट्रॉमा मरीजों से की अभद्रता

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में एक मरीज व तीमारदार शराब के नशे में पहुंचे थे। आरोप है कि तीमारदार अन्य मरीजों व तीमारदारों से अभद्रता कर रहा था। जिसके बाद इन्हें सुरक्षा कर्मियों की मदद से एक कमरे में बंद कर पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि, इस मामले का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें सुरक्षा कर्मियों पर अभद्रता मारपीट करने का आरोप है। जिसका केजीएमयू प्रशासन ने खंडन किया है।

ट्रॉमा प्रभारी डॉ. संदीप तिवारी का कहना है कि घटना सोमवार रात करीब 7:30 बजे की है। मरीज व तीमारदार दोनों शराब के नशे में धुत थे। वह दोनों अन्य मरीजों, तीमारदारों व डॉक्टरों से अभद्रता कर रहे थे। इसकी सूचना पुलिस को देने के साथ ही दोनों को एक कमरे में बंद कर दिया गया था। नशा उतरने के बाद मरीज को होश आया गया और वह चला गया। मारपीट का आरोप बेबुनियाद है।

### दो दिन बाद खुली ओपीडी में कम रहे मरीज

अमृत विचार, लखनऊ : होली का असर दो दिन बाद खुली अस्पतालों की ओपीडी में देखने को मिला। यहां सामान्य दिनों की अपेक्षा महज 30 फीसदी ही मरीज पहुंचे।

दरअसल रविवार को छुट्टी के बाद सोमवार की ओपीडी सामान्य दिनों की तुलना में करीब डेढ़ गुना अधिक रहती है। लेकिन इस बार सोमवार को होली होने से ओपीडी दो दिन के लिए बंद हो गई। इससे मंगलवार को अधिक मरीज आने का कयास लगाया जा रहा था। ओपीडी के डॉक्टर अलर्ट थे। लेकिन मंगलवार को मरीजों की संख्या बेहद कम रही।



राजधानीवासियों ने होली के त्योहार पर खूब मस्ती की, खुनखुन जी रोड पर रंग और गुलाल से होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

# होली पर 200 करोड़ का कारोबार

## होलिका दहन वाले दिन तक दुकानों पर दिखी काफी भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रंग, पिचकारी, कपड़े, ड्राईफ्रूट्स के साथ ही खूब बिका घरों की सजावट का सामान

अमृत विचार : होली पर राजधानी में 200 करोड़ का कारोबार हुआ। व्यापारियों के अनुसार, होलिका दहन वाले दिन रविवार को देर रात तक राजधानी के बाजारों में खासी भीड़ रही। अमीनाबाद, चौक, हजरतगंज, गोमतीनगर, आलमबाग, भूतनाथ इंदिरानगर सहित छोटे- बड़े बाजारों में लोग देर रात तक खरीदारी करते दिखाई दिए। मेहमानों को परोसे जाने वाले नमकीन और घरों की सजावट का सामान जमकर बिका। गुझिया बनाने के लिए खोवा के साथ मेवा भी खूब बिका। कारोबारियों के अनुसार, होली पर बाजार में खासी रौनक देखने को मिली।

गुझिया बनाने को कहीं खोया खरीदा जा रहा था तो कहीं त्योहार के बाद अपनों से मिलने के लिए शानदार कपड़ों की खरीदारी की गई। होली के लिए लोग 40 करोड़ रुपये के कपड़े खरीद कर ले गए, जिसमें 30 करोड़ रुपये की सिर्फ साड़ियां और चिकन के कपड़े शामिल हैं। इंदिरानगर स्थित भूतनाथ के कारोबारियों ने बताया कि साड़ियों का कारोबार खूब चल रहा है। महिलाएं 2000 से 15,000 की साड़ियां खरीद कर ले गईं।

| वस्तु | धनराशि |
|---|---|
| साड़ी व कपड़े | 55 करोड़ |
| रेडीमेड कपड़े | 40 |
| मेवा | 25 |
| खोया, पनीर, गुझिया | 37 |
| पिचकारी, रंग-गुलाल | 22 |
| कॉस्मेटिक | 12 |
| लकड़ी | 9 |
| कुल खरीदारी | 200 करोड़ |

रंग, गुलाल, पिचकारी के साथ ही कास्मेटिक और परफ्यूम की जबरदस्त बिक्री हुई। महिलाओं ने श्रृंगार के उत्पादों की जमकर खरीदार की। कारोबारियों का आकलन है कि इस होली पर 15 करोड़ रुपये से अधिक का तो कास्मेटिक बेचा। वहीं होली पर 9 करोड़ रुपये के पर्दे एवं बेड कवर की बिक्री हुई।

रेडीमेड कपड़ों की भी खूब मांग रही। अमीनाबाद की स्वदेशी मार्केट रेडीमेड के बड़े कारोबारी बताते हैं कि होली पर 37 करोड़ रुपये के रेडीमेड कपड़े बिके। होली पर ड्राई फ्रूट खूब बिका। डालीगंज, चौक, सुभाष मार्ग बाजार के कारोबारियों ने बताया कि सबसे अधिक बिक्री ड्राई फ्रूट की हुई।

कारोबारी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के अनुसार, होली पर मेवे की बिक्री खूब होती है। तकरीबन 25 करोड़ रुपये तक इसका कारोबार होने का अनुमान है। इस बार होली पर तकरीबन 9 करोड़ रुपये का खोवा बिका।

आर्य नगर खोवा मंडी के कारोबारियों ने बताया कि नाका, नेहरू क्रॉस रकाबगंज, ठाकुरगंज समेत एक दर्जन मंडियों में खोवा जबरदस्त मांग देखने को मिली।

होलिका दहन में इस होली पर 9 करोड़ रुपये की लकड़ी बिक गई। सिटी स्टेशन के कारोबारी अनुपम ने बताया कि इस होली पर लकड़ी 600 से 650 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकी।

### दुकानों पर खत्म हो गए कई ब्रांड

होली पर इस बार अंग्रेजी शराब के साथ ही बीयर की बिक्री भी जमकर हुई। अंग्रेजी शराब में गिफ्ट पैक वाल आइटम खूब बिके। 1500 रुपये से अधिक बोतल की मांग सबसे अधिक हुई। कई दुकानों पर तो शाम को शराब की बोतलें कम पड़ गईं। ऐसे में शराब व्यवसाइयों ने एक-दूसरे से मंगा कर ग्राहकों को उनका पसंदीदा ब्रांड दिया।

# गोमती की महाआरती के बाद राधा कृष्ण संग खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सनातन महासभा की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर फाल्गुन पूर्णिमा पर सनातन महासमागम और गोमती की 123वीं महाआरती व होलिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर सात मंचों से स्वामी आनंद नारायण, स्वामी हरेंद्र गिरि और देवेंद्र शुक्ल के मार्गदर्शन में हुई। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न देवताओं के रूप में महाआरती के पूर्व आयोजन में विशिष्ट छटा बिखेरी। कार्यक्रम की शुरुआत मोनिका अग्रवाल ने गणेश वंदना और पूनम बिष्ट के होली नृत्य से हुई।

महाआरती के बाद राधाकृष्ण संग फूलों की होली का आयोजन बृज की होली की तर्ज पर हुआ। महाआरती के बाद 501 दीपों से घाट जगमगा उठा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति रंगनाथ पांडेय और विष्णु शंकर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### श्याम मंदिर में फूलों व गुलाल संग मनी होली

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती तट स्थित श्याम मंदिर में 10 कुंतल फूल और 25 कुंतल गुलाल से होली खेली गई। श्याम मन्दिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जमा होने लगी थी। इस मौके पर खाटू श्याम का भव्य अलौकिक दरबार देशी-विदेशी फूलों से सजाया गया। भक्त मन्दिर पहुंचकर बाबा को फूल और गुलाल अर्पित कर रहे थे। श्याम परिवार के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि भक्तों ने श्याम बाबा के गीतों पर होली को खूब आनंद के साथ मनाया। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल खन्नु ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक संख्या में भक्तों ने मन्दिर आकर होली खेली, भक्तों के लिए ठंडाई, नमकीन और खस्ता की व्यवस्था की गई थी। उत्सव में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने श्याम बाबा के दर्शन कर श्याम भक्तों के साथ होली खेली।

## सार-संक्षेप



होलिका दहन करते चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के सदस्य।

### चौक समाचार पत्र कल्याण समिति ने किया होलिका दहन

अमृत विचार, लखनऊ : चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति की ओर से स्व. अमृतलाल नागर चौक चौराहे पर होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा और चौक के पार्षद अनुराग मिश्रा की ओर से किया गया। इस अवसर पर आचार्य राजेश शुक्ला ने पूजा अर्चना कराई। इस मौके पर ओमप्रकाश दीक्षित, ओम शुक्ला,आचार्य, संजीव झींगरन, गोपाल नाथ शर्मा, अंकुर दीक्षित, संजय त्रिवेदी, अवधेश शुक्ला, डॉ. उमंग खन्ना, आनंद मिश्रा, गोविंद शर्मा और शहर के एडीसी दुर्गेश और एसीपी मौजूद रहे।



गोमतीनगर के विपुलखंड में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा युवा नेता नीरज सिंह। अमृत विचार

### होली मिलन कार्यक्रम में जमकर थिरके भाजपाई

अमृत विचार, लखनऊ : रंगोत्सव पर्व पर भाजपाइयों की ओर से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोग गीतों पर जमकर थिरके और गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को अपने आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया। पाठक ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। वहीं शाम को भाजपा नेता नीरज सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भजन गायक किशोर चतुर्वेदी ने होली गीतों से समां बांध दिया। ढोल-नगाड़े और होली के गीतों पर सभी ने जमकर नृत्य किया। उन्होंने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भी होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। नीरज के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, अवध प्रांत प्रचारक कौशल, मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, उत्तर विधायक डॉ. नीरज बोरा, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, एलएमसी मुकेश शर्मा, राम चंद्र प्रधान, पवन चौहान, अपर्णा बिष्ट, उप विजेता रजनीश गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव, भाजपा महानगर महामंत्री त्रिलोक चंद्र अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अनुराग साहू आदि मौजूद रहे।



स्टेशनरी व्यापारियों के होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

### स्टेशनरी व्यापारियों का होली मिलन समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : स्टेशनरी विक्रेता एवं निर्माता एसोसिएशन ने मंगलवार को अमीनाबाद स्थित एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। व्यापारियों ने एक दूसरे को रंग लगाने के साथ गले मिलकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, कार्यवाहक अध्यक्ष गौरव माहेश्वरी, महामंत्री विशाल गौड़, कोषाध्यक्ष अमर प्रकाश अग्रवाल, संरक्षक अशोक खन्ना, विष्णु कांत महेश्वरी, अशोक मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र भयाना, संजीव सेठी, गुलाम मोहिउद्दीन एल, विशाल भार्गव, सर्वेश अस्थाना, विकास जैन, मनोज, दीपक सचदेवा, अभिषेक मल्होत्रा और ट्रेड के समस्त व्यापारी उपस्थित थे।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किया उपकेंद्रों का दौरा

अमृत विचार, लखनऊ : होली पर सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए शहर के मुख्य अभियंताओं ने सोमवार को कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया । इस दौरान उपकेंद्र से नदारद कर्मचारियों के मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। इसके साथ ही गायब कर्मचारियों का ब्योरा मांग कर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। सिस गोमती और ट्रांसगोमती के मुख्य अभियंता रजत जुनेजा,रवि अग्रवाल,आशीष अस्थाना और सुनील कपूर ने बताया कि उन्होंने नादरगंज, कानपुर रोड, सरोजनीनगर, आलमबाग, आशियाना, बंगला बाजार, बीकेटी, जानकीपुरम, अहिबरनपुर, चिनहट, गोमतीनगर सहित कई उपकेंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें उपकेंद्र पर कर्मचारियों की मौजूदगी और ट्रांसफार्मरों में तकनीकी खामी आने के बाद उससे निपटने के लिए किये गये इंतजामों के बारे में जानकारी ली।

# होली मिलन में तय हुए वैवाहिक रिश्ते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




जायसवाल समाज के होली मिलन समारोह में उपस्थित अतिथिगण। अमृत विचार

- जायसवाल समाज के लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दीं

अमृत विचार : जायसवाल समाज लखनऊ की ओर से गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में सामाजिक एकता और सद्भाव बढ़ाने पर बल दिया गया। इस समारोह में विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय के दौरान करीब तीन दर्जन से अधिक जोड़ों का विवाह तय हुआ।

प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी जायसवाल ने बताया कि समाज की निराश्रित एवं विधवा महिलाओं को पेंशन वितरित की गई। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। साथ ही समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों जिन्होंने 2022-23 में 75 फीसदी व उससे अधिक अंक अर्जित किये, उन्हें ट्रस्ट की ओर से प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन राशि के अलावा सामाजिक संस्था सार्थक वेलफेयर सोसाइटी की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विवाह योग्य युवक-युवतियों का वैवाहिक परिचय कराया गया। जिसमें तीन दर्जन से अधिक जोड़ों का विवाह तय हुआ। जायसवाल समाज के अलावा वैश्य समाज और अन्य समाज के लोगों ने हर्ष व उल्लास के साथ गले मिलकर एक दूसरे को बधाइयां दीं। जायसवाल समाज लखनऊ के अध्यक्ष अजय जायसवाल, राजेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष सर्वेश जायसवाल, महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अखिलेश जायसवाल तथा रेखा जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# मैदा व चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों से हृदय व लिवर की बढ़ेगी समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डॉ.अनिल गंगवार

अमृत विचार : होली व रमजान में गुझिया-पापड़ आदि के साथ ही तमाम तरह के स्वादिष्ट पकवान खाने का रिवाज है। खुशियों से भरे इस त्योहार का आलम है कि लोग जायकेदार मिष्ठान और नमकीन आदि का सेवन करने में परहेज भूल रहे हैं। नतीजतन क्लीनिक्स व अस्पतालों में पेट के मरीजों की भीड़ बढ़ चुकी है।

विवेकानंद पॉलीक्लीनिक के गैस्ट्रो फिजीशियन डॉ.अनिल गंगवार का कहना है कि इस समय फूड प्वाइज्निंग (गैस्ट्रो इंट्रोटाइटिस) के मामले बढ़ रहे हैं। चिकनाई युक्त भोजन, रखा हुआ खोवा, पुरानी मिठाई, बासी भोजन, पेट व आंत में संक्रमण बढ़ाता है। जिसकी वजह से अचानक पेट दर्द, उल्टी व पतले दस्त शुरू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मैदा से बने खाद्य पदार्थो के खाने से शरीर में वसा (फैट) बढ़ रहा है, जिसकी वजह से हृदय व लिवर की समस्या बढ़ेगी।

### उल्लास के साथ मना अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : अग्रवाल सभा की ओर से होली मिलन समारोह मोतीनगर स्थित अग्रसेन शिक्षा संस्थान में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर एवं अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दो क्विंटल रंग बिरंगे फूलों से होली खेली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. जगदीश अग्रवाल, महामंत्री अनुपम मित्तल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, मनोज हवेलिया, राजेंद्र अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग और सचिन कंछल मौजूद रहे।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला रेलवे कर्मी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले रेलवे के जेई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान सुलतानपुर निवासी विनोद कुमार यादव के रूप में हुई। पीड़िता ने उसके खिलाफ नशीला पदार्थ पिला दुष्कर्म और सालों तक शोषण करने का मामला दर्ज कराया था।

### चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस ने कपड़े और इलेक्ट्रानिक्स की दुकान से चोरी करने वाले बाराबंकी जनपद निवासी सूरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने चार घटनाओं को राजफाश किया। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम को दस हजार रुपए इनाम देने के घोषणा की है।

### पूर्व विधायक के प्लॉट से सामान चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिंदौवा गांव में चोरों पूर्व विधायक अंब्रीश पुष्कर के प्लॉट से समरसेबल सहित अन्य सामान पार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि विधायक के सहयोगी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### तीमारदारों से टप्पेबाजी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू परिसर में तीमारदारों से टप्पेबाजी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान चिनहट निवासी गुरुप्रसाद के रूप में हुई। चौक पुलिस ने रविवार को आरोपी के पास से गहने समेत अन्य सामान बरामद कर जेल भेजा। आरोपी ने छह घटनाओं को अंजाम देने का जुर्म कुबूल किया।

# भाभी की हत्या कर देवर ने फंदा लगा की खुदकुशी

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि, घटना को लेकर परिजन ने चुप्पी साधी, नहीं दी लिखित शिकायत

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

**अमृत विचार :** इटौंजा थाना अंतर्गत चांदपुर में रविवार सुबह खेत में विमला (45) का शव पड़ा मिला। वहां से कुछ ही दूरी पर चचेरे देवर रमेश (40) का शव पेड़ में फंदे के सहारे लटकता मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला दबा कर हत्या की पुष्टि हुई है। जबकि देवर ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। हालांकि, इस घटना को लेकर परिजनों ने चुप्पी साध ली है।

डीसीपी नॉर्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, अहमदपुर खेड़ा गांव निवासी विमला चचेरे देवर रमेश के साथ मजदूरी करती थी। पति नरेश ने बताया कि शनिवार सुबह दोनों मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक दोनों घर नहीं लौटे। इसके परिजन दोनों की तलाश में रात भर इधर-उधर भटकते रहे। बावजूद इसके दोनों का कहीं सुराग नहीं मिल सका। मोबाइल पर संपर्क करने पर भी फोन रिसीव नहीं हुआ। रविवार सुबह ग्रामीणों ने चांदपुर गांव के तालाब के पास पेड़ से रस्सी के फंदे से रमेश का शव लटकता पाया। वहीं, 50 मीटर की दूरी पर विमला का शव खेत में लगी झाड़ियों के पास मिला। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के गले पर कसाव के निशान थे। इसके बाद ग्रामीणों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही डीसीपी नार्थ इंटौजा पुलिस बल के साथ घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे। इसके बाद फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर उन्हें लैब में भेज दिया।

### प्रेम-प्रसंग की बात आई सामने

प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय यादव ने बताया कि पुलिस ने शिनाख्त कर महिला के पति नरेश से पूछताछ की, तो उनसे चुप्पी साध ली। हालांकि, दबी जुबां में ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि विमला और रमेश के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि महिला की रस्सी से गला कस कर हत्या की गई है। जबकि फंदा लगाने से युवक की मौत हुई है। रमेश और विमला पहले से शादीशुदा थे। रमेश के दो बच्चे, जबकि विमला के तीन बच्चे हैं। डीसीपी ने बताया कि अभी दोनों के परिजनों ने कोई शिकायत या तहरीर नहीं दी है।

### युवती और सफाई कर्मी समेत चार ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में विभिन्न कारणों के चलते युवती समेत चार लोगों ने जान दे दी। पारा थाना अंतर्गत सलेमपुर पतौरा निवासी विजय किराना की दुकान करते हैं। मंगलवार दोपहर विजय और उनकी पत्नी आशा घर पहुंचे तो आंगन में कुंडे से बेटी नेहा (18) का शव लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदे से शव उतारा। उधर, मोहनलालगंज के गौरा निवासी रोहित गौतम (19) का शव सोमवार को पेड़ से फंदे पर लटका मिला। पिता परदीन ने बताया कि बेटा ब्लाक में संविदा पर सफाई कर्मी था। वह दोपहर रंग खेलकर नशे में लौटा था। इंदिरानगर सेक्टर 14 में अंकित कश्यप ने (35) ने आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर ने बताया नशे में घर लौटने पर पत्नी से सुमन से झगड़ा हुआ था। पत्नी नहा कर लौटी तो कमरे में अंकित का शव लटका मिला। अंकित मूलत: सीतापुर मिश्रिख के रहने वाले थे। उधर, माल के राजगढ़ निवासी गीता (30) का शव बाग में आम के पेड़ पर दुपट्टे से सोमवार सुबह फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने शव लटका देख पति विक्रम को सूचना दी। विक्रम ने बताया कि पत्नी बिना बताए घर से निकली थी। उसने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं है।

### होली में दो गांवों के लोग भिड़े, सात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा इलाके में होली पर दो गांवों के दो गुटों में मारपीट के मामले में पुलिस ने सात को नामजद किया है। दोनों पक्ष के लोग नशे में धुत थे इसी कारण विवाद होना बताया जा रहा है। दादूपुर निवासी शिवा सिंह ने बताया लालाखेड़ा के कुछ लड़के होलिका दहन के लिए सामग्री इकट्ठा कर रहे थे। तीनों नशे में धुत थे जो बिना वजह गाली गलौज करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों समेत गांव के पुरुषों व महिलाओं ने पथराव करते हुये मारपीट शुरू कर दी। उसने किसी तरह भाग कर जान बचाई। घटना 24 मार्च रात करीब 10 बजे की है। शिवा की तहरीर पर फूलचंद, लकी व जैकी पर और दूसरे पक्ष से हरिश्चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने मानसिंह, अनुज, शक्ति सिंह और आशुतोष सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डॉक्टर समेत तीन से ठगे 60 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जालसाजों ने कर्ज दिलाने के नाम पर डॉक्टर से ठगे 5.72 लाख
- शेयर मार्केट में गंवाये 36.45 लाख, प्लॉट के नाम पर हड़पे 19 लाख

**अमृत विचार:** अलग-अलग थाना क्षेत्र में जालसाजों ने डॉक्टर समेत तीन लोगों से 60 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

विकासनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर तीन निवासी मो. मजहर से साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में मुनाफा का लालच देकर कई खातों में 36.45 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिये। नंबर स्विच ऑफ होने पर उसे ठगी का पता चला पीड़ित ने थाने में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के मारुतिपुरम निवासी डॉ. तेज सिंह मन्जुला हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर




के संचालक हैं। उन्हें निजी मेडिकल कालेज खोलने कर्ज की जरूरत थी। इसके लिये बैंक कर्मियों के संपर्क में थे। उनकी मुलाकात विवेक जायसवाल व मेराज अहमद निवासी मऊ से फोन के जरिये हुई। दोनों ने डॉक्टर को बताया कि मो. सद्दान अंसारी निवासी पास्ता लेन मुम्बई परिचित है। जो लोन दिलाने का कार्य करता है। उनकी फ्यूचर इक्जीम नाम की संस्था है। इसके बाद दोनों दिल्ली में सद्दान से डॉक्टर को मिलवाया। जहां 65 करोड़ का कर्ज दिलाने का झांसा दे 5.72 लाख रुपये डॉक्टर से ले लिये। कर्ज नहीं मिलने पर आरोपियों से संपर्क करने पर जान माल की धमकी दी। डॉक्टर ने विवेक समेत तीनों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। इसी थाना क्षेत्र धनीराम का पुरवा निवासी दायराम प्रजापति से प्लाट के नाम पर चार लोगों ने 18.98 लाख रुपये हड़प लिये। मामले में पुलिस ने रुद्र बिहार सीमैप निवासी भीमा शंकर समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# अधिशासी अभियंता व बैंक मैनेजर समेत आठ ने 1.32 करोड़ हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेसीपी अपराध के निर्देश पर गोमतीनगर थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट
- सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी की निदेशक ने दिया था प्रार्थना-पत्र

**अमृत विचार :** राजस्थान के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता यूपी के शामली की सिंडीकेट बैंक के तत्कालीन मैनेजर समेत आठ के खिलाफ धोखाधड़ी कर 1.32 करोड़ हड़पने का मामला गोमतीनगर थाने में दर्ज हुआ है। लखनऊ निवासी कंस्ट्रक्शन कंपनी की निदेशक ने जेसीपी को प्रार्थना-पत्र दिया था। उनके निर्देश पर कार्रवाई की गई।

गोमतीनगर के विराम खंड निवासी मधु चौहान अभ्युदय कंस्ट्रक्शन कंपनी की निदेशक हैं। उन्होंने जेसीपी अपराध आकाश कुलहरि को प्रार्थना पत्र दिया था। बताया था कि उनकी कंपनी देश के कई राज्यों में व्यवसाय करती है।

राजस्थान के हिण्डौन सिटी के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता के अंतर्गत 2 अगस्त 2018 को उनकी कंपनी को एलएच-8 पर गंगापुर से सिकन्दरा तक सड़क निर्माण का टेंडर मिला था। कार्य पूरा होने पर भुगतान नहीं मिला तो कोर्ट में कंपनी की तरफ से वाद दायर किया गया। इसके बाद 6 अक्टूबर 2023 को भवानी सिंह




मीना जो कि वर्तमान में अधिशासी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग टोडाभीम, जिला-करौली राजस्थान हैं, ने कम्पनी के मिलते-जुलते नाम के खाता में विभिन्न तिथियों में कुल 64,03,334 का भुगतान होना दिखाया दिया। जबकि कम्पनी ने कभी भी शामली में खाता नहीं खोला है और न ही कोई भुगतान लिया है। शामली के बैंक मैनेजर से संपर्क किया तो पता चला कि अधिशासी अभियंता के अलावा जितेन्द्र, गौरव सिंह समेत कई अन्य विभागों कुछ अफसर भी गड़बड़ी में शामिल हैं। जो फर्जी कागजात बैंक में प्रस्तुत कर फर्जी खाता खोल सरकारी धन हड़प रहे हैं।

मधु चौहान ने बाया बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार अधिशासी अभियन्ता ने सरकारी ट्रेजरी से बैंक से करीब 1 करोड़ 32 लाख 95 हजार रुपये ट्रांसफर किये हैं। जो कि सभी ने मिलकर हजम किये। जेसीपी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिये। गोमतीनगर इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया राजस्थान के अधिशासी अभियंता भवानी सिंह मीना और बैंक मैनेजर संतीप गुप्ता समेत आठ के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



बाबूगंज क्षेत्र स्थित पार्क के गेट के ठीक सामने पानी से भरा हुआ गड्ढा कभी भी बन सकता है हादसे की वजह। अमृत विचार

### प्रापर्टी डीलर के घर पर बमों से हमला करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत अहिमामऊ निवासी भूपेन्द्र सिंह प्रापर्टी डीलर हैं। उन्होंने बताया शनिवार को गोमतीनगर में बगल से निकलते समय हरिशंकर सिंह को धक्का लग गया। इससे भड़क उन्होंने साथियों संग गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध पर हरिशंकर, उमर महमूद, अरनव खान ने अन्य साथियों के उनसे हाथापाई की। लोगों के बीच बचाव करने पर धमकी देकर सभी चले गये। भूपेंद्र ने बताया रात करीब 12 बजे अनजान नंबर से कॉल आई। उधर से बोला कि तुम्हारे घर पर आ रहे हैं, भागना मत, इसे बाद कॉल डिस्कनेक्ट हो गई। सुबह करीब 4.12 मिनट पर घर के बाहर दो तेज धमाके हुये। बाहर निकल कर देखा तो बाउंड्री के बाहर से कार सवार घर पर कुछ फेंक कर भागते दिखे। उन्होंने जान से मारने की नीयत से बमों से हमला करने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया मामले में हरिशंकर, उमर महमूद, अरनव खान व कई अज्ञात पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गौतमपल्ली थाना अंतर्गत एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससें एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग जख्मी हो गए। वहीं महिंगवा के बांके नगर चौराहे सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश राय के मुताबिक, मूलरूप से कानपुर के नरवर थाना निवासी ज्ञान सिंह सपरिवार मार्टिनपुरवा में रहते हैं। सोमवार दोपहर बेटा विशाल (20) बाइक से दो दोस्तों साथ मामा रुपचन्द्र के घर से गोल्फ चौराहे की ओर जा रहा था। रास्ते में एक तेज रफ्तार कार चालक बाइक पर टक्कर मार घटनास्थल से भाग निकला। आनन-फानन पुलिस ने तीनों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पिता ज्ञान सिंह की लिखित शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज की है। वहीं, महिंगवा के बांके नगर चौराहे के पास सोमवार लोहे के बोर्ड से टकराने से रंजीत (26) की मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### गुंडा टैक्स देने से इंकार करने पर कैफेकर्मी से मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड थाना अंतर्गत कैफे में गुंडा टैक्स देने से इंकार करने पर एक युवक ने कैफे कर्मी पर हमला कर दिया। हालांकि, पुलिस ने आरोपी पर गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, विशेषखंड निवासी कैफेकर्मी आदित्य कुमार ने शहबाज अहमद और उसके छह अज्ञात साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 23 मार्च को शहबाज अहमद महिला मित्र के साथ कैफे में पहुंचा था। पीड़ित ने आरोपी से खाने के बिल का भुगतान करने को कहा। तब आरोपी ने भुगतान करने से इंकार मना कर दिया और उल्टा गुंडा टैक्स मांगने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर पीड़ित की पिटाई कर दी। बाउंसरों के हस्तक्षेप करने के बाद मामला रफादफा हो गया। बावजूद इसके आरोपी पीड़ित को धमकाने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### निजी अस्पताल के कर्मी पर जानलेवा हमला, चार पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुड़म्बा इलाके में निजी अस्पताल के कर्मी पर जानलेवा हमला करने के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मूलत: सीतापुर निवासी दीपक कुमार श्रीवास्तव कुर्सी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में कर्मी है। दो दिन पहले रात 8 बजे वह ड्यूटी पर था। आरोप है दौरान मुख्तारी बेगम अपने बेटे समीर व तीन अन्य के संग पहुंचीं और पर्चा दिखा पट्टी बांधने को कहा। दीपक ने दो मिनट रुकने को बोला तो समीर व अन्य साथियों ने गाली गलौज कर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी दे भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर समीर समेत चार पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### हाई कोर्ट की अधिवक्ता से कैब ड्राइवर ने की अश्लीलता

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर इलाके में हाई कोर्ट की अधिवक्ता से कैब ड्राइवर द्वारा अश्लीलता का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया 22 मार्च को घर से कोर्ट जाने के लिये ओला कैब बुक की थी। करीब 11.30 बजे कैब ड्राइवर नितिन मौर्य टैक्सी नंबर यूपी 32 एनएन 8356 उसे घर से बिठाकर निकला। लेखराज मार्केट से रास्ते पर वह छेड़छाड़ करता रहा। पीड़िता ने आरोपी से गाड़ी रोकने की बात कही लेकिन उसने सुना नहीं। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसने आरोपी की करतूत का वीडियो बना लिया। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया आरोपी नितिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### गाड़ी खड़ी करने के विवाद में युवक का दबाया गला

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक युवक ने पड़ोसी पर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। ओमेक्स आर-टू निवासी ऋषि सिंह ने बताया कि गत 22 मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने गाड़ी अपार्टमेंट में पार्क कर रहे थे। तभी एक कार में उनकी गाड़ी टकरा गई। इसके बाद गाड़ी मालिक केतन वर्मा उससे गाली करने लगा। हालांकि, लोगों के हस्तक्षेप करने से मामला रफादफा हो गया। आरोप है कि इसके बाद केतन ने बेतरतीब ढंग से गाड़ी पार्क कर दी। जिससे में पार्किंग स्थल में पीड़ित की गाड़ी फंस गई। इस पर पीड़ित ने केतन से गाड़ी हटाने को कहा तब आरोपी ने साथियों को बुला लिया। जिसके बाद केतन ने पीड़ित का गला दबा दिया। यह पूरी घटना पार्किंगस्थल पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### विवाद में युवक का सिर फोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर के गहरू गांव में दंबगों ने विवाद के दौरान पिटाई कर हिमांशु सिंह का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सोमवार को अपनी दादी को जा रहा था। रास्ते में गांव के ही रहने वाले सुनील रावत, राहुल रावत, परशुराम, विशाल, सुभाष, अंशु, जयप्रकाश समेत अन्य ने पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### दो दरोगा भाइयों समेत तीन पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाने में एक दरोगा ने दो दरोगा भाइयों सहित तीन के खिलाफ पांच लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज कराया है। खास बात यह है कि ठगी का शिकार दरोगा के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज है। चिनहट अवधपुरी खंड-2 निवासी दारोगा सावल प्रसाद वर्तमाल में मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में तैनात हैं। उन्होंने चिनहट थाने में दी तहरीर में बताया वर्ष 2018-19 में वो चिनहट थाने में तैनात थे। तब चिनहट की एल्डिको चौकी में दारोगा भूटान सिंह नियुक्त थे, जो वर्तमान में कानपुर के गोविंदनगर थाने में तैनात हैं। उन्होंने गोमतीनगर विस्तार में तैनात उनके सगे भाई दारोगा सहित तीन लोगों पर भवन निर्माण सामग्री के नाम पर 5 लाख रुपये हड़पने और धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित दारोगा ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### कार सवार ने पुलिसकर्मी से की हाथापाई, वर्दी फाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाने में तैनात पुलिसकर्मी राम पाल जायसवाल 23 मार्च की शाम लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर यातायात व्यवस्था देख रहे थे। एक स्थान पर जाम की स्थिति बनने पर रूट डायवर्जन किया जा रहा था। इसी दौरान सफेद रंग की कार के चालक ने ढाबा के सामने कट पर गाड़ी मोड़ने का प्रयास किया। आरक्षी ने कार चालक को रोका तो जिद करने लगा। आरोप है कि दूसरी बार रोकने पर आरोपी ने आरक्षी पर कार चढ़ाने का प्रयास किया।आरक्षी ने कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो हाथापाई कर वर्दी फाड़ धमकी देते हुये भाग निकला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार नंबर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### नशेड़ी बेटे ने सिलेंडर से मां पर किया हमला, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना के रूचिखंड में शराबी बेटे ने माता-पिता पर गैस सिलेंडर से हमला कर घायल कर दिया। उन्हें लोक बंधु पहुंचाया गया डाक्टरों ने मां को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना अंतर्गत रुचि खंड-1 निवासी राम प्रसाद ने बताया कि 24 मार्च की रात को बेटा वीरेंद्र शराब पीने को लेकर झगड़ा कर रहा था। शराब पीने के लिए मना करने पर विवाद बढ़ गया। इस पर आरोपी ने गैस सिलेंडर से पिता पर हमला किया, लेकिन वह बच गए। उसने शराब पीने के लिए मना कर रही मां पर भी सिलेंडर से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# जंगल में लकड़ी बीनने गए बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने वन कर्मियों व पुलिस की पिटाई से मौत होने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** कुकरैल जंगल में होली में जलाने के लिए लकड़ी बीनने गये वृद्ध की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। एसीपी विकास जायसवाल ने बताया मामले की जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि बैजनाथ रावत (70) गुडंबा के सादामऊ का रहने वाला था। किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। भाई रमेश चंद्र रावत ने बताया कि रविवार शाम भाई बैजनाथ गांव निवासी दीपांशु के साथ कुकरैल रेंज के जंगल में होली में जलाने लकड़ी बीनने गये थे। लकड़ी उठाते समय वन विभाग के कर्मियों ने पूछताछ कर दोनों को पकड़ लिया। चोरी का आरोप लगा मारपीट की। एक वनकर्मी ने फोन कर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी दोनों को चोरी के आरोप में पीट दिया। इसके बाद बैजनाथ व दीपांशु को पुलिस गाड़ी में बैठा चौकी ले जाने लगे। रास्ते में गढ़ी चौराहे के पास दोनों भागने लगे।बैजनाथ बुजुर्ग होने से रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दीपांशु भाग कर बैजनाथ के घर पहुंचे उनके बेटे सूरज को मामला बताया। मौके पर पहुंच परिजन ट्रामा सेंटर ले गए, जहां बैजनाथ की मौत हो गई। रमेश ने मामले में जांच की मांग करते हुये वन विभाग के कर्मचारियों व पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि कर्मियों ने बुरी तरह से बैजनाथ के संग मारपीट की। इससे उनके सिर पर गहरी चोट लगने से मौत हो गई। बैजनाथ के परिवार में बेटा सूरज और पत्नी बसंती देवी हैं। पुलिस ने पंचनामा भर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया।

# खून से लथपथ मिला कैटर्स का शव

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- पिता ने दोस्तों पर बेटे की हत्या करने की जताई आंशका
- मृतक के मोबाइल की सीडीआर खंगालने में जुटी पुलिस
- ठाकुरगंज थाना अंतर्गत न्यू हैदरगंज क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत न्यू हैदरगंज में लापता चल रहे कैटर्स संजीव (27) का शव घर से कुछ ही दूरी पर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। पिता सुरेश सिंह ने कैटर्स के कुछ अज्ञात दोस्तों पर बेटे की हत्या करने की आशंका जताई है। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के मोबाइल की सीडीआर खंगालनी शुरू कर दी है।

ठाकुरगंज थानाक्षेत्र के न्यू हैदरगंज निवासी सुरेश सिंह ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटा संजीव कैटर्स का काम करता था। सोमवार सुबह करीब 11 बजे बेटे कुछ दोस्तों के साथ होली खेलने के लिए घर से निकला था। शाम 4 बजे घर आया, लेकिन आधे घंटे बाद बेटा फिर से दोस्तों से साथ बाहर चला गया। इसके बाद से बेटा घर नहीं लौटा। देर रात बेटा घर नहीं आया तब परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया। बावजूद इसके बेटे से मोबाइल पर बात नहीं हो सकी। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे घर से 50 मीटर की दूरी पर बेटे का शव पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि बेटे मुंह और नाक से खून बह रहा था और गले पर भी कसाव के निशान थे। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि पिता सुरेश सिंह ने कैटर्स के अज्ञात दोस्तों पर बेटे की हत्या कर शव को घर के पास फेंके जाने की आंशका जताई है। फिलहाल, पोस्टमार्टम पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अलावा मृतक के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट खंगालने में जुटी है।

शिकंजा — सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने की 12 लोगों की गिरफ्तारी

# टेलीग्राम ऐप पर आईपीएल पर लगा रहे थे सट्टा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दुबई से टेलीग्राम ऐप के जरिए आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले 12 सटोरियों को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के पास से 45 मोबाइल, पांच लैपटॉप समेत अन्य उपकरण भी मिले हैं। इसके अलावा पुलिस ने करीब आधा दर्जन बैंक खातों में दस लाख की रकम को फ्रीज करा दिया है। पुलिस का कहना है कि सट्टे का पूरा खेल दुबई से संचालित हो रहा था।

### दुबई से संचालित हो रहा था कारोबार

एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया कि पूछताछ में सटोरियों ने बताया कि यह पूरा खेल टेलीग्राम ऐप के जरिए दुबई से संचालित हो रहा था। सभी लोग टेलीग्राम के माध्यम से एक-दूसरे के संपर्क में थे। सट्टेबाज रुपयों के लेन-देन को लेकर ऐप पर ही क्यूआर कोड भेजते थे। फिर उन रूपयों से आईपीएल मैच पर रुपया लगाते है। रुपये लगाने वाले को ऑनलाइन प्वाइंट मिलता है, जिसको वह कभी भी कैश कर सकता है। एडीसीपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया में यह बात सामने आई कि सटोरियों को नेटवर्क लखनऊ के अलावा बंगलुरु, चंडीगढ़ और कोलकाता से भी जुड़ा है। अभी तक की गई जांच में पकड़े गए आरोपियों के अलग-अलग बैंक खातों में ठगी के 10 लाख रुपये मिले हैं। एडीसीपी ने बताया कि सभी खातों को फिलहाल फ्रीज करा दिया गया है।

**फ्लैट में दबिश देकर 12 लोगों को पकड़ा**-डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह के मुताबिक, रविवार को पुलिस को सटीक सूचना मिली कि एसबीआई एंक्लेव के एक फ्लैट में आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेला जा रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम ने फ्लैट में अचानक दबिश देकर वहां मौजूद 12 लोगों को पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने 45 मोबाइल, 5 लैपटॉप, 2 टैबलेट, 6 चेक बुक, दो पासबुक, 14 आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, 21 डेबिट और एक क्रेडिट कार्ड भी बरामद किया। बताया कि गिरफ्त में आए सटोरियों की पहचान झारखंड के धनबाद निवासी रोहन गोप, आशीष कुमार सिंह, विजय वावरी,राहुल राय, बिट्टू कुमार शाह, दीपक शर्मा, एकलव्य कुमार निषाद और विजय कुमार और बिहार के रहने वाले शुभम कुमार, जैकी कुमार, प्रभात कुमार,व छत्तीसगढ़ निवासी राहुल कुमार के रुप में हुई है।

# रंग लगाने के विवाद में तीन दोस्तों पर हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत बालगंज लाल मस्जिद के पास रंग लगाने के विवाद में दबंगों ने तीन दोस्तों पर धारदार हथियार से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद हमलावर घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद और पांच अज्ञात हमलावरों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, रामनगर कैम्पवेल रोड निवासी आदर्श लोधी सोमवार को दोस्तों के साथ रंग खेल रहा था। आरोप है कि बालागंज चौराहे के पास मन्ना उर्फ शुभम निषाद, अभी और राजा अपने पांच अज्ञात साथियों रंग लगाने को लेकर झगड़ने लगा। हालांकि, लोगों के हस्तक्षेप से मामला रफा-दफा हो गया। कुछ देर बाद पीड़ित दोस्त राजीव सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, नितेश और शुभम जयसवाल के साथ सरफराजगंज स्थित एक केमिस्ट शॉप पर जा रहा था। आरोप है कि लाल मस्जिद के पास घात दबंगों ने पीड़ित व उसके दोस्तों पर धारदार हथियार से वार कर दिया। इस हमले में राजीव का सर फट गया। सिद्धार्थ और आदर्श को भी गहरी चोट आई हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।

## एक नजर

### एडी मंडल ने अस्पतालों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार , लखनऊ :** नवनियुक्त एडी मंडल ने रविवार को कई अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान इमरजेंसी समेत गाइनी यूनिट की व्यवस्थाओं को परखा। एडी मंडल का कहना है निरीक्षण की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। एडी मंडल डॉ. जीपी गुप्ता ने रविवार को बीआरडी महानगर अस्पताल का निरीक्षण किया। इमरजेंसी में ईएमओ मौजूद मिले। एडीमंडल ने डॉक्टर व अफसरों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। वहीं ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इमरजेंसी समेत डॉक्टरों की ड्यूटी लिस्ट की जांच की। वहीं रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय, बीकेटी-इंटौजा सीएचसी का निरीक्षण हुआ। एडीमंडल ने बताया कि सभी जगह पर व्यवस्थाएं ठीक मिलीं।

### केजीएमयू में सर्वर ठप होने से मरीज हुए परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में मंगलवार को ओपीडी के समय सर्वर ठप होने से मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। मरीजों व तीमारदारों का हंगामा बढ़ता देख केजीएमयू प्रशासन ने इस बीच मैनुअल पर्चा बनवाकर राहत दिलवाई। इसके अलावा स्त्री प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) में भी सुबह करीब 11 बजे सर्वर डाउन होने से बिलिंग व ओपीडी पंजीकरण का काम प्रभावित हो गया। करीब एक घंटे तक कामकाज प्रभावित रहा। प्राइवेट रूम की बिलिंग, जांच समेत दूसरे शुल्क जमा करने में मरीजों की लंबी कतारें लग गईं। यही हाल ओपीडी पंजीकरण काउंटर का रहा।

### बालिका विद्यालय की जर्जर दीवार ढही, युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर इलाके में राजकीय बालिका विद्यालय की जर्जर दीवार ढह गई। मलबे में दबकर 25 वर्षीय संदीप की मौत हो गई, जबकि दो चोटिल हो गए। संदीप मूलत: सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा निवासी थे। यहां इंदिरानगर के होटल में नौकरी करते थे। भाई रघुनंदन ने बताया कि संदीप रविवार शाम को बाजार निकले थे। रास्ते में विद्यालय की जर्जर दीवार ढहने से मलबे के नीचे संदीप व दो अन्य दब गये। लोगों ने मलबा से निकाल पुलिस की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया।

# होली के बाद अब चौकों-छक्कों से सराबोर होगी राजधानी

## इकाना स्टेडियम में खेले जाएंगे आईपीएल के सात मैच, बीसीसीआई ने जारी किया मुकाबले का शेड्यूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** होली में रंगों की बारिश के बाद अब लखनऊ चौको-छक्को से सराबोर होगा। आईपीएल के क्रिकेट मुकाबलों का शेड्यूल जारी कर दिया गया। इस शेड्यूल के अनुसार लखनऊ सुपर जायंट्स अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में सात मैच खेलेगी। इसके पहले आईपीएल ने पहले चरण में 15 दिनों के मैच का शेडयूल जारी किया था, जिसमें लखनऊ को दो मैच की मेजबानी ही मिली थी। लेकिन अब पांच मैचों का इजाफा हो गया है। लखनऊ में पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स, चेन्नई सुबेर किंग्स, मुम्बई इण्डियन्स, राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। लखनऊ में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम नहीं खेलेगी। ऐसे में विराट कोहली के फैंस को इससे झटका लगा है। इकाना में सुपर जायंट्स पहला मुकाबला 30 मार्च को पंजाब किंग्स से खेलेगी। आखिरी मैच पांच मई को कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलेगी। लखनऊ में सभी मैच शाम को 7.30 बजे से खेले जाएंगे।

### लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने खेली होली



होली वाले दिन लखनऊ सुपर जांयट्स की टीम लखनऊ में थी। टीम ने यहां पर होली भी खेली। खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को रंग लगाया और बधाई दी। होली के बाद खिलाड़ी अब अपने घरेलू मैदान पर रनों की बारिश करने को तैयार हैं। अमृत विचार

### प्रीति जिंटा भी पहुंचेंगी लखनऊ

बॉलीबुड अभिनेत्री एवं पंजाब किंग्स टीम की मालकिन प्रीति जिंटा के भी बुधवार को लखनऊ पहुंचने संभावना है। उनके लिए सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है। उनके लिए यहां पर होटल का सबसे बड़ा कमरा बुक किया गया है। इसमें शुद्ध हवा के लिए एयर प्यूरी फायर भी लगाए गए हैं। मीटिंग हॉल के साथ स्टडी हॉल भी है। साथ में एक खूबसूरत बेडरूम, शाही जकूजी बाथ जैसी लक्जरी सुविधाएं हैं।

### इकाना स्टेडियम में होने वाले मैच

30 मार्च : लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग
07 अप्रैल : लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम गुजरात टाइटन्स
12 अप्रैल : लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
19 अप्रैल : लखनऊ जायंट्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स
27 अप्रैल : लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम राजस्थान रॉयल्स
30 अप्रैल : लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम मुम्बई इण्डियन्स
05 मई : लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स

**पंजाब की टीम आज पहुंचेगी लखनऊ**-30 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलने के लिए पंजाब किंग्स की टीम बुधवार को लखनऊ पहुंच जाएगी। सुपर जायंट्स की टीम जयपुर में राजस्थान रॉयल्स से खेलने के बाद सोमवार को ही लखनऊ पहुंच चुकी है। मंगलवार को उसने आराम किया। बुधवार को सुपर जायंट्स के अलावा पंजाब किंग्स की भी टीम इकाना में अभ्यास करेगी। इकाना स्टेडियम प्रबंधन ने मुख्य मैदान और बी-ग्राउण्ड को अभ्यास के लिए तैयार कर दिया है।

### घर में जीत के इरादे से उतरेगी एलएसजी टीम

आईपीएल के पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार से आगाज करने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स टीम 30 मार्च को अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। इस मुकाबले के लिए उसके सामने पंजाब किंग्स की टीम होगी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 20 रन की हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में केएल राहुल की बल्लेबाजी और विकेट कीपिंग करने से टीम प्रबंधन के साथ ही खिलाड़ियों को खासी राहत मिली। उनके प्रदर्शन से टीम को सकारात्मक संदेश मिला। इस आईपीएल में राहुल के लिए पहला मुकाबला काफी अहम था। उन्होंने विकेट कीपिंग करते हुए एलएसजी कप्तान ने दो कैच पकड़े और फिर बल्लेबाजी में जलवा दिखाते हुए 44 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। इस आईपीएल में पंजाब किंग्स ने 23 मार्च को पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को हरा कर अपना अभियान शुरू किया। लेकिन 25 मार्च को टीम को दूसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंसर्स बेंगलोर ने दिल्ली कैपिटल्स को हरा दिया। ऐसे में शिखर धवन एंड कंपनी लखनऊ सुपरजायंट्स के जीत के ट्रैक पर वापसी को दमदार प्रदर्शन करना चाहेगी।

# लगातार सिर दर्द और गर्दन में अकड़न होना ब्रेन टीबी के संकेत

▶▶ विश्व क्षय रोग दिवस पर केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यदि किसी को लगातार सिर दर्द, बुखार, गर्दन में अकड़न और उल्टी की शिकायत है तो इन संकेतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये लक्षण ब्रेन टीबी (ट्यूबरकुलर मेनिनजाइटिस) का संकेत हो सकते हैं। यह जानकारी केजीएमयू में न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आरके गर्ग ने रविवार को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया कि ब्रेन टीबी से अंधापन, मिर्गी, सकारात्मक क्षमता में कमी और यहां तक कि घातक परिणाम भी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि केजीएमयू में हर हफ्ते ब्रेन टीबी के लगभग 10-12 मामले देखे जाते हैं। प्रो. गर्ग ने चेतावनी दी कि शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करने से मृत्यु दर 70-80 प्रतिशत तक हो सकती है।

प्रोफेसर राजेश वर्मा ने बताया कि रोगी अक्सर अत्यधिक दर्द निवारक दवाओं का सेवन करते हैं, जिससे अनजाने में बीमारी बिगड़ जाती है, जिससे दिमाग को अपरिवर्तनीय क्षति होती है। इसका उपचार आम तौर पर एक वर्ष तक चलता है, लेकिन यदि बैक्टीरिया दवा प्रतिरोधी है तो इसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है।

**लक्षण**

लगातार सिरदर्द, बुखार, गर्दन में अकड़न, उल्टी करना, उलझन महसूस करना, अधिक गुस्सा आना, कमजोरी महसूस करना, चक्कर आना, सुस्ती लगना

**रोकथाम के उपाय**

नियमित रूप से हाथ धोना, खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढकना, टीबी संक्रमित व्यक्तियों से दूरी बनाए रखें, स्वस्थ जीवन शैली अपनाना।

**जिले में तीन साल में लक्ष्य से ज्यादा मिले मरीज**

| वर्ष | लक्ष्य | हासिल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2023 | 26320 | 28606 | 109 |
| 2022 | 23000 | 22210 | 97 |
| 2021 | 26000 | 20833 | 80 |

# गाड़ी खड़ी करने को लेकर मारपीट, तीन को भेजा जेल

▶▶ विरोधी ने दरोगा के दो साथियों पर किया चाकू से हमला, एक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पीजीआइ के शिवाग्रीन अपार्टमेंट पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर दारोगा अरविंद कुमार साथियों संग अमित बाजपेई से भिड़ गए। दोनों में लाठी-डंडे चटके। मामले में दरोगा समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पीजीआइ इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि दरोगा अरविंद कुमार, बलदेव सिंह चौहान और अमित बाजपेई शिवाग्रीन अपार्टमेंट निवासी हैं। अमित पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर रहे थे। तभी अरविंद, यश चौहान व बलदेव सिंह से अमित का विवाद हो गया। गाली गलौज बढ़ने पर अरविंद साथियों संग अमित को पीटने लगे। अमित ने विरोध कर गाड़ी की चाबी में लगे चाकू से बलदेव सिंह व यश पर हमला कर दिया। इसमें बलदेव व यश घायल हो गये। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने विवाद शांत करा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां यश की हालत गंभीर है। बलदेव और अमित को डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस ने अस्पताल के बाहर से ही दारोगा अरविंद, बलदेव व अमित को गिरफ्तार कर लिया। अरविंद वर्तमान में पुलिस लाइन लखनऊ में तैनात थे। उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थाना अंतर्गत सेक्टर-के निवासी सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी मनोज कुमार सिंह (66) ने सोमवार को फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक मनोज अपने पिता के मकान में भाई विनोद सिंह व भतीजे अनिकेत समेत अन्य के साथ रहते थे। परिजन ने बताया कि मनोज की पत्नी उन्हें करीब 40 वर्ष पहले छोड़कर चली गई थी। उनके कोई संतान नहीं थी। इससे वह डिप्रेशन में रहते थे। आशंका है तनाव में आकर उन्होंने जान दी है।

# डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुसैनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर महिला मरीज का स्वास्थ्य चेकअप करने के बहाने गलत हरकत करने वाले डॉक्टर के खिलाफ मरीज व तीमारदार लामबंद हो गए हैं। मंगलवार को कई तीमारदारों ने सीएमओ ऑफिस पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि डॉक्टर महिला मरीजों से चेकअप के बहाने गलत हरकत करता है।

हुसैनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रिटायर्ड डॉक्टर की तैनाती है। बीते दिनों एक महिला मरीज से गलत हरकत करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं डॉक्टर से प्रताड़ित दो महिलाएं ठाकुरगंज थाने डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पहुंची थीं। पुलिस ने सीएमओ पर मामला डालकर लीपापोती कर दी थी। वहीं मंगलवार को कई महिलाएं व स्टॉफ सीएमओ ऑफिस पहुंचकर सीएमओ से मिले। सभी ने डॉक्टर पर गलत हरकत किए जाने का आरोप लगाया। कमेटी ने सभी महिलाओं की शिकायत लेकर बयान भी दर्ज किए हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, मामले की जांच अभी चल रही है।

## सार-संक्षेप

### सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लम्बित भुगतान पर सेमिनार आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों द्वारा किसी भी ग्राहक को बेचे गये सामान का भुगतान यदि 45 दिन तक नहीं किया जाता है तो इस भुगतान को एमएसएमई डेवलपमेंट एक्ट- 2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत सभी 18 मंडालें में गठित फैसिलिटेशन काउंसिलों के माध्यम से दिलाया जाता है। यह फैसिलिटेशन काउंसिल एक अर्ध-न्यायिक निकाय होती है, जिसकी अध्यक्षता संबंधित मंडल के मंडलायुक्त करते है। काउंसिल में 4 अन्य सदस्य भी होते है, जिनमें इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन का एक सदस्य अनिवार्य रूप से होता है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित संयुक्त आयुक्त उद्योग, लघु उद्योग भारती तथा लीड बैक का नामित प्रतिनिधि भी शामिल होते है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश की 18 फैसिलिटेशन काउंसिलों में अध्यक्ष के अतिरिक्त 72 सदस्य है। इन 72 सदस्यों के लिए एक दिवसीय सेमीनार 27 मार्च को आईआईए भवन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इनको काउंसिल के काम-काज तथा सम्बन्धित नियमों और कानूनों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सेमीनार के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव एमएसएमईअमित मोहन प्रसाद, आईएएस और विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार आयुक्त एवं निदेशक उद्योग होंगे।

### हादसे में सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के मुरली विहार कॉलोनी निवासी रिटायर्ड शिक्षक राम उजागर शर्मा (72) सोमवार को स्कूटी से घर जा रहे थे। हज हाउस के पास गाय कानपुर रोड पर बीच सड़क में आ गई। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार आशियाना के सेक्टर-एफ कॉलोनी निवासी आदित्य गुलाटी (26) गाय को बचाने के चक्कर में स्कूटी से टक्करा गये। घटना में राम उजागर के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर मौत हो गई। जबकि घायल आदित्य को पुलिस ने लोक बंधु में भर्ती कराया।

### सिपाही के घर का ताला तोड़ चोरों ने सामान किया पार

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र के अवध इंक्लेव कालोनी विशाल सिटी रोड निवासी सिपाही मनोज कुमार पाल पुलिस आयुक्त कार्यालय लखनऊ में तैनात हैं। 25 मार्च को घर पर ताला लगा ट्रामा सेंटर में भर्ती रिश्तेदार को देखने गए थे। मंगलवार सुबह को जब लौटे तो मेन गेट व कमरे और अलमारी का ताला टूटा मिला। चोर सोने का हार, दो अंगूठी, तीन जोड़ी पायल, एक चांदी का सिक्का और 35 हजार नकदी पार कर ले गये थे। पीड़ित सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### पांच सुतली बम बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव पुलिस ने पांच सुतली बम बरामद कर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर मड़ियांव ने शिवानंद मिश्र के मुताबिक होली त्योहार पर पुलिस को सूचना मिली की मेडिसिन माल वाली गली में कुछ संदिग्ध घटना को अंजाम देने के लिये खड़े हैं। टीम ने घेराबंदी कर मौके पर पहुंची तो दो आरोपी दो सुतली बम रोड पर पटक कर भागने लगे। इसके साथ ही दो अन्य आरोपियों ने भी सुतली बम फेंके। जो नाली में जाने से विस्फोट नहीं हुआ। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को तीन बाइक के साथ दबोच लिया। जबकि दो भाग निकले। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके पास सुतली बम हैं, पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे। आरोपियों की पहचान राहुल रावत निवास डालीगंज थाना हसनगंज के रूप में हुई। उसके पास जिंदा सुतली बम बरामद हुआ। दूसरे की पहचान सत्यम राही निवासी केशव नगर और तीसरे की पहचान आदित्य सोनकर निवासी त्रिवेणी नगर के रूप में हुई। तीनों के पास से पांच जिंदा सुतली बम बरामद हुये। फरार आरोपियों की पहचान प्रत्युश श्रीवास्तव निवासी केशवनगानगर व सौरार गुप्ता के रूप में हुई। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शार्ट सर्किट से फ्लैट में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत शीश महल रोड के समीप पारस अपार्टमेंट में सोमवार रात वॉशिंग मशीन में शार्ट सर्किट से एक फ्लैट में आग लग गई। आग की लपटों के बीच एक परिवार फ्लैट में फंस गया। इसके बाद फ्लैट मालिक ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देते हुए दमकल विभाग को जानकारी दी। घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पुलिस के सहयोग से फ्लैट में फंसे परिवार को सीढ़ी की मदद से नीचे उतारा। मुख्य शमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, रात 8 बजे दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर आग लगने की सूचना मिली थी। एफएसओ चौक ने बताया कि अपार्टमेंट के दूसरे तल पर आग लगी थी। फ्लैट में काफी धुंआ भर जाने से लोगों का दम घुंटने लगा। इसके बाद दमकल कर्मी सीढ़ियों की मदद फ्लैट में पहुंचे। इसके बाद फ्लैट मालिक सैय्यद मेजबान हैदर आब्दी और उनके परिवारिक सदस्यों को बाहर निकाला। एफएसओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया में यह बात सामने आई कि वॉशिंग मशीन के शार्ट सर्किट से फ्लैट में आग लग गई है। समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।



शिया हुसैनी फंड की ओर से जरूरतमन्दों को वितरित किया जाता राशन। अमृत विचार

# शिया हुसैनी फंड ने 122 जरूरतमन्द परिवारों को वितरित किया राशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आल इंडिया शिया हुसैनी फंड की ओर से 122 जरूरतमन्द परिवारों को रमजान के मौके पर राशन किट का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद ज़की, महासचिव हसन मेहदी झब्बू, इसारुल हसन, मोहम्मद शाहिद, रईस आलम, अलीम हुसैन ने राशन वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया।

शिया हुसैनी फंड ने अपने सर्वे के अनुसार जरूरतमन्द परिवारों को आधार कार्ड के अनुसार राशन वितरित किया। यह वितरण पुराने लखनऊ के शाही खैरात खाना, मुफ्तीगंज, कश्मीरी मोहल्ला, दरगाह, वजीरगंज और गोलागंज आदि क्षेत्रों में किया गया।

# धरा रह गया 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** त्योहारों पर चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति के पावर कारपोरेशन के दावे धरे रह गये। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कहीं ट्रांसफार्मर में गड़बडी तो कहीं तारों के टूटने के कारण घंटों बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। इस बीच समस्या के निदान के लिए उपभोक्ता लगातार उपकेंद्र पर फोन मिलाते रहे। कर्मचारियों के पर्याप्त गैंगो के बाद भी क्षेत्र मे घंटों सप्लाई बाधित रही। इससे लोगो को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार महीनों से चल रहे अनुरक्षण कार्य होने के बाद भी होली पर घंटो बिजली गुल रही। इससे लोगों को पानी की समस्या से दिनभर परेशान होना पड़ा। लेसा अधिकारियों के अनुसार तकनीकी खामियों के चलते क्षेत्रों मे आपूर्ति बाधित जरूर हुई, लेकिन उन समस्याओं को तत्काल दूर कर लिया गया।

> सभी क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रयास किये गये। एक दो क्षेत्र को छोड़कर सप्लाई सामान्य रही। जिन इलाकों की सप्लाई बाधित रही वहां से रिपोर्ट मांगी गई है। उसके आधार पर जो भी दोषी पाया जायेगा,उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।
> **-सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती**

शहर के चिनहट, अलीगंज, आशियाना, बंगलाबाजार ,यहियागंज, महानगर, नादरगंज, गोमती नगर, जानकीपुरम, गुडंबा, नादरगंज सरोजनीनगर, डालीगंज, बीकेटी सहित कई इलाकों मे घंटो बिजली गुल रही। चौक के घंटाघर के आसपास के इलाके मे तो यहियागंज के खजुहा और शास्त्री नगर, रामनगर में ट्रांसफार्मर मे आई फॉल्ट के बाद घंटों आपूर्ति बाधित रही। अलीगंज के पुरनिया, चंद्रलोक, भिंडिया टोला, बड़ा चांदगंज सहित कई क्षेत्रों मे तार के टूटने, जम्फर के जलने के कारण करीब दो घंटे तक बिजली नदारद रही। इसके साथ ही चिनहट के ग्रामीण इलाको मे तकनीकी खामी के चलते घंटो बिजली बाधित रही।

राजधानी के अधिकांश क्षेत्रों का यही हाल रहा, जहां किसी ना किसी तकनीकी खराबी के चलते बिजली गुल रही। यहियागंज के शास्त्रीनगर में रहने वाले नितिन ने बताया कि पूरे शहर मे अनुरक्षण कार्य कराया गया। इसके बाद भी त्योहार के दिन भी बिजली की सप्लाई घंटो बंद रही।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

**अमृत विचार , मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज इलाके के उत्तरगांव में मंगलवार शाम दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत हो गयी और चार घायल हो गये। पुलिस ने बताया हुलासखेड़ा के शिवप्रसाद, पत्नी शिवरानी व बेटे गिरजाशंकर और पोती जानवी के साथ रिश्तेदारी में होली मिलकर घर लौट रहे थे। उत्तरगांव के पास धनुआसांड निवासी योगेन्द्र कुमार की बाइक से भिड़ंत हो गई। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां डाक्टरों ने योगेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवप्रसाद, शिवरानी समेत बेटे गिरजाशंकर व पोती जानवी को ट्रामा सेंटर भेज दिया। योगेंद्र प्राइवेट कंपनी में चालक था।

















# जब तक नहीं आते 15 लाख खाते में तब तक तुम्हें मोदी जी हम जिताते रहेंगे

## चौक चौराहे पर आयोजित हुआ अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन चक्कलस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** वरिष्ठ साहित्यकार पं. अमृत लाल नागर और पूर्व नगर विकास मंत्री लालजी टंडन द्वारा स्थापित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन चकल्लस का मं गलवार की रात में चौक चौराहे पर आयोजन किया गया। होली के अवसर पर होने वाला हास्य कवि सम्मेलन चकल्लस अब लगभग छह दशक पुराना हो गया है। सामाजिक सौहार्द एवं गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक बन चुके इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे। विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधायक मुकेश शर्मा भी इस मौके पर मौजूद रहे।

हास्य कवि सम्मेलन से पहले समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट, सराहनीय एवं उल्लेखनीय योगदान करने वाली विभूतियों को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर पं. अमृत लाल नागर व पं. काशीनाथ बाजपेयी सम्मान से सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाली विभूतियों में अतिरिक्त महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, केजीएमयू सर्जरी विभाग से प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. एके तिवारी, लायंस क्लब के गवर्नर डॉ. भारत भूषण, दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्रा, दुर्गा मंदिर के तारा व अमित दीक्षित को सामाजिक सहयोग एवं समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रकवि शम्भू शिखर, आशीष अनल व श्रद्धा शौर्य को अमृत लाल नागर व डीपी बोरा सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद श्रद्धा शौर्य ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुति की व सर्वेश अस्थाना ने कवियों का परिचय कराकर कवि सम्मेलन शुरू किया।



चौक में होली पर्व पर पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा पर रंग की बौछर करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

- मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रहे मौजूद

चकल्लस में शम्भू शिखर ने सुनाया :- तुम तोड़ो वादा और हम निभाते रहेंगे, नाराजगी भी ऐसे हम जताते रहेंगे। जब तक नहीं आते 15 लाख खाते में, तब तक तुम्हें मोदी जी हम जिताते रहेंगे।

राम बाबू सिकरवार ने कहा :- जो वतन की खातिर मिटे उनको सलाम है। जांबाज सैनिकों को कोटिशः प्रणाम। वो आतंकवादियों को उनके घर में मारकर दुनिया को बता दिया कि यह नया हिन्दुस्तान है।

श्रद्धा शौर्य ने अपनी इन पंक्तियों से माहौल को राममय कर दिया :- राम, राम, राम, राम, राम बस नाम नहीं सारे संसार का सार सियाराम है। माता, पिता, सखा, बन्धु सारे सम्बन्ध जिनसे नाम उसका सियाराम है, काया की चदरिया एक-एक-एक धागा आत्मा के सागर में ज्वार सियाराम है, पत्थर भी तारे, जीवन भी तारे, उसका नाम सियाराम है।

नरेश कात्यायन ने कहा :- इस बार राम ने जैसे ही दशकंदर को ललकारा है, तरकश से तीखे तीर लिये कंधे से धनुष उतारा है। वैसे ही विकल दशानन का आकुल विद्रोही मन डोला, वाणी में विस्फोटक भर कर वह राघव से बोला। रावण पर वाण चलाने का ऐसा उपाय नहीं करना, हे दशरथ नंदन सावधान ऐसा अन्याय नहीं करना।

राकेश बाजपेई का यह अंदाज पसंद किया गया :- अपने ही हाथ-पैर को कटाने पर तुले हैं, फिर से गुलामी की बू सुंघाने पर तुले हैं, सत्ता के लोलुप लोभी तन-मन-धन से बिक गये, भारत मां को द्रोपदी बनाने पर तुले हैं।

हास्य व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर सर्वेश अस्थाना ने कहा :- तो कहने भी दो कहा करें कहने वाले, मंजिल तो पा ही जाते हैं राहों पर चलने वाले, लाखों विष की फुफकारें हम झेल गये हंसते हंसते, हम चंदन की आस्तीन हैं पला करें पलने वाले।

### स्कूल के बच्चों को कराया शैक्षिक भ्रमण

**हरदोई :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत विकास क्षेत्र कछौना के परिषदीय विद्यालयों/उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट लखनऊ के विज्ञान आंचलिक केन्द्र के टूर पर भेजा गया। बच्चों को ले जाने वाली दोनों बसों को एआरपी दीपक जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नौनिहालों साथ में स्वंय टूर पर गए। इस अभियान के तहत जाने वाले छात्र-छात्राओं का चयन बीआरसी कछौना पर विज्ञान विषय से संबंधित क्विज परीक्षा से किया गया। छात्र/छात्राओं को नाश्ता, बैग, कॉपी, जॉमैट्री बॉक्स दिया गया। दोपहर के खाने की व्यवस्था विज्ञान आंचलिक केंद्र में ही की गई। सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत आंनद लिया व विज्ञान विषय व उससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की।

## शराबी और गुनहगार को जकात नहीं दी जा सकती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मौलाना सैफ अब्बास नकवी और अन्य उलेमाओं ने दिए रोजेदारों के जवाब

**अमृत विचार :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उजमा सैय्यद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों ने रोजा, नमाज व अन्य धार्मिक मुद्दों पर 15 रमजान को सवाल पूछे जिनके जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए।

इस शिया हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच मोबाइल नंबर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क किया जा सकता। महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 6386897124 दिया गया है।

इस हेल्पलाइन पर मंगलवार को एक रोजेदार ने पूछा कि अगर रोजेदार को अचानक जोहर की नमाज से पहले सफर करना पड़े तो उसके लिए क्या हुक्म है? वह रोज़ा रखेगा या तोड़ देगा? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि एहतियाते वाजिब की बिना पर वह रोजा पूरा करेगा और इसके बाद के रोजे रमजान के बाद कजा रखेगा।

एक दूसरा सवाल आया कि अगर कोई व्यक्ति रमज़ान के रोज़ों की कज़ा मे कई वर्षों की देरी कर दे तो क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि पहले साल की देरी पर उसे किसी फकीर को खाना खिलाना पड़ेगा। आगे के सालों के लिए कुछ वाजिब नहीं है।

एक रोजेदार ने पूछा कि क्या शराब पीने वाले या खुलेआम गुनाह करने वाले को जकात दी जा सकती है? इस सवाल के जवाब में ऐसे शख्स को जकात देने से साफ़ तौर पर मना किया गया।

### कारोबारी की कार से लाखों रुपये बरामद

**अमृत विचार, हरदोई :** चुनाव को ले कर अलर्ट फ्लाइंग स्कवाड और बिलग्राम पुलिस ने तलाशी के दौरान दिल्ली में आईटी का बिजनेस कर रहे बिजनेसमैन की कार से पांच लाख 75 हज़ार रुपये की गड्डियां बरामद की। पुलिसिया पूछताछ में बिजनेसमैन इतने रुपयों से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे सका। बरामद हुआ सारा रुपया ज़ब्त कर लिया गया। बताया गया है कि मंगलवार को एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा के निर्देश पर फ्लाइंग स्क्वाड और पुलिस टीम हैबतपुर के पास चेकिंग कर रही थी।

## चाइनीज मांझे से कटी युवक की चार उंगलियां, दी तहरीर

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** एक सप्ताह पूर्व कस्बे में चाइनीज मांझे से हो रही घटनाओं का संज्ञान लेकर सीओ अनुज मिश्रा ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने का फरमान जारी किया था, लेकिन उसके बावजूद कस्बे में मांझे की बिक्री खुलेआम की जा रही है। कस्बे के मोहल्ला वाजिद खेल से गुजर रहे युवक की उंगलियां चाइनीज मांझे से कट गई। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।

कस्बे के मोहल्ला कटरा निवासी रमापति मिश्रा उर्फ अमित पुत्र प्रमोद कुमार ने बताया वह दो बच्चों को लेकर बस स्टैंड से अपने घर जा रहा था। कस्बे के मोहल्ला वाजिदखेल के निकट चाइनीज मांझे से उसकी उंगलियां कट गई और गर्दन में भी चोट आई है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को देने पर पुलिस ने कहा कि आरोपियों के नाम लिखकर दीजिए। पीड़ित ने सीओ को घटना की सूचना दी है।

## गुरमति समागम के रूप में मना होला महल्ला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नाका हिण्डोला में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होला महल्ला

**अमृत विचार :** दशमेश पिता साहिब गुरू गोबिन्द सिंह द्वारा शुरू की गयी परम्परा के अनुसार, खालसे की चढ़दी कला एवं न्यारेपन का प्रतीक होला महल्ला गुरमति समागम के रूप में गुरु सिंह सभा ने ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया।

सुबह छह बजे सुखमनी साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जो दोपहर 1.30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह ने अपनी मधुरवाणी में होली कीनी संत सेवा। रंग लागा अति लाल देव। और लाल रंग जिस कउ लगा जिस के वडभागा, मैला कदे न होवइ न लागे दागा। शबद कीर्तन गायन कर आई साधु संगत को भाव विभोर करते हुए गुरबाणी के रंगों में भिगोया।

ज्ञानी सुखदेव सिंह ने होली की महत्ता और सत्य की विजय के सम्बन्ध गुरमत विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि आज ही के दिन सरबंस दानी गुरु गोबिन्द सिंह ने आनन्दपुर साहिब में होला महल्ला मनाने की विधि सिखाई। अकाल पुरख की बन्दगी एवं रसमयी कीर्तन से इस दिन नगर कीर्तन निकालते एवं सिंहों के दो दल बनाकर मुकाबले करवाते और शेर दिलों को पुरस्कार देते, इत्र एवं स्वच्छ गुलाल से होला महल्ला मनाते थे सांसारिक रंगों से दूर रहकर गुरबाणी के रंगों में रंग प्रभु भक्ति में लीन रहने का उपदेश देते थे।

इस अवसर पर दशमेश सेवा सोसाइटी ने खेलों का आयोजन किया, जिसे सोसाइटी संचालक मंडल के ताजेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा और कुलदीप सिंह सलूजा ने संपन्न कराया और विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

### एक नजर

#### 24 से हो रहा स्पेशल ट्रेन का संचालन

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** राजेंद्रनगर अनारक्षित होली स्पेशल ट्रेन 24 मार्च 2024 से चलाई गई। जिससे आम जनता काफी सहूलियत मिलेगी। रेल यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए उत्तर रेलवे 04036 नई दिल्ली राजेंद्रनगर अनारक्षित होली स्पेशल क्लोन संपूर्ण क्रांति ट्रेन 24 मार्च 2024 को चलाई गई है। यह नई दिल्ली से सायं 5 बजे प्रस्थान करेगी। 7 .15 बजे राजेंद्रनगर पहुंचेगी। अगले यह रास्ते में गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, मिर्ज़ापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, आरा और पटना स्टेशनों पर रुकेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

#### युवक ने नहर में लगाई छलांग, तलाश जारी

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** साथियों के साथ ससुराल जा रहे एक व्यक्ति ने अचानक नहर में छलांग लगा दी। यह देख उसके साथियों के होश उड़ गए और उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चलने पर एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई है और उसकी तलाश जारी है। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के मंझपुरवा गांव के रहने वाले लवकुश यादव (28) अपने साथी लाल जी यादव निवासी जकरिया थाना सफदरगंज और अजीत यादव निवासी औरंगाबाद थाना जहांगीराबाद के साथ सोमवार को कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्तूरी पुरवा मजरे धरसंडा गांव स्थित अपने ससुराल में होली खेलने जा रहा था। वह देवा थाना क्षेत्र के मित्तई नहर के पुल पर पहुंचा और लघु शंका के बहाने मोटरसाइकिल से उतर गया। उसके बाद उसने नहर में छलांग लगा दी। साथियों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर मित्तई चौकी प्रभारी अखिलेश प्रजापति मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर उसकी तलाश शुरू कराई लेकिन उसका पता नहीं चला।

## रामलला को लगाया कचनार के फूलों का रंग, सुनाया फगुआ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के मठ मंदिरों में दो दिन होली उत्सव मनाया गया। सोमवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में हनुमानगढ़ी मंदिर में विराजमान हनुमंत लला को अबीर-गुलाल अर्पित कर होली का आगाज हुआ। इस मौके पर फगुआ भी सुनाया गया। इसके बाद कनक भवन, मणिरामदास छावनी, राम हर्षण कुंज, जानकी महल, राम वल्लभाकुंज, लक्ष्मण किला, हनुमत निवास समेत अन्य मंदिरों में रंगों के त्योहार की धूम रही। राम मंदिर में दूसरे दिन मंगलवार को फूलों की होली हुई। रामलला को कचनार के फूलों से बना अबीर-गुलाल लगाया गया।



रामलला पर पुष्प वर्षा करते पुजारी।

## दर्शन के नाम पर वसूली की जांच करे पुलिस : चंपत राय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट संवेदनशील है। वीआईपी दर्शन के नाम पर हो रही धन उगाही से नाराज भी है। इसे लेकर ट्रस्ट ने एक बार फिर से वीडियो जारी कर श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी के भी बहकावे में न आएं। दर्शन के नाम पर किसी भी व्यक्ति को पैसा देकर समाज में बुराई पैदा ना करें। पुलिस पैसे लेकर वीआईपी दर्शन कराने वालों की जांच करेगी। ट्रस्ट का कहना है कि पुलिस और खुफिया विभाग के द्वारा कार्रवाई करने पर इस मामले को उजागर किया जा सकता है।



ट्रस्ट महासचिव चंपत राय।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक बार फिर श्रद्धालुओं से अपील का वीडियो जारी कर सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दर्शन के नाम पर किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। अगर कोई रामलला के दर्शन के नाम पर पैसा ले रहा है तो आपके साथ धोखाधड़ी कर रहा है। यहां हर दिन रामलला का दर्शन बहुत ही सहज रूप से होता है।

- ट्रस्ट महासचिव की भक्तों से अपील, बहकावे में न आएं

सामान्य दर्शन में लगभग 10 मिनट का समय लगता है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन 14 घंटे राम भक्तों को रामलला का दर्शन कराया जा रहा है, लेकिन राम भक्तों के साथ दुर्घटनाएं हुई हैं। सच्चाई का पता तभी लगेगा जब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ऐसे लोगों पर कार्रवाई करेगी। कतार में लगने से 150 मीटर की दूरी से ही रामलला का दर्शन प्राप्त होने लगता है।

#### पैसा देना है तो गरीबों को दें

चंपतराय ने कहा कि राम मंदिर में पैदल आने-जाने में मात्र एक से सवा किमी तक की दूरी को ही तय करना पड़ता है। इसके बावजूद श्रद्धालु किसी तरह का पैसा दर्शन के नाम पर देना ही चाहते हैं तो पैसा गरीबों को देकर उनके भोजन की व्यवस्था करें, लेकिन दर्शन के नाम पर पैसा देकर समाज में बुराई पैदा ना करें।

# सीतापुर में पुजारी की धारदार हथियार से हत्या

## मंदिर में मिला शव, चौरासी कोसी परिक्रमा से वापस आने पर हुई वारदात, जांच में जुटी पुलिस



वारदात के बाद परिजनों से बातचीत करते एसपी चक्रेश मिश्रा व मौजूद सीओ सिटी।



घटनास्थल पर साक्ष्यों को एकत्रित करती पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय, संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** रामकोट थाना इलाके में रामेश्वर धाम गंगासागर मंदिर पर सोमवार को पुजारी (सेवादार) की हत्या से सनसनी फैल गई। पुजारी का शव खून से लथपथ अवस्था में मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किया। शरीर पर धारदार हथियार से वारकर हत्या किये जाने के निशान मिले हैं।

कस्बा निवासी संकुल उर्फ हिमांशु मिश्रा उम्र (38) पुत्र मुलई मिश्रा कस्बे के तीर्थ पर स्थित मंदिर पर पिछले 5 सालों से पुजारी (सेवादार) का काम करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि वह पिछले एक हफ्ते से मंदिर पर दिखाई नहीं दिए। पुजारी की माता राधा रानी ने बताया कि वह 84 कोसी परिक्रमा करने के लिए गए थे। वहां से रविवार की देर रात लगभग एक बजे वापस आए थे। सोमवार सुबह जब पूजा करने के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो हिमांशु का खून से लथपथ शव देखकर हालत खराब हो गई। पुजारी के गर्दन और चेहरे पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं।

### सुलतानपुर में रंजिश के चलते युवक की हत्या

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** होली के दिन रंजिश के चलते गांव के ही आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने धारदार हथियार से युवक तथा उसके परिवार पर हमला कर दिया। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में ले लिया। घायलों को भर्ती कराया गया। लंभुआ कोतवाली के भरखरी निवासी सोहन गिरी तथा राजेंद्र गिरी के बीच काफी पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि सोमवार की रात पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही आधा दर्जन से ज्यादा लोग धारदार हथियार लेकर आ गए। सभी शराब के नशे में धुत थे और सभी लोगों ने अचानक सोहन गिरी के परिवार पर प्राण घातक हमला कर दिया।

## उमेश पाल के घर के पीछे गौशाला में फटा बम, हड़कंप

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** स्वर्गीय अधिवक्ता उमेश पाल के गौशाले में मंगलवार की देर शाम बम चलने की सूचना से हड़कंप मच गया। दिवंगत उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने घटना की जानकारी धूमनगंज पुलिस जब सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। शिकायत के बाद पुलिस ने पड़ोस के ही तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर मोहल्ले में रहने वाली जयापाल पत्नी स्वर्गीय उमेश पाल के घर पर मंगलवार की देर शाम मकान के पीछे बने गौशाले में अचानक धमाके की आवाज आने के बाद हड़कंप मच गया। घर के अंदर रहे लोग बाहर निकाल कर आए तो गौशाले से धुआं निकलता देख घबरा गये।

घटना की सूचना जया पाल ने पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस और एसीपी धूमनगंज ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस के मुताबिक वहां पर एकत्र कूड़े के ढेर में किसी ने ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया था। जिससे धुंआ उठ रहा था।

#### 24 फरवरी को हुई थी उमेश पाल की हत्या

24 फ़रवरी समय-दोपहर के 4 बजकर 55 मिनट पर राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर पर शूटरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। घटना के बाद इस मामले में कई आरोपी गिरफ्तार किये गये। कई मारे गये। वही अभी कुछ जेल में है।

## तीन जगह पर छापेमारी, 30 लाख के नकली नोट पकड़े

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूरा कलंदर पुलिस ने सोमवार शाम थाना क्षेत्र के मलिकपुर, भरतकुंड सहित तीन अलग-अलग स्थानों से नकली नोट छापने का गोरखधंधा करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब तीस लाख के नकली नोट व लाखों की अवैध चरस बरामद की है।

इनके पास से कई मोबाइल फोन कुछ उपकरण व 100 और 50 रुपए की 120 नकली नोटों की गड्डियां भी बरामद की गई हैं, जिन्हें करीब तीस लाख रुपये बताया जा रहा है। पुलिस की मानें तो गिरफ्तार किए गए अंतर्जनपदीय गिरोह के इन सदस्यों के विरुद्ध थाना पूरा कलंदर समेत अन्य थानों में भी चूरन के नकली नोटों को असली नोट का झांसा देकर कई लोगों से लाखों की ठगी कर चुके हैं।

- बड़ी मात्रा में नकदी और लाखों की चरस भी पकड़ी गई, कई राज्यों में फैला है कारोबार



हिरासत में ठगी के आरोपी।

### अतीक के करीबी पर वक्फ सम्पत्ति बेचने का आरोप

**प्रयागराज, अमृत विचार :** अतीक के करीबी मुतवल्ली पर एक और केस दर्ज किया गया है। 50 करोड़ की वक्फ संपत्ति बेचने के आरोपी मो. असियम का नाम सामने आया है। शाहगंज थाने में दर्ज एफआईआर में उसे दो बेटों जो भी नामजद किया गया है। आरोप है कि शाहगंज स्थित वक्फ की जमीन पर बनी मार्केट पर आरोपियों ने अवैध तरीके से कब्जा करने की कोशिश की थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दिया है। मामले में मुतवल्ली अम्माद हसन निवासी उमरपुर नीवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में लिखा गया है कि वह वर्तमान में वक्फ सं 66,67 व 68 के मुतवल्ली हैं। वक्फ की संपत्ति पर पूर्व मुतवल्ली मो. असियम कुछ स्थानों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। आठ मार्च को असियम, उसके दोनों बेटे मो. हासिर व समद अहमद और अनस जाफरी ने वक्फ प्रापर्टी की मार्केट पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया है।

## भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट, रिपोर्ट

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार:** भाजपा प्रत्याशी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत के विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट की गयी है। भाजपा कार्यकर्ता ने मैसेज को राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। कार्यकर्ता की ओर से तहरीर मिलने पर सतरिख पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

सतरिख थाने के सेठमऊ मजरे करोरा निवासी भाजपा कार्यकर्ता रोहित ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की फोटो लगाकर उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली गई है। राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनकी छवि धूमल करने के लिए पोस्ट की गई है। आरोप है कि इस पोस्ट को दूसरे के मोबाइल नंबर से एक पूर्व सांसद ने प्रसारित किया है। रोहित की तहरीर पर पुलिस ने संजय सिंह रावत पर केस दर्ज़ किया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया है कि मुकदमा दर्ज़ कर इस मामले की जांच की जा रही है। बताते चलें कि इससे पहले सांसद उपेंद्र सिंह रावत का टिकट घोषित होने के दूसरे ही दिन उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

## रेलवे की संरक्षा सर्वोपरि: महाप्रबधंक

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की।



शोभन चौधुरी।

- कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने दिए निर्देश

इस मौके पर महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा सर्वोपरि है, इसके लिए रेलपथों, चल स्टॉक, सिगनल एवं बिजली की ओवर हैड तारों के रख-रखाव पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने विभागों से रेल कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या पाठयक्रम आयोजित करने का परामर्श दिया ताकि उन्हें जागरूक बनाए रखा जा सके और रेल प्रणाली में मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया कि आगामी ग्रीष्मकाल के मद्देनजर सिगनल प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। महाप्रबंधक ने रेल पटरियों में आने वाली दरारों पर विशेष ध्यान देने के अलावा सिग्नलों और रेल वेल्डों की व्यापक रूप से सतत निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रेलगाड़ियों के निर्बाध परिचालन के लिए रिले और पैनल रूमों की संरक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिए । उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों ओर मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता को बनाये रखने और माल लदान व संरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतों और उपायों को ग्राहकों तक पहुँचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## चुनाव कमाल का...

2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। इस चुनाव में यदि मतदान के दौरान आपको लगता है कि आपके योग्य कोई भी उम्मीदवार नहीं है। तो नोटा का बटन दबाकर आप अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। अभी तक जितने भी लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव हुए उसमें नोटा की भागीदारी लगभग 2 से 3 फीसदी ही रही। शायद आपको मालूम न हो कि यदि मतगणना में नोटा को सबसे अधिक वोट मिलते हैं तो चुनाव रद्द भी हो सकता है। इसके बाद चुनाव आयोग दोबारा चुनाव कराएगा । जब तक देश में नोटा की व्यवस्था नहीं थी। तब तक चुनाव में अगर किसी को लगता था कि उसके मापदण्ड पर कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो वो लोग वोट नहीं डालने ही नहीं जाते थे और इस तरह से उनका वोट बेकार हो जाता था। वे लोग मतदान से वंचित रह जाते थे। ऐसे में साल 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को नोटा का विकल्प देने संबंधी अपने निर्णय से अवगत कराया था। और वर्ष 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया। प्रकार ईवीएम में एक और विकल्प नोटा शामिल हुआ।

# मुस्लिम बनाम दलित कार्ड से भाजपा का होगा बेड़ापार

## बसपा के एकला चलो से मिशन : 80 का मंत्र तलाशने में जुटी भाजपा, मुस्लिम वोटरों की एकजुटता के जवाब में दलित कार्ड पर फोकस

रणनीति

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ





माया की सपा से अदावत का फायदा उठाने में आरएसएस भी सक्रिय

**अमृत विचार** : पिछले लोकसभा चुनाव तक बसपा से टिकट का मतलब सांसद बनने की गारंटी था, मगर इसबार अकेले मैदान में उतरने से माहौल नहीं बन पा रहा है। भाजपा इसी कमजोरी को हथियार बनाकर इसबार मिशन:80 में मुस्लिम बनाम दलित कार्ड खेलने की तैयारी में है।

भाजपा के साथ आरएसएस के दलित कॉडर भी मायावती और सपा नेताओं की अदावत को गांव-गांव समझाने में जुटे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मुस्लिम वोटों के एकतरफा ध्रुवीकरण की चुनौतियां से दलित कार्ड के सहारे किलेबंदी हो रही है। भाजपा से दलितों में कोई नाराजगी भी नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा दलित चिंतकों और नेताओं से जुड़े कार्यक्रम हो या त्योहार सिद्दत से जुड़ते हैं। लोकसभा चुनाव से ही पहले दलितों को जोड़ने के लिए हर बस्ती तक पहुंच चुकी है। पार्टी ने प्रदेश में दो दिन का विशेष दलित बस्ती संपर्क अभियान भी चलाया। संत गाडगे और रविदास जयंती समारोह में दलितों की भागेदारी देखने लायक थी। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया बताते हैं कि पार्टी से दलितों का जुड़ाव इसबार मतदान में दिखेगा। विधानसभा क्षेत्रों में भीम सम्मेलन, जाटव बस्तियों में सम्मेलन, समाज के युवाओं से संवाद आदि कार्यक्रमों से भाजपा के हर बूथ पर दलित नेताओं की टीम मिली है।

उधर, लोकसभा चुनाव में बसपा का चुनाव प्रबंधन और तैयारी अन्य दलों के मुकाबले कमजोर दिख रही है, जहां पिछले चुनावों तक दावेदारों की कतारें रहती थीं, वहीं इसबार टिकटार्थी ढूंढने पड़ रहे हैं। 25 सीटों पर घोषित हुए प्रत्याशियों में कुछ नाम ऐसे हैं, जिनका चुनाव से कभी सरोकार नहीं रहा। ज्यादातर नए और अनुभवहीन भी हैं। कुछ तो सिर्फ इस बात के लिए लड़ रहे हैं कि बसपा के कॉडर वोट मिलने से उनकी पहचान बन जाएगी, तो आगे विधानसभा चुनाव में कहीं भी टिकट की दावेदारी काम आएगी।

### 14 हारी हुईं सीटों के साथ 7 जीतीं सीटों पर भी चुनौती बरकरार

भाजपा की वैसे तो 11 सीटें हैं, जहां पिछली बार लोकसभा चुनाव में हार-जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इसमें सात जीतीं हुई सीटों पर इसबार भी चुनौतियां बरकरार है। इसमें जौनपुर जिले की मछलीशहर सीट पर भाजपा के बीपी सरोज ने मात्र 181 वोट से बसपा के ई. त्रिभुवन राम को हराया था। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के साथ और कर्ता-धर्ता की हैसियत में थे। मेरठ सीट पर भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी याकूब को मात्र 4729 वोट से हराया था। भाजपा इसबार टिकट बदलने की तैयारी में है, यहां से रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोबिल और कवि कुमार विश्वास का भी नाम आ रहा है। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान ने रालोद के चौधरी अजीत सिंह को 6526 वोटों से हराया था। इसबार भाजपा के साथ आई रालोद ने दावेदारी नहीं की तो बालियान का टिकट पहली सूची में ही पक्का हो गया। कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक ने सपा की डिंपल यादव को 12353 वोटों से हराया था, इसबार सपा प्रत्याशी नहीं घोषित करके इंतजार कर रही है। चंदौली सीट पर केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र पांडेय 13959 वोट से जीते थे, जबकि सुल्तानपुर सीट पर मेनका गांधी मात्र 14526 वोट से और बलिया सीट से वीरेंद्र सिंह मस्त मात्र 15519 वोट से जीते थे। महेंद्र को छोड़ सबकी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा फंसी हुई है। इसी के साथ हारी हुई 14 सीटों पर भी भाजपा जीतने के लिए पूरा जोर लगा लगाने में जुटी है।

### उपेक्षित महसूस कर रही निषाद पार्टी

भाजपा के साथ हमेशा कदम ताल करने वाले निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद भी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तमाम सीटों पर जीत-हार में निर्णायक की भूमिका निषाद (मल्लाह बिरादरी) की रही है। नदी तटीय इलाकों में वोटरों का वर्चस्व है। फिर भी अभी तक एक भी सीट नहीं दी गई। जबकि भाजपा को कोसने वाले सुभासपा के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने घोसी सीट हासिल कर ली है। आस-पास की कुछ अन्य सीटों के लिए दबाव बना रहे हैं। लेकिन निषाद पार्टी दबाव बनाने में भी पिछड़ती दिख रही है।

## भाजपा ने बहराइच से सांसद के बेटे को बनाया प्रत्याशी

**बहराइच, अमृत विचार।** भाजपा की ओर से बहराइच लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करते हुए सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य की टीम ने शनिवार देर शाम को सूची जारी की। जिसमें उन्होंने बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने निरंतर प्रत्याशी बदले। वर्ष 2014 में भाजपा ने सावित्री बाई फुले को टिकट दिया और उन्होंने जीत दर्ज कर लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद साध्वी सावित्री बाई फुले कांग्रेस में चली गई तो वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने अक्षय वर लाल गोंड को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज की। इस बार के चुनाव में भाजपा ने सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है।



डॉ. आनंद गोंड

# अमेठी तो खास, यहां के मुद्दे हैं आम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार** : मैं अमेठी हूं, मेरे अतीत में प्रभु श्रीराम की यादें हैं, द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है, नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया, पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में पले बढ़े, जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया, कालिकन धाम, दुर्गन भवानी, समसेरियन भवानी, देवीपाटन, अहोरवा भवानी सहित कई अन्य सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों की अनमोल धरती मेरे पास है।

पहले मैं सुलतानपुर जिले की हिस्सा थी, मुझे 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि हम पर सभी की नजर टिक गई। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए, लेकिन बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इसमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।जगदीशपुर उतलेवा, कौहार, टिकरिया और त्रिशुंडी अभी चमक बिखेर रही हैं।

वीआईपी सीट अमेठी



राहुल गांधी



स्मृति ईरानी



पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिंह का कहना है कि औद्योगिक इकाइयों के विकास को लेकर ठोस प्रयास की आवश्यकता है। पुराने उद्योगों को शुरू कराया जाय, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। उद्योग स्थापना से न सिर्फ रोजगार बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।



युवा मुस्तकीम बघेल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। इससे मरीज परेशान हो रहे हैं। उन्हें रायबरेली और बीएचएल जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना ही होगा।



समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि परिवहन सेवा बहुत ही आवश्यक है। इसका विस्तार किया जाना चाहिए। गौरीगंज जिला मुख्यालय है। कम से कम बस स्टेशन होना चाहिए, जिससे आवागमन सुगम हो सके।



राज बहादुर लोधी का कहना है कि पांच साल से पुल का निर्माण अधूरा है। समय का ख्याल रखना चाहिए। पुल का निर्माण अगर हो जाता तो 15 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। निर्माण पूरा होने से सहूलियत मिल जाती।



प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सिंह का कहना है कि अमेठी जिला मुख्यालय पर उच्च शिक्षा के लिहाज से एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं है। ऐसे में युवाओं की उच्च शिक्षा में समस्या आती है।

# इस बार मित्रसेन के बड़े बेटे ने ठोंकी ताल

विरासत

## मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक रहे परिवार के सदस्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। लेकिन इसमें सेन परिवार के किसी को भी टिकट नहीं मिला। तब से सियासी हल्के में एक सवाल चर्चा में रहा। बगैर सेन परिवार के यह लोकसभा चुनाव होगा? कयास तरह-तरह के लगाए जा रहे थे। लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई कि इस लोकसभा चुनाव में भी सेन परिवार की मौजूदगी बतौर प्रत्याशी रहेगी। स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव ने चुनाव मैदान में आने कि लिए ताल ठोंक दी है। कहा कि हर स्थिति में चुनाव लड़ेंगे।

सियासत में कई परिवारों की वंशबेलि चलती रही है। परिवार भी उनमें से एक है। यह पांच बार के विधायक और तीन बार के सांसद स्व. मित्रसेन यादव का परिवार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से अपना राजनीतिक कैरियर शुरू करने वाले मित्रसेन भाकपा के साथ ही सपा और बसपा से भी जनप्रतिधि चुने गए। श्री यादव का लंबा राजनीतिक इतिहास है। 20 सदीं में वह चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे। 21 सदीं में भी एक बार विधायक और एक बार सांसद रहे। उनके छोटे पुत्र आनंद सेन यादव तीन बार विधायक और प्रदेश में मंत्री रहे। सन् 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन दोनों बार हार गए। आनंद सेन यादव का बेटा हैरिंग्टनगंज से ब्लाक प्रमुख है। इसके पहले स्व. मित्रसेन की दोनों पुत्र बधुएं प्रियंका सेन और इंदू सेन ब्लाक प्रमुख रह चुकी है।

कई दशक से शायद ही ऐसा कोई चुनाव रहा हो, जिसमें सेन परिवार का दखल न रहा हो। लोकसभा चुनाव घोषणा हुई। सेन परिवार के सर्मथकों को उम्मीद थी कि किसी न किसी को टिकट मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक हल्के में सेन परिवार को लेकर चर्चा तेज रही। समर्थक अपनी राह खोजने लगे थे। लेकिन इस बीच स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन ने फैजाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। अब समर्थकों को सहेजने और प्रचार में लग गए हैं।

### सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं अरविंद सेन

**अयोध्या।** आईपीएस अफसर रहे अरविंद सेन, स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि वह भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। टिकट की घोषणा अभी नही हुई है। टिकट में कुछ इधर-उधर होने के सवाल पर उनका कहना है कि मैं चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं।



अरविंद सेन

कहते हैं कि बाबू जी (मित्रसेन यादव) की जीवन पर्यन्त पहचान कम्युनिष्ट ही रही है। देश काल, परिस्थिति के चलते उन्होंने कोई फैसला लिया हो, यह अलग बात है। अब उनकी पहचान और परिवार की प्रतिष्ठा को कुछ लोग ठेस पहुंचा रहे हैं। उसे मिटाने की कोशिश कर रह हैं। उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान की सुरक्षा में कुछ भी करना पड़ेगा तो करेंगे। 33 साल की सेवा के बाद अपमानित होकर लौटा। (किसी मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था) तो यहां भी अपमान करने जैसी स्थिति मिली। इसके लिए संघर्ष करना है। परिणाम चाहे कुछ भी हो, उसकी सुरक्षा, संरक्षा करना है। अपने लोगों को पहचानना है। उनके सम्मान को बचाने के लिए प्रयास करेंगे। टिकट इधर-उधर होने के सवाल पर उनका दो टूक कहना था कि इसकी उम्मीद नहीं है लेकिन मैं अब चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं। छोड़ने पर तमाम तरह के आरोप लगेंगे। अब भी आरोप लग रहे। मुकदमा वापस लेने के लिए आए। लेकिन हमारी थाती को जस तरह से डैमेज किया जा रहा है। उसके लिए संघर्ष करूंगा। मुद्दों की सियासत की चर्चा करते हैं। नई पीढ़ी को सियासत का नया मार्ग दिखाना चाहते हैं।

# बहराइच लोकसभा सीट से सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को मिला टिकट, दर्ज की जीत

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार** : महिलाओं को आगे बढ़ाने की दंभ भरने वाली पार्टियां भी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट नहीं दे रहे हैं। अब तक के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 से हो रहे लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो बार ही महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। दोनों बार महिला प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराते हुए सदन में क्षेत्र की आवाज को बुलंद की। महिला सुरक्षा और भागीदारी को लेकर सभी पार्टियां अपना अपना दावा करती हैं। भाजपा की ओर से इस बार संसद में महिला सुरक्षा बिल भी पारित किया गया है। इसके बाद भी बहराइच लोकसभा सीट से महिला प्रत्याशियों की भागीदारी काफी कम मात्रा में रही। भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर से सिर्फ पुरुष प्रत्याशियों को ही तवज्जो दिया गया है। ऐसे में सभी पार्टियों की ओर से महिलाओं को बढ़ावा देने और उनकी हिस्सेदारी पर बात करने वाले लोगों पर सवाल उठ रहा है। बहराइच लोकसभा सीट में विधान सभा बहराइच, महसी, नानपारा और मटेरा विधान सभा क्षेत्र की जनता मतदान करती है। लेकिन 71 साल के लोकसभा चुनावों में अब तक सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। जिसमें भाजपा से वर्ष 2014 में साध्वी सावित्री बाई फुले और सपा ने वर्ष 2004 में रूबाब सईदा को प्रत्याशी बनाया था। दोनों ने अपनी अपनी सीट पर जीत भी दर्ज की थी। सपा से जीत दर्ज करने वाली रूबाब सईदा का इसी वर्ष निधन भी हो चुका है। बहराइच लोक सभा सीट पर 15 वर्ष पूर्व कोई भी चुनाव लड़ सकता था। लेकिन 15 वर्ष पूर्व लोक सभा सीट को 25 वर्ष के लिए आरक्षित कर दिया गया था। जिसमें अब दो चुनाव के बाद पुन: आरक्षण हटाकर सामान्य बन सकती है।



सावित्री बाई फुले



रूबाब सईदा

### परिसीमन के बाद जीते प्रत्याशी

| प्रत्याशी | पार्टी | वर्ष |
|---|---|---|
| कमल किशोर | कांग्रेस | 2009 |
| सावित्री बाई फुले | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल गोंड | भाजपा | 2019 |

- वर्ष 1952 से चल रहे चुनाव में भाजपा और सपा छोड़ किसी ने नहीं दिखाई रुचि
- सभी लोकसभा चुनाव में पुरुषों को दिया गया ज्यादा तवज्जो

# भाजपा के समक्ष होगी बाराबंकी पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी ने 53 बाराबंकी लोकसभा सीट से आखिरकार प्रत्याशी की घोषणा कर सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। पार्टी ने अनुभव को तरजीह देते हुए पूर्व विधायक और मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने अपनी पांचवीं सूची में बाराबंकी से राजरानी रावत के नाम का ऐलान किया है। बाराबंकी से मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत को टिकट मिलने के बाद उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विवाद बढ़ने पर बीजेपी आलाकमान के नकेल पर सांसद उपेंद्र रावत ने चुनाव न लड़ने का फैसला ऐलान किया था। जिसके बाद से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बीजेपी नए चेहरे की तलाश में थी। सोमवार को होली के दिन राजरानी रावत के नाम के ऐलान के साथ तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।

वहीं बीते शनिवार को सपा कांग्रेस के गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी सीट से तनुज पुनिया पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए चौथी बार चुनाव मैदान में होंगे। वरिष्ठ आईएएस रहे डॉ. पीएल पुनिया ने सेवानिवृति के बाद बाराबंकी को ही अपनी राजनीति का केंद्र और कर्मस्थली बनाया। वह यहां से लोकसभा के सांसद भी रहे। पीएल पुनिया ने जिले में कांग्रेस को मजबूत किया। इनके पुत्र तनुज रुड़की से आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद विदेश भी पढ़ने गए। पीएल पुनिया उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना रहे हैं। वह प्रियंका गांधी की यूथ टीम के सदस्य भी हैं। 2017 में तनुज पुनिया ने जैदपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपना राजनीतिक सफर शुरु किया था लेकिन पहले चुनाव में मिली हार के बाद भी तनुज पुनिया सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व 2022 फिर से ज़ैदपुर सीट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन जीत नसीब नहीं हुई। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तनुज को लोकसभा का टिकट दिया। यह चौथा मौका है जब कांग्रेस ने पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज को टिकट देकर एक बार फिर दांव लगाया गया है। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद अब देखना है जिले की जनता राजरानी रावत को सांसद बनने का ताज पहनाती है या तनुज के सिर पर हाथ रखकर जीत का आर्शीवाद देती है।

**19 लाख मतदाता करेंगे फैसला** : इन दोनों में किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा। यह तो 20 मई को होने वाले मतदान के बाद 4 जून की मतगणना के दिन मालूम होगा। 19 लाख 11 हजार 666 मतदाताओं द्वारा इन दोनों में किसे सबसे अधिक पंसद किया जाएगा यह समय बताएगा। इस बार जहां युवाओं के लिए तनुज एक अलग छाप छोड़ सकते हैं वहीं राजरानी रावत महिलाओं के वोट हासिल करने में सफलता मिल सकती है। 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष तो 9 लाख एक हजार 518 महिलाओं के साथ 67 थर्ड जेंडर मतदाता वोट करेंगे।



राजरानी रावत



तनुज पुनिया

- भाजपा से राजरानी और गठबंधन से कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया की होगी टक्कर
- बाराबंकी लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने घोषित किए प्रत्याशी

### डीडीसी से शुरू हुआ था राजरानी रावत का राजनीतिक सफर

- राजरानी जहां करीब ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय हैं।
- 1995 में निदूरा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) चुनी गईं।
- 1996 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन सपा प्रत्याशी से हार गईं।
- 2000 में निदूरा तृतीय से दोबारा जिला पंचायत सदस्य चुनीं गईं।
- 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की।
- 2007 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं और बसपा प्रत्याशी से शिकस्त मिली।
- 2014 में सपा प्रत्याशी के रूप लोकसभा चुनाव लड़ीं। भाजपा की प्रियंका सिंह रावत ने शिकस्त दी।
- अप्रैल 2019 में भाजपा में घर वापसी की।
- 2021 में निदूरा चतुर्थ से डीडीसी सदस्य चुनी गईं।
- मौजूदा समय में बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं राजरानी रावत।

# जब भाजपा ने बिना लड़े गंवा दी थी सुलतानपुर सीट

## गोंडा के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह का पर्चा हो गया था खारिज

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार** : राम लहर में सुलतानपुर सीट पर भाजपा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। चौथी बार भाजपा बिना लड़े ही सीट गंवा दी थी और वाक ओवर देते हुए सीट बसपा के खाते में डाल दी। जिसका खामियाजा भाजपा को दो और चुनाव में भुगतना पड़ा और उसे हार मिली।

1991 में अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने पहली बार रामलहर में सुलतानपुर संसदीय सीट पर जीत दर्ज भाजपा का खाता खोला। हालांकि1996 में पार्टी ने उनको मौका नहीं दिया। उनके स्थान पर विवादित ढांचा ध्वंस के समय फैजाबाद (अब अयोध्या) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) को प्रत्याशी बनाया था। डीबी राय ने 1996 और फिर 1998 में इस सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के एक वोट से गिरने के बाद 1999 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें पार्टी ने फिर अपना प्रत्याशी बदल दिया। 1999 के चुनाव में गोंडा निवासी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह सुलतानपुर से उम्मीदवार थे। नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने पर्चा दाखिल किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उसे विलंब होने के आधार पर खारिज कर दिया था। इस मुद्दे पर काफी विवाद हुआ था।

उस समय कल्याण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन पार्टी को उनसे कोई सहायता नहीं मिल सकी थी। तीन बार से जीती जा रही सीट पर पार्टी प्रत्याशी के बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो जाने के कारण भाजपा नेता कार्यकर्ता काफी निराश हुए थे। बसपा ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भाजपा की लोक सभा चुनाव में नमौजूदगी ने बसपा का काम आसान कर दिया। बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह ने इस चुनाव में जीत हासिल कर सुलतानपुर लोकसभा सीट पर यहां बसपा का खाता खोला। इसके बाद बसपा का सिलसिला चल पड़ा। बसपा ने 2004 में ताहिर खान को उम्मीदवार बनाया था। पार्टी के भरोसे पर खरे उतरते हुए ताहिर ने जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी डा वीना पांडेय जमानत नहीं बचा सकी। 2009 के चुनाव में भाजपा ने सूर्यभान सिंह को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस के डा संजय सिंह चुनाव जीत गए। हालांकि, मोदी लहर में 2014 में वरुण गांधी ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर एक बार फिर सीट भाजपा के खाते में डाल दिया। 2019 के लोक सभा चुनाव में मेनका गांधी को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया। वे भी सुलतानपुर सीट पर जीत दर्ज की।इस बार भी मेनका गांधी ही चुनाव मैदान में हैं।



सत्यदेव सिंह





### सुलतानपुर सीट पर 1999 में हुए चुनाव के आंकड़े

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| जय भद्र सिंह | बसपा | 1,73,558 |
| राम लखन वर्मा | सपा | 1,58,959 |
| पवन पांडे | निर्दलीय | 1,29,525 |
| दीपा कौल | कांग्रेस | 82,385 |



मेनका गांधी

## भाजपा व सपा का प्रत्याशी घोषित बसपा का इंतजार

**अमृत विचार, सुलतानपुर** : लंबी कवायद के बाद बहुप्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से सांसद मेनका संजय गांधी को फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी बनने पर काफी दिनों से उठा पटक चल रही थी। टिकट मिलने के बाद अब जिलेवासियों को उनके सुलतानपुर आने का इंतजार है। उनके जिले में आने की अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं जारी हुई है। समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों ही भीम निषाद को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। भीम निषाद अंबेडकरनगर के निवासी है और यहां के लिए नया चेहरा हैं। फिर भी वे जिले में अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से अभी तक प्रत्याशी चयन पर मुहर नहीं लगी है। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दमः सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संतः॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता –इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

## संपादकीय

# अशोभनीय बयानबाजी

भारतीय राजनीति में महिलाओं की सहज भागीदारी तमाम चुनौतियों के बीच अभी भी एक दुष्कर कार्य है। जेंडर संवेदनशीलता के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों का रवैया एक जैसा है। राजनीति से जुड़ी महिलाओं को अभद्र भाषा से लेकर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की अशोभनीय टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ रहीं अभिनेत्री कंगना रनौत और उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। हालांकि, सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टा अकाउंट से कंगना रनौत के लिए लिखी गई पोस्ट पर सफाई दे दी है, लेकिन ऐसा व्यवहार असहनीय और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। पोस्ट में पूछा गया कि मंडी में क्या भाव चल रहा है? विरोध के रास्तों पर हार मानकर एक ऐसी ओछी बात कह देना, जिससे औरत की अस्मिता और उसकी इज्जत पर प्रहार हो, यह राजनीति का गिरता स्तर ही बताता है।

गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनावों से पहले सपा नेता आजम खान ने भी अभिनेत्री जया प्रदा के लिए अमर्यादित टिप्पणी की थी। राजनीति ही नहीं सार्वजनिक जीवन में जितनी भी महिलाएं हैं, चाहे वो नेता हो, अभिनेत्री हों या खिलाड़ी, उनके चरित्र और व्यवहार का रिमोट लोग अपने हाथ में ही रखना चाहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल 2020 की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान 95 भारतीय महिला राजनेताओं के ट्वीट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि महिला राजनेताओं के बारे में सात में से एक ट्वीट अपमानजनक था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि खुद एक महिला होने के बावजूद कांग्रेस प्रवक्ता ने एक अन्य महिला के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी की और यह कहकर पीछे हटने की कोशिश कर रही हैं कि किसी ने उनके दूसरे खाते का इस्तेमाल किया है। इसको समाप्त करने के लिए या कम करने के लिए राजनीतिक दलों के पास कोई दूरगामी योजना नहीं है। महिलाओं के विरुद्ध अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी करने पर कार्यवाही करने का कोई नियम कायदा तक राजनीतिक दलों में नहीं है। भारतीय राजनीति किस तरह से जेंडर संवेदनशील हो सकती है? इसके लिए भी किसी राजनीतिक दलों के पास कोई आचार संहिता नहीं है। सच्चाई यही है कि राजनीति के लगातार गिरते स्तर ने हमें ऐसे विचारों का आदी बना दिया है।

# सत्ता की आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच टकराव मात्र है सुशासन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है।

नेता लोग अक्सर 'गुड गवर्नेंस' या सुशासन की बात करते थकते नहीं हैं। प्रांतों और केंद्र सरकार का हर एक शासकीय प्रमुख यह दावा करता है कि उनके राज में ही गुड गवर्नेंस आई है। यह शब्द भाव कहां से आया? क्या भारत में कभी सुशासन रहा है। सुशासन आखिर है क्या? क्या रामराज्य, जिसे हममें से किसी ने नहीं देखा और बस सुना मात्र है, हमारे लिए सुशासन की कल्पना रही है। क्या गरीबी और इनइक्वलिटी, प्रताड़ना और दुःख राम राज्य में नहीं थे? उस वक्त 'स्टेट रिसोर्सेज' थे या नहीं और अगर थे तो इन्हें कौन,कैसे कंट्रोल करता था। क्या इक्वीटेबल डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ रिसोर्सेज हुआ करता?

राम का राज्य थोड़े से क्षेत्र में था जिसकी सीमाएं भी हमें मालूम नहीं। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह सरयू क्षेत्र के होता था जिसका रकबा आजकल के एक जिले जितना ही रहा होगा। रामराज्य की समृद्धि का आकलन हम उससे नहीं लगा सकते जिस प्रकार से यह भारतीय हिंदी सिनेमा और टीवी सीरियल्स में अभिव्यक्त किया जाता रहा है। मेरे हिसाब से उस समय रेशम के बने हुए वैसे शानदार वस्त्र और आभूषण कभी नहीं थे,जैसा सागर प्रोडक्शन्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित रामायण सीरियल में अक्सर दिखाया गया। उस समय के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंसेस, पब्लिक फैसिलिटीज और गवर्नेंस के बारे में हमें कुछ नहीं मालूम, ऐसा मेरी अवधारणा है। हो सकता है श्रीराम के राजकाल के बारे में जो भी तत्कालीन साहित्यकारों ने लिखा वह सिर्फ गौरवगाथा है।

आधुनिक वक्तों में गुड गवर्नेंस के कांसेप्ट को ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट में पहली बार दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर 28 मार्च सन् 1947 को यूनाइटेड नेशन्स इकनोमिक कमीशन फॉर एशिया एंड फार-ईस्ट की स्थापना के पांच महीना बाद जब इसका नाम बदलकर 'इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पेसिफिक' किया गया उस समय डिफाइन किया गया था। इसके उद्देश्यों में कहा गया कि 'सुशासन, अन्य बातों के अलावा, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह है। यह प्रभावी और न्यायसंगत भी है और यह कानून के शासन को बढ़ावा देता है। सुशासन यह सुनिश्चित करता है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताएं समाज में व्यापक सहमति पर आधारित हों और विकास संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लेने में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों की आवाज सुनी जाए।' तब क्या सोशलिज्म को हम गुड गवर्नेंस कहेंगे? दुनिया के बड़े मुल्कों के पोलिटिकल गवर्नेंस के सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस के तौर-तरीके विकसित होते हैं और एक देश की गुड गवर्नेंस दूसरे देश के पॉलिटिकल सिस्टम के अनुसार ढाल ली जाती है। गुड गवर्नेंस के या सुशासन के सार्वभौम माने नहीं भी बदलें तो भी हर एक देश अपने सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस को डिफाइन तो करता ही है।

> भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिये से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है।

इस हिसाब से अगर देखें तो रामराज्य के वक्तों में पॉलिटिकल आइडियोलॉजी वही रही होगी जिसे राजा जनक और वशिष्ठ जैसे मुनियों ने तय किया होगा। आखिर राजगुरुओं ने ही उस समय सुशासन को तय किया होगा, लेकिन हमें प्राचीनतम भारत के पॉलिटिकल एडमिनिस्ट्रेशन या स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कुछ अधिक नहीं मालूम। कुछ लर्नेड जर्नल्स में छपे पर्चों को और किताबों में प्रकाशित जानकारी को देखा गया कि इसमें गवर्नेंस के 'दर्शन' के बारे में तो बहुत कुछ मालूम हुआ, लेकिन ऐसा कुछ नहीं दिखा जिन नुक्तों के बारे में हल्का सा जिक्र मैंने किया है। हर एक कानून और नियम का पीछे 'दर्शन' की एक दृष्टि काम करती है,लेकिन गवर्नेंस के बारे में सॉलिड प्रूफ और एविडेंस अगर नहीं है तो एडवांस्ड सिविल सोसाइटी इसे कैसे मान सकती है। इसका एविडेंस न हो तब भी हिन्दुओं के 'सेक्रेड टेक्स्ट्स' में इसकी झलक तो मिलती ही है और गुड गवर्नेंस के लिए उत्तरोत्तर प्रगतिशील समाज अपने प्राचीन दर्शन और शास्त्रों के अनुसार वर्तमान कानूनों के इसी अनुसार निर्मित और स्थापित करने के उपरांत इन्हें न्याय पूर्ण व्यवस्था के अनुसार लागू करता है जिसका अवलोकन न्यायालय की जिम्मेवारी होती है और वह भी तत्परता से। ऐसे में क्या हम राजा राव द्वारा रचित 'कन्थपुरा' उपन्यास से कुछ सूत्र ग्रहण कर सकते हैं जिसमें हम रामराज्य की झलक पा सकते हैं? इसके नैरेटिव में राव जी ने रामायण और पुराणों के अलावा मिथकों का प्रयोग किया है। ब्रिटिश राज के परिप्रेक्ष्य में राव जी ने इस उपन्यास के कथावस्तु में भारत के लोगों की संवेदनशीलता और आमजन के 'दर्शन' का ताना-बाना दक्षता से बुना है। इस मामले में उद्धरणों के तौर से हम मशहूर ब्रिटिश निबंध लेखक और चिंतक फ्रांसिस बेकन (1561-1626) को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेकन का जीवन काल करीब वही है जिस समय भारत में अकबर और जहांगीर का शासन कायम था। इन मुगल सम्राटों की पॉलिटिकल गवर्नेंस की स्थिति पूरी तरह से तुर्क और इस्लामिक नहीं थी, बल्कि इसमें भारतीय दर्शन तत्व भी शामिल थे।

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है अर्थात् क्या इनके बीच तनाव और टकराव का होना एक कुदरती जरूरत है? अगर हर एक शासक या सत्ताधारी सुशासन का दावा करता रहा है तो भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी और अन्याय से लोग दुखी क्यों रहते हैं,शिकायत बनी क्यों रहती हैं? इसकी वजहों पर बहुत विमर्श इस समय उपलब्ध है। दक्षिण भारत में राजा राव (सन् 1908-2006) बड़े माने हुए लेखक और चिंतक हुए हैं। गांधी जी द्वारा संचालित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के अनुसार एक दक्षिण भारत के एक गांव कंथपुरा की स्वशासन को पृष्ठभूमि में रखकर राव जी ने इसी नाम से उपन्यास लिखा जिसका गजब का नैरेटिव है। कंथपुरा के नैरेटिव के भीतर हम स्वशासन के जरिए सुशासन की गंध सूंघ सकते हैं,लेकिन कितने सत्ताधारियों को 'कंथपुरा' के बारे में मालूम है। साहित्य और सुशासन के ऐसे अंतरंग संपर्क दूसरी किताबों में अनुपलब्ध हैं। संस्थानों और व्यक्तियों को भ्रष्ट करने की आवश्यकता क्या सत्ताधारियों के इरादों और दर्शन की श्रेष्ठता के बीच के 'कनफ्लिक्ट' का अध्ययन मात्र है या इससे न्यायपरकता पर लांछन लगाए जा सकने की एक एक्सरसाइज माना जाता रहा है जिसके पक्ष में जाहिर है, सत्ताधारी अधिकतम संख्या में रहते हैं?

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिए से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया,लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है। चाहे ग्राम्यांचल हैं या नगरांचलों की शासन व्यवस्था। भ्रष्टाचार और अराजकता,कानून के सामने बराबरी हर समय, हर स्थिति में, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, इनका हनन होता है ऐसे समाचारों से अखबार भरे रहते हैं। क्या इस सत्ताचारी शासक वर्ग को इस बात के लिए कभी प्रेरित नहीं करता कि गुड गवर्नेंस को आघात पहुंचने की अवस्थाएं मौजूद रहीं हैं और वे दूर हो ही नहीं पा रही हैं? 'हैंडबुक ऑफ गुड गवर्नेंस', 'इंटेलीजेंट गवर्नेंस इन द ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी', 'गुड गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट' और 'गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेटिक सोसाइटीज एंड ग्लोबलायिजेशन' जैसी किताबें कुछ सोचने को तो मजबूर करती हैं,लेकिन विशाल और विविधताओं से भरपूर देश भारत में गुड गवर्नेंस के इम्प्लीमेंटेशन और संचालन एक चुनौती रहा है। देश के बड़े सत्ताधीशों की अच्छी सोच के बावजूद व्यावहारिक और सामान्य गुड गवर्नेंस लोकल स्तर पर भी हो जाए तो बहुत है। जाहिर है यह सत्ताधीशों से 'कनफ्लिक्ट' की नहीं,बल्कि उनसे त्याग की पहले मांग करता है,जो इनके लिए पॉलिटिकल गवर्नेंस की वर्तमान स्थिति के चलते हुए 'संभव' से परे की बात नजर आती है।

## प्रसंगवश

# महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

महादेवी वर्मा की जयंती पर हिंदी भाषी लोग उतने मुखर नहीं होते जितने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर। स्त्रियां भी महादेवी के स्त्री चिंतन और सामाजिक सक्रियता के उदाहरणों पर मौन रह जाती हैं। महादेवी के साहित्य का एक स्त्री के छायावादी साहित्य के रूप में अध्ययन स्त्री और छायावाद दोनों को नए अर्थ से भर देता है। उन्होंने 'शृंखला की कड़ियां' लिखी थीं,फिर भी एक स्त्री विमर्शकार के रूप में उनके अवदान को स्त्रियां भी याद नहीं करतीं।

निराला के 'झूम- झूम मृदु गरज-गरज घनघोर' के बादल और महादेवी की 'मैं नीर भरी दुख की बदली' के फर्क को देखा जा सकता है। आखिर स्त्रियां ही इतना क्यों रोती हैं,पढ़ी-लिखी स्त्रियां भी? पुरुष को क्यों ऐसा रोना नहीं आता? यह हार्मोन का मामला नहीं है,यह नियति नहीं है,बल्कि हजारों साल के आतंककारी पितृसत्तात्मक मानसिक दबाव का मामला है। हमारे समाज में धर्मांधता बढ़ी है तो पितृसत्ता भी मजबूत हुई है,भले कुछ महिलाओं को मंत्री बनाकर उदारवाद का मिथ्या प्रदर्शन किया जाए। महादेवी का अश्रु महज रोने-गाने का मामला नहीं है,वह एक नए संसार के लिए तड़प है, 'करें दृग आंसू का व्यापार, चाहिए एक नया संसार'। वर्तमान संसार असह्य है,इसलिए एक नया संसार चाहिए। वह बड़े सपनों,संघर्षों और बलिदान का जमाना था,जहां सपने हों पहरेदार,चाहिए एक नया संसार। वह सारा कुछ आजादी के लिए था,सिर्फ अंग्रेजी दासता से नहीं। हर दासता से मुक्ति के लिए,धार्मिक गुलामी से भी मुक्ति के लिए। आज इतने विस्तार से कल्पना करने की शक्ति समाज खोता जा रहा है। वह 'मैं-मैं' और 'मेरा अनुभववाद- तेरा अनुभववाद' में फंसा है। महादेवी मंदिर की आरती बेला के शंख और घड़ियाल के शोर के बीच कहती हैं,'यह मंदिर का दीप,इसे नीरव जलने दो।' जब धर्म एक शोर होता है,वहां ईश्वर छोड़कर बाकी सबकुछ होता है।

आज बाजार उछल-उछल कर स्त्री की परिभाषा तय कर रहा है। धार्मिक अंधविश्वासों की तरह बाजारवाद हावी है। महादेवी का स्त्री विमर्श धार्मिक अंधविश्वास और बाजारवाद का विरोध करता है। आजकल का स्त्री विमर्श कितना करता है?

# कारपोरेट कंपनी बने दल,हाईजैक जनतंत्र



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

> लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र का वर्तमान स्वरूप कारपोरेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं,बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया कोई नहीं बनना चाहता,बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है, क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है,जो अपने पुरुषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है।

तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहां स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं,किंतु स्वहितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक हैं। संपूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है,ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गए हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमें चार-पांच दल आपस में प्रतिद्वंद्विता रखते हुए विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नई व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुए सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है।

एलेक्टोरल बांड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कारपोरेट नाम एलेक्टोरल बांड है। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुए जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं। लोकतंत्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है,जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है? शायद नहीं।

तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है,जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है। आज खेत लोक के हैं,किंतु उसकी कीमत तंत्र तय करता है। जमीन पर कार्य कार्यकर्ता करते हैं,पर चुनावी टिकट आलाकमान तय करता है।

तंत्र से जुड़े लोगों द्वारा आपसी मिली भगत से आज देश में,जो लूट मची है,ऐसी लूटपाट करने वाले अंग्रेजों से तो हमने 1947 में मुक्ति पा ली थी,पर पिछले दो दशक में अमेरिकी तर्ज पर ढल चुके इस तंत्र में बैठे काले अंग्रेजों और अपने खुद के जयचंदों का हम क्या करें? अब इस राजनीतिक तंत्र में जो व्यक्ति तंत्र का हिस्सा बनता है वह रातों-रात करोड़पति बन जाता है। इसके बाद धन से राजनीतिक पद पा जाता है,जो लोक से जुड़ा रहता है,उसके हिस्से में सिर्फ संघर्ष आता है। उसका कार्य होता है कि आलाकमान के कुकृत्यों को जनता के बीच सुकृत्य बनाकर प्रस्तुत करे।

देश में इस समय एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन एक दशक पहले हुआ। उस व्यवस्था से निकले अरविंद केजरीवाल ने लोगों के अंदर आंदोलन के प्रति विश्वास भी समाप्त कर दिया। सामान्य जनमानस अब इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया पर आनंदित हो रहा है। सब कुछ समझते हुए भी उसके पास विकल्पहीनता है। यह विकल्पहीनता भी उसी राजनीतिक तंत्र का एक प्रारूप है।

## सोशल फोरम

# राजनेताओं की भाषा



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

> मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे।

राजनीति इतनी विकृत हो गई है कि जो बुद्धिजीवी उसके संपर्क में आते हैं उनके भीतर वही वायरस प्रवेश कर जाता है। राजनीति उस कचरे की तरह हो गई है जिससे बदबू निकलने लगी है जिनको पसंद है वे इत्मीनान से गींजते रहे,मैं भले अकेले रहूं,लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता।

राजनेताओं और प्रवक्ताओं की गंदी जुबान और घटिया भाषा कोई आश्चर्य की बात नहीं,लेकिन यह देखकर मैं हैरान हूं कि 65-70 की उम्र तक पहुंच चुके लेखक,संपादक और पत्रकार भी अब ऐसी ही भाषा बोलने लगे हैं। हैरान-परेशान जब मैं शांत होकर ऐसे लोगों की पूंछ टटोलता हूं तो कुछ-कुछ समझ में आने लगता है। उछलकूद और दुर्मुख होने के पीछे इनकी जाति और जातिगत नेताओं की चाटुकारिता की बैट्री है। अगर वह इस या उस जाति के नहीं होते तो वे दो कौड़ी के कलमघिस्सू भी मुश्किल से बन पाते। ऐसे लोग हाथ में अलकतरा लिए हर पल फेसबुक पर भी मौजूद रहते हैं और तलाशते रहते हैं ऐसे लोगों को जो अल्पसंख्यक कमजोर जाति से हो और जिनका उनकी तरह का कोई राजनीतिक जुड़ाव न हो। अगर ऐसे लोग उनसे या उनकी जाति के किसी नेता से मात्र असहमत होता हुआ दिखा तो तुरंत उसके मुंह पर अलकतरा पोत देते हैं। ऐसे लोगों को मैंने देखा है कि जहां उनको लगता है कि यहां टार्गेट किया तो अलकतरा के बदले एसिड भी आ सकता है। फिर तो वे रास्ता ही बदल लेते हैं या मिमियाने लगते हैं। लोकतंत्र के खतरे को लेकर रेंकने में ये अगली कतार में रहते हैं।

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे। आप उनका कुछ नहीं कर सकते। ऐसे परजीवी बुद्धिजीवी बहुत हो गए हैं। तमाम प्रतिकूलताओं के विरुद्ध साहस से प्रतिरोधी आवाज देने के लिए माद्दा चाहिए। ऐसा जिसके पीछे न जाति की ताकत हो और न सत्ता की।

**–फेसबुक वॉल से**

# आईए हम भी सोच बदलें अपनी



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है।

टुन्न आदमी से बतिया कर देखिए। वो बेचारा पूरी कोशिश में होता है कि उसे शराबी न मान ले आप। वो आपसे तौल-तौल कर बाते करेगा जितना तमीजदार हो सकता है,उससे दस गुना होने की पूरी कोशिश करेगा। चलेगा तो एक-एक कदम संभालकर रखेगा। पीने वाले से ज्यादा सभ्य,सतर्क और तार्किक होना मुश्किल है। शराब का जिक्र काफी होता है। आपको पीने वाले की आंखों की तेज चमक चौंधिया देगी। वो इतना खुश हो जाएगा कि उसकी खुशी संभालना आपको भारी पड़ सकती है। वो शराब के सामने किसी को गिने ऐसा होता नहीं। यदि आप भी पीने वालों में से हो,पिलाने की हैसियत रखते हों तो वह फौरन से पेश्तर आपका यार हो जाएगा। गले से लगा लेगा आपको और आपके लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाएगा।

ये फक्कड़,वीतरागी और खोए-खोए लोग हैं। बाकी किस्मों के इश्क की ही तरह ही शराब से इश्क उन्हें उदार और भलामानस बना देता है। ऐसे दसियों लोग आपको अपने आसपास,परिचितों में ही मिल जाएंगे,जो दो पैग लगाने के बाद जो भी करते हैं वो बेमिसाल होता है। छतरपुर पोस्टिंग के वक्त मेरा बच्चों के डॉक्टर से परिचय हुआ था। डॉक्टर साहब जब लगा चुके होते थे तब वो अपनी काबिलियत के चरम पर होते थे। छोटे-छोटे बच्चों लिए मां-बाप की भीड़ यही चाहती थी कि डॉक्टर साहब उनका बच्चा देखने के पहले एकाध पैग लगा चुके हो तो बेहतर है। मैं अपने निजी अनुभव से यह मानता हूं कि पीने वाले ज्यादा खुशमिजाज,व्यवहार कुशल,मिलनसार,भरोसेमंद और यारबाज होते हैं और यही गुण उसे जिंदगी की रेस जीतने में मदद करते हैं। आप न पीने वाले को देख लें। भाई इसी बात के नशे में रहेगा कि मैं नहीं पीता। नीरस जिंदगी जीता है वो। रात को आठ बजे तक अकेले-अकेले मुंह बनाते हुए अपना दाल-दलिया खा लेता है। चैनल पर न्यूज देखता है और दस बजते-बजते खर्राटों के हवाले हो जाता है। अब ऐसी जिंदगी किस काम की। इससे तो दो पैग लगाकर यारों की मंडली जुटाने वाले भले।

शराबी भगवान से डरता है और भगवान से ज्यादा बीबी-बच्चों से डरता है। बिना किसी के कहे ही माने बैठा होता है कि उसने गलती की है,ऐसे में देर रात तोहफों से लदा-फदा घर लौटता है। बंदा यारों के साथ मन हल्का करके लौटा होता है। इसलिए घर में सुख-शांति बरकत बनी रहती है। आप ठंडे दिमाग से गौर करें तो मेरी इस बात से राजी होंगे कि पीने वालों की तुलना में न पीने वाले ज्यादा तुनकमिजाज, झगड़ालू और बददिमाग होते हैं। दुनिया में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं,उनमें से अधिकतर के पीछे न पीने वाले बंदों का ही हाथ है। अब हिटलर को ही ले लें। बंदे ने शराब को हाथ नहीं लगाया,पर कभी पर आदमियों का खून पीने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। जबकि पीने वाले ऐसे लीडरों की लंबी-कतार मिलेगी आपको जो सच्चे अर्थों में जनता से प्रेम करते थे।

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है। पर भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वो हाथों-हाथ लेता है पीने वालों को। आप ने जन्नत में शराब की नदियां बहने की बात सुनी ही होगी। इन नदियों की वजह से ही उसे जन्नत कहा गया है और ये नदियां ही उसे दोजख से अलग करती हैं। ये नदियां वहां इसलिए हैं,क्योंकि ऊपर वाला भी शराब से इश्क करने वालों का ख्याल रखता है। उन्हें बतौर वीआईपी ट्रीट करता है। यदि ऐसा न होता तो जन्नत में शराब की नदियां बहाने का कोई तुक नहीं था। आइए हम भी सोच बदलें अपनी। शराब से इश्क करने वालों से तमीज से पेश आएं। इज्जत करें उनकी। इसलिए करें, क्योंकि ऊपर वाला भी यही करता है।

# आम बने खास



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रारंभ से ही नाटक करने में बेजोड़ रहे हैं। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनेता और फिर मुख्यमंत्री बनने के पश्चात वर्ती घटनाएं इसकी गवाह हैं। इन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'आम आदमी'पार्टी' रखा। हालांकि केजरीवाल सहित इसके नेताओं के तौर-तरीके कभी आम आदमी जैसे नहीं रहे। उन्होंने सब कुछ वैसा ही किया जैसा अन्य पार्टियां करती हैं। हां! मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने तथा नाटक,पाखंड करने में औरों से कुछ आगे हैं।

इनकी शुरुआती घोषणा थी कि वे जनता की सवारी से चलेंगे और सड़क पर बैठकर जन सुनवाई करेंगे,किंतु एक दिन सब मंत्री आटो-टेम्पों से चले, फोटो मीडिया में आईं और अगले ही दिन से सब चमचमाती कारों से चलने लगे। ऐसे ही सड़क से जन सुनवाई एक दिन भी पूरी नहीं कर सके थे। बीच में ही छत पर चढ़ गए थे। जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताया और उनकी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को जेल भेजने की घोषणा करता रहे। शुरू में उन्हीं से गठबंधन करके सरकार चलाई। केजरीवाल की सत्ता और शक्ति की भूख बहुत प्रबल रही है और वे इस अधूरे प्रांत के मुख्यमंत्री/सरकार की शक्तियां बढ़ाने के लिए कई बार सुप्रीमकोर्ट गए। वे मुख्यमंत्री होकर सड़क पर धरने प्रदर्शन करते रहे और छोटी-छोटी बातों के लिए आए दिन सुप्रीमकोर्ट गए,जिस पर उन्हें अदालत ने फटकारा भी।

एक समय था,जब वे आए दिन प्रेस वार्ता करके किसी न किसी नामचीन नेता को भ्रष्ट घोषित करते थे। हालांकि इन आरोपितों में कुछ ने इन पर कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी किया जिसमें इन्होंने माफी मांगी। अब वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब घोटाले में जेल भेजे गए हैं और पाखंड चालू है। इसके पहले,अब तक के इतिहास में जिन मुख्यमंत्रियों पर जेल जाने की तलवार लटकी,उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया। ये नायाब और पहले मुख्यमंत्री हैं,जो जेल जाने के बाद भी पद पर डटे हैं और सरकार चलाते रहने का दावा कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी को एक आदेश भेजा है जिसमें कहा गया है कि "दिल्ली वासियों को पानी की दिक्कत न होने पाए"। आदेश कंप्यूटर पर टाइप है।

संप्रति ये अदालत से जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए हैं और ईडी की हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें न तो कंप्यूटर दिया है,न कागज। अदालत ने भी उन्हें ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है,किंतु पाखंड चालू है कि इन्हें दिल्लीवासियों की बड़ी चिंता है। समझा जाता है कि इनकी पत्नी सुनीता इनसे मिलने गईं थीं। वे टाइप शुदा कागज,कलम ले गईं और इनके हस्ताक्षर करवा कर बाहर कागज़ ले गईं। अब यह विषय भी फरेब और जालसाजी का बनता है।

दरअसल जेल की अपनी नियमावली है। न्यायिक हिरासत में बिना अदालत की अनुमति से ये सरकार कैसे चला सकते हैं? पूछताछ के लिए रिमांड पर होने पर इन्हें विवेचना एजेंसी के अनुशासन के अधीन रहना होगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मालूम हो कि इन्होंने अठारह विभाग तक उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आवंटित किए थे और अपने पास कोई विभाग नहीं रखा। ये जिम्मेदारी से बचते रहे,लेकिन अब काम की चिंता है। ये देश के अकेले मुख्यमंत्री हैं,जो अपने पास कोई काम नहीं रखते थे। छद्म लाजवाब है!

# आजम की सलाह, रामपुर से लड़ें अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

## आजम ने जेल से लिखा दिल का हाल



- रामपुर प्रत्याशी के टिकट को लेकर अखिलेश के पाले में डाली गेंद चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां ने रामपुर सीट के लिए अखिलेश यादव को चुनाव लड़ने की सलाह दी है। मंगलवार शाम सपा कार्यालय पर हुई पत्रकार वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने आजम का जेल से जारी किया पत्र मीडियाकर्मियों को दिया। सपा शहराध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रामपुर सीट से चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है। आजम खां द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वह इस लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। रामपुर से प्रत्याशी के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष ही निर्णय लेंगे।

मंगलवार शाम को सपा कार्यालय पर आजम की तरफ से जारी पत्र में कहा गया है कि सब की निगाहें सपा के प्रत्याशी की घोषणा पर लगी हुई हैं। हम पिछले 40-50 वर्ष से चुनाव प्रक्रिया में भागीदार रहे हैं। आज हमारा पूरा परिवार जेल की कोठरियों में जिंदगी के दिन काट रहा है। हजारों बेगुनाह लोगों पर झूठे मुकदमें लगाए गए हैं और जेलों में डाला गया है। पुलिस ने रामपुर को जी भरकर लूटा और महिलाओं को अपमानित किया है। आजम खां ने कहा कि रामपुर की ऐसी परिस्थितियों से लोकसभा के चुनाव में हमने अखिलेश यादव से रामपुर सीट से चुनाव लड़ने का आग्रह किया था। हम समझते हैं कि कन्नौज, आजमगढ़, बदायूं, मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद महत्वपूर्ण सीटें हैं जिनका जीतना जरूरी है इस सबके बाद रामपुर आता है। सवाल उठाते हुए कहा कि रामपुर कौन जीतेगा। कहा कि रामपुर के समाजवादी नेताओं, कार्यकर्ताओं पर घोर अत्याचार करके कुचला गया। फर्जी मुकदमे लगाए और जेल भेजा गया और अब भी अत्याचार जारी है। पिछले दो उप चुनावों में जो हुआ उसे कौन भूल सकता है। आज जो हमारे साथ हो रहा है, पूरी दुनिया देख रही है। इन घावों की जलन कम करने के लिए हमने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रामपुर से चुनाव लड़ने को आमंत्रित किया था।

**आज हो सकता है नामांकन :** मुरादाबाद में देर शाम यह खबर फैली कि रामपुर से एसटी हसन सपा प्रत्याशी हो सकते हैं। मुरादाबाद से उनका टिकट काटकर रूचिवीरा (बिजनौर) को दिया गया है। हालांकि मंगलवार को सपा प्रत्याशी सांसद डॉ. एसटी हसन ने नामांकन कराया है। मुरादाबाद जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा है कि इस संबंध में हाईकमान से कोई पत्र नहीं मिला है। लखनऊ ब्यूरो के अनुसार रामपुर सीट से अखिलेश यादव के भतीजे और लालू यादव के दामाद तेज प्रताप यादव का नाम भी सामने आ रहा है।

## होली मिलन



**देहरादून :** राजभवन में होली मिलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों ने मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि रंगों का यह त्योहार एकता, आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उन्होंने देश एवं प्रदेश वासियों के साथ-साथ सरहदों पर तैनात सैनिकों को भी होली की बधाई दी और कहा कि यह त्योहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे।

# भाजपा नेता अजीत चौधरी ने गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- जोया मंडल के महामंत्री रहे, दो बार जिपं सदस्य का चुनाव भी लड़ा था



**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल नगर कॉलोनी में किराए पर रह रहे भाजपा नेता अजीत चौधरी ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तमंचा बरामद कर लिया है। अजीत मूल रूप से डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वासीपुर के थे। वह भाजपा में जोया मंडल के महामंत्री रहे। उन्होंने दो बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ा था।

परिजनों ने बताया कि सोमवार को उन्होंने घरवालों के साथ होली मनाई। रात 10 बजे वह छत पर गए। यहां उन्होंने पहले हवाई फायर किया। इसके बाद सीने में गोली मार ली। आवाज सुनकर पत्नी सिंपल छत पर पहुंची और अजीत को लहूलुहान देखकर शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई। अजीत को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि अजीत चौधरी ने आत्महत्या की है। घटनास्थल पर तमंचा भी मिला है। उन्होंने खुद को तमंचे से गोली मारी है। घटना के पीछे क्या वजह रही, इसकी जांच की जा रही है।

## पड़ोसी के घर होली मिलने गए मजदूर की पीटकर हत्या

**बिजनौर अमृत विचार।** शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव हरेवली में सोमवार दोपहर छह लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर मजदूर की हत्या कर दी। मृतक के भाई ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो को हिरासत में लिया है। गांव हरेवली में रामफल रहता है। उनका पुत्र राजकुमार (42) घर से 50 मीटर दूर स्थित राजेंद्र सिंह के परिवार में होली मिलने गया था। आरोप है कि तभी आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। राजकुमार ने भाग कर जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ दूर जाकर वह जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व सीओ सर्वम सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी ली। सीओ ने बताया कि वीडियो ग्राफी के बीच चिकित्सकों से शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक राजकुमार के भाई सुरेंद्र सिंह ने छह लोगों को नामजद कराया है। इसमें राजेंद्र पुत्र मोमराज, राजेंद्र के पुत्र किशन, संजय, रोहित, राजेंद्र का दामाद उधम सिंह, नगर उत्तराखंड के गांव रामजीवनपुर उर्फ पट्टी निवासी अर्जुन व गांव हरेवली के रामगोपाल शामिल हैं।

# अदालत में पेशी से पहले दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हुए तौकीर रजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रायल कोर्ट के गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाकर हाईकोर्ट ने दिया था 27 मार्च तक पेश होने का आदेश
- गिरफ्तारी पर रोक के बाद बरेली लौटकर की थी प्रेस कॉन्फ्रेंस, 2010 के दंगे के मुख्य अभियुक्त हैं आईएमसी प्रमुख

**अमृत विचार :** शहर में 2010 के दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त मौलाना तौकीर रजा खां के गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाकर हाईकोर्ट ने 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था लेकिन पेशी से एक दिन पहले ही वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हो गए। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम मौलाना को सांस लेने में तकलीफ के साथ सीने में दर्द शुरू हुआ था जिसके बाद उन्हें खुशलोक अस्पताल लाया गया। यहां से उन्हें बाईपास सर्जरी कराने की सलाह देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 11 मार्च को गैरजमानती वारंट जारी किया था लेकिन पुलिस कई राज्यों में उनकी तलाश का दावा करने के बावजूद उन्हें गिरफ्तार नहीं कर सकी। इस बीच मौलाना की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में गिरफ्तारी वारंट के विरुद्ध याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाकर उन्हें 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। इसके बाद पांच मार्च से लापता चल रहे मौलाना 21 मार्च को बरेली लौट आए। अपने निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री को उन्होंने देश का सबसे बड़ा खलनायक बताया। दावा किया कि हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक 27 मार्च को अदालत में पेश होंगे लेकिन पेशी से दो दिन पहले सोमवार को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हो गए।

आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर हार्ट पेशेंट हैं, कुछ साल पहले उनके हार्ट में स्टेंट भी पड़ चुका है। शनिवार देर रात उन्हें सीने में दर्द के साथ सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी जिसके बाद उन्हें स्टेडियम रोड पर खुशलोक अस्पताल ले जाया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद यहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सोमवार सुबह मौलाना दिल्ली चले गए, जहां उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## डीजे पर डांस को लेकर दो पक्षों में मारपीट, छह घायल

**नजीबाबाद (बिजनौर)।** गांव मुख्तियारपुर में रंग डालने और डीजे पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इस दौरान मारपीट में छह से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने घटना पर दुख जताया है और कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि मुख्तियारपुर में सोमवार को रंग खेलने के दौरान एक घर के बाहर डीजे बज रहा था। कुछ युवा डांस कर रहे थे।

# मुख्तार अंसारी बीमार, इलाज कराकर वापस भेजा बांदा जेल

कार्यालय संवाददाता, बांदा



- सोमवार आधी रात के बाद आईसीयू में भर्ती कराया, कराई गईं एक दर्जन जांचें

**अमृत विचार :** बांदा जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को सोमवार आधी रात तबियत बिगड़ने पर जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अंसारी को आईसीयू में रखकर तकरीबन एक दर्जन जांचें कराई गईं। मंगलवार देर शाम इलाज के बाद उसे वापस जेल में दाखिल करा दिया गया।

जेल में बंद मुख्तार अंसारी की सोमवार रात अचानक हालत बिगड़ी तो जिला जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर अंसारी को तत्काल एंबुलेंस और कड़ी सुरक्षा के बीच नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने अंसारी को आईसीयू में रखकर तमाम जांचें कराईं। मेडिकल कॉलेज से जारी बुलेटिन के अनुसार पेट में दर्द होने पर मुख्तार को भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद मंगलवार देर शाम उसे वापस जेल भेज दिया गया। खबर मिलते ही भाई अफजाल अंसारी, बेटा उमर अंसारी मिलने के लिए सुबह बांदा आए। अंसारी का एक चचेरा भाई भी आया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सिर्फ अफजाल अंसारी को ही उससे मिलने दिया। बेटे उमर का आरोप था कि वह 900 किलोमीटर की दूरी से पिता से मिलने आया, लेकिन प्रशासन ने पिता से नहीं मिलने दिया, वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा। बता दें कि कुछ दिन पहले वर्चुअल पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने न्यायालय में जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। तकरीबन एक सप्ताह से अंसारी की तबियत खराब चल रही थी।

# हाथ से छूट गये लड्डू गोपाल तो अस्पताल ले आया श्रद्धालु



गोद में लड्डू गोपाल को लिए बैठा रिंकू और उसे घेरे खड़े लोग। अमृत विचार

संवाददाता, खुटार (शाहजहांपुर)

- डॉक्टर से बोला- मेरे गिरधर गोपाल का इलाज करो, गहरी चोट आई है
- डॉक्टर ने गोपाल पुत्र वासुदेव के नाम से रजिस्टर में दर्ज किया नाम

**अमृत विचार:** एक श्रद्धालु लड्डू गोपाल की मूर्ति को इलाज कराने अस्पताल ले आया। पहले तो डॉक्टर हैरान हो गए। फिर युवक की हालत देखकर उन्होंने रजिस्टर में गोपाल पुत्र वासुदेव उम्र पांच वर्ष दर्ज किया। इसके बाद उपचार भी किया।

खुटार क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी रतिराम का (20) पुत्र रिंकू की श्री कृष्ण में अटूट आस्था है। इस समय उसके माता-पिता वृंदावन गए हुए हैं। मंगलवार को रिंकू लड्डू गोपाल की मूर्ति को स्नान करा रहा था। तभी अचानक हाथ से छूटकर मूर्ति गिर गई। श्री कृष्ण को चोट लगने की आशंका में वह रोने लगा। इसके बाद मूर्ति लेकर खुटार सीएचसी पहुंचा और डॉक्टर से इलाज करने को कहा। डॉक्टर ने पहले समझाया फिर लड्डू गोपाल की मूर्ति का इलाज किया। युवक को ढांढस बंधाया कि लड्डू गोपाल अब ठीक हैं। लोगों को पता लगा तो बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। लोगों ने वीडियो और फोटो खींचकर वायरल कर दिया।

> एक युवक लड्डू गोपाल की मूर्ति लेकर पहुंचा था। कहा कि लड्डू गोपाल को नहलाते समय चोट लगी है। इनका इलाज कर दो। युवक की हालत देखकर उपचार का उपक्रम किया। युवक को समझा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।
>
> – डॉ. अंकित वर्मा

**वृंदावन से लौटे परिजन, सुपुर्द किया :** गांव सुजानपुर निवासी रिंकू के माता-पिता के साथ ही अन्य सदस्य वृंदावन और मथुरा यात्रा पर गए हुए थे। उन्हें सूचना दी गई तो वापस लौट आये और रात करीब 9:30 बजे खुटार सीएचसी पहुंचे जहां लोगों ने उनकी सुपुर्दगी में दे दिया।

## प्रधानपुत्र की गोली मारकर हत्या

**लखीमपुर खीरी।** होली मिलने के लिए सोमवार की शाम घर से निकले प्रधानपुत्र को उसके ही दोस्त ने गोली मार दी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। पुलिस ने घायल हो जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी खुद ही कोतवाली पहुंच गया। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला रामनगर निवासी प्रेम प्रकाश वाजपेयी थाना नीमगांव के गांव सोनौरा के पूर्व प्रधान हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी प्रधान हैं। प्रेम वाजपेयी का 24 वर्षीय बेटा उज्ज्वल उर्फ सागर वाजपेयी होली पर दोस्तों के साथ डांस कर रहा था। उसी दौरान उसका अपने साथी अभिषेक शुक्ला से विवाद हो गया था। बाद में सभी युवक अपने घर चले गए। शाम को उज्ज्वल किसी की कॉल पर घर से यह कहते हुए निकला कि होली मिलने जा रहा है।

# फतेहपुर में मजदूरों पर चढ़ाया ट्रैक्टर, दो की गई जान

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- नशे में की वारदात, एक मजदूर गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार :** रविवार की रात होली से पहले खेत में शराब और मीट पार्टी के दौरान नशे में धुत खेत मालिक ने मजदूरों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इससे दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। उसका उपचार चल रहा है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव के रहने वाले राम बहुदार निषाद ने अपने खेत में गेहूं की फसल की कटाई के लिए मजदूर मनोज निषाद निवासी रूरा को ट्रैक्टर ट्राली और मशीन के साथ बुलाया था। कटाई करने के लिए अन्य मजदूर मइयादीन, कल्लू और चुन्नू सिंह होली पर खेत पर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी बीच खेत मालिक राम बहुदार ने नशे में ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया और मीट बना रहे मजदूरों को रौंद दिया। बाद में गंभीर रूप से घायल मनोज, कल्लू और मइयादीन को पुलिस ने नजदीकी सीएचसी अमौली में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया और घायल कल्लू व मइयादीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मइयादीन निषाद की भी मौत हो गई। कल्लू का उपचार चल रहा है। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि नशे में खेत मालिक ने ट्रैक्टर दौड़ा दिया जिससे हादसा हुआ। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

5. 1. सीखना 2. समझना 3. समझाना; बतलाना।
6. अस्तबल, घुड़साल, अश्वशाला।
7. थप्पड़, चांटा, झापड़।
9. 1. किसी कार्य या बात में लगा हुआ 2. प्रसन्न 3. अनुरक्त 4. युक्त, सहित।
10. एक प्रकार का गान, एक ताल।

**ऊपर से नीचे**

1. दुकान।
2. 1. आत्मवाद 2. अध्यात्मवाद।
3. 1. अवरोध, रुकावट, बाधा 2. प्रतिकूलता, विपरीतत 3. आपसी अनबन या बिगाड़ 4. असंगति; विसंगति 5. लड़ाई, झगड़ा, संघर्ष।
4. 1. परिवार के लिए काम करने वाला व्यक्ति, गृहस्थ 2. संसार के प्रपंच में उलझा हुआ व्यक्ति, संसारी 3. व्यवहारकुशल व्यक्ति।
8. 1. तरह, समान, सदृश, तुल्य 2. ऐसा।



### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कु | ब | ड़ा | | 2 अ | | 3 ह |
| रे | | | 4 अ | भि | जि | त |
| शी | | | | धा | | म |
| | 5 अं | 6 शा | प | न | | ति |
| 7 का | बु | क | | | 8 फु | |
| | जा | | | | हा | |
| | | 9 ज | हा | ज़ | रा | नी |

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

### सुडोकू -99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 17.06 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 16.16 तक तत्पश्चात स्वाती।


मेष

आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से दबाव कम होगा।


वृष

आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।


मिथुन

आज घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें। प्रेमीजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे।


कर्क

आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। व्यापार के दृष्टिकोण से ग्रह स्थिति पक्ष की नहीं है। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे।


सिंह

आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।


कन्या

आज परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। नजदीकी रिश्तेदार आपसे धन उधार मांग सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें।


तुला

आज भविष्य की योजनाओं को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपकी छवि निखरेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।


वृश्चिक

आज लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे।


धनु

आज सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे।


मकर

आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। संतान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। नया काम शुरू करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। सभी काम आराम से व धीमी गति से करेंगे।


कुंभ

आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। काल्पनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अति भावुक होने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में लोग आपको कमतर आंक सकते हैं। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा।


मीन

आज प्रेमीजन के साथ झगड़ा हो सकता है। किसी भी तरह के मनमुटाव को शीघ्र ही सुलझा लें वरना यह बड़े तनाव का कारण बन सकता है। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सीता और गीता
सुबह : 11.00
कर्तव्य
रात : 07.00

&pictures
ए फ्लाइंग जट्ट
सुबह : 11.18
चुप
रात : 08.00

SONY PIX
जर्नी 2
सुबह : 10.49
वेनम
रात : 09.00

ZEE CINEMA
आर्टिकल 15
सुबह : 09.40
जीरो
शाम : 05.25

colors CINEPLEX
कल हो न हो
सुबह : 11.21
फोर्स 2
रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बातें मत किया करो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
| --- | --- |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल (प्रति क्वि.)**

| | |
| --- | --- |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
| --- | --- |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |

**तेल तिलहन**

| | |
| --- | --- |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार भारतीयों ने चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ा

**मुंबई, एजेंसी**

भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है।

सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक



प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में बरकरार हैं। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि नए अरबपतियों के मामले में भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए।

### बीते साल 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री 51 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीते कैलेंडर साल 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। कैलेंडर वर्ष 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये मूल्य के कम से कम 29 मकान बिके थे। जेएलएल के अनुसार, इन लक्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल हैं। इसमें प्राथमिक बाजार और पुन बिक्री लेनदेन भी शामिल हैं। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं हैं। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास ने कहा-2023 में बेचे गए 45 लक्जरी मकानों में से 14 मकान 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर (79 प्रतिशत) मुंबई में बेचे गए।

### एलआईसी को 39.39 लाख रुपये का जीएसटी मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर कर अधिकारियों ने 2017-18 के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए लगभग 39.39 लाख रुपये का मांग नोटिस भेजा है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को तीन जनवरी, 2024 को केंद्रीय जीएसटी, गांधीनगर के अतिरिक्त आयुक्त से ब्याज और जुर्माने के लिए एक संचार/मांग आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि उसने 26 मार्च, 2024 को आयुक्त (अपील), अहमदाबाद के समक्ष वित्त वर्ष 2017-18 के लिए 19,64,584 रुपये के जीएसटी और जुर्माने तथा ब्याज के साथ 19,74,584 रुपये के नोटिस के खिलाफ अपील दायर की है।

## इरडा ने किया पॉलिसी सरेंडर से संबंधित नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया

बीमा नियामक इरडा ने इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों और ग्राहकों के लिए बड़ी खबर दी है। इरडा के नए नियमों के तहत पालिसी सरेंडर की अवधि से सरेंडर वैल्यू तय होगी। आसान शब्दों जितनी अधिक पालिसी सरेंडर की अवधि होगी उतनी अधिक सरेंडर वैल्यू मिलेगी। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2024 से लागू होने वाले हैं। बीमा नियामक इरडा ने कई नियमों को नोटिफाई किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे चार्ज का खुलासा पहले ही करना होता है। पहले बीमा कंपनियां सरेंडर में केवल जमा ही लौटाती थीं, उसमें भी मनमाने नियम और अवधि लागू होती थी।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने कहा कि ये नियम उत्पाद डिजायन और मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है। नए नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 66,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,400 |
| चांदी पक्की | 742 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

## चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

**कोलकाता, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 माह यानी फरवरी तक रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना होकर 1.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष में भारत से रूस को इंजीनियरिंग निर्यात 61 करोड़ 66.8 लाख डॉलर का रहा था। ईईपीसी ने बयान में कहा कि इस अवधि के दौरान अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 15.95 अरब डॉलर का रह गया है। चीन के मामले में, यह मामूली घटकर 2.38 अरब डॉलर रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2.40 अरब डॉलर रहा था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात सकारात्मक रहा। इन देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। फरवरी तक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए निर्यात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 5.22 अरब डॉलर का हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1.30 अरब डॉलर का रहा।

### सरकार की नीतियों से चीनी कीमतों में स्थिरता

**नई दिल्ली।** चीनी क्षेत्र के लिए सरकार की नीतियों ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बाजारों में चीनी की खुदरा कीमतों में स्थिरता और गन्ना किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार की नीति सुसंगत बनी हुई है, देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को गतिशील और लचीला होना चाहिए क्योंकि गन्ने की फसल कृषि-जलवायु परिस्थितियों पर निर्भर करती है। कहा-यह ध्यान रखना उचित है कि भारत में चीनी की कीमतें स्थिर रही हैं, जबकि चीनी की वैश्विक कीमतों में अभूतपूर्व अस्थिरता देखी गई, जो वर्ष 2023 में 13 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

## एसएंडपी ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एजेंसी ने 2024-25 के लिए 6.4% से बढ़ाकर 6.8% कर दिया





एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6% की वृद्धि होने का अनुमान है।

एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा-एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आम तौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है। एसएंडपी ने कहा-हमे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।

**चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर पर:** देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### लट्ठमार होली की उद्घोषणा करके फंसी महिला उप निरीक्षक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में होली के त्योहार पर पुलिस के वाहन से उद्घोषणा के जरिए आम लोगों को ''पुलिस की लट्ठमार होली'' की चेतावनी देना एक महिला उप निरीक्षक को महंगा पड़ सकता है। इस उद्घोषणा का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उप निरीक्षक से जवाब-तलब किया गया है। वीडियो में महिला उप निरीक्षक कहती सुनाई पड़ रही हैं, जनता से निवेदन है कि आचार संहिता का ध्यान रखें। अपने-अपने घर चले जाएं। चार बजे (शाम) तक होली खेलने का समय निर्धारित किया गया था। अपने घर पर रहें, वरना पुलिस द्वारा लट्ठमार होली का आयोजन किया जाएगा।

### मुंबई की इमारत में लगी आग, 50 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय मुलुंड इलाके में छह मंजिला कॉर्पोरेट पार्क इमारत में मंगलवार की सुबह आग लग गई लेकिन समय रहते करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग पूर्वाह्न नौ बजकर करीब 25 मिनट पर छठी मंजिल पर लगी और इमारत में धुआं भरने की वजह से विभिन्न मंजिलों पर लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि सीढ़ियों की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# लाइसेंस रद करने में केंद्र से जवाब-तलब

## दिल्ली उच्च न्यायालय में सीपीआर ने एफसीआरए को लेकर दायर की है याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) की उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है जो उसने एफसीआरए लाइसेंस रद करने के खिलाफ दायर की है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ संगठन की अपील पर नोटिस जारी किया और उसके वकील को दो सप्ताह में एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का समय दिया। आदेश में कहा गया है कि सरकार के वकील ने अपील का "जोरदार विरोध" किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जनवरी को भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने और विकास





परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और कानूनी लड़ाई में सहायता के लिए विदेशी धन का कथित रूप से दुरुपयोग करने के लिए सीपीआर के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद कर दिया। जब किसी संगठन का एफसीआरए पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जाता है, तो उसे विदेश या विदेशी दानदाताओं से कोई भी धन प्राप्त करने से रोक दिया जाता है।

सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' ने सरकार के कदम को "समझ से बाहर और अनुपातहीन" करार दिया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस आखिरी बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण होना था। सितंबर 2022 में आयकर विभाग द्वारा एक सर्वेक्षण किए जाने के बाद 'थिंक-टैंक' जांच के दायरे में आया। इसका एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसे बाद में 180 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

### न्यायालय का वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र को निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है, जिसमें पूछा गया था कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में वन क्षेत्र को जमीन कब्जाने वाले और भू-माफियाओं की अवैध गतिविधियों या अतिक्रमण से बचाने के लिए किसी तरह के सुरक्षा बल तैनात किए जा सकते हैं। अदालत का यह निर्देश उस याचिका पर आया जिसमें केंद्र सरकार को दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग में पर्याप्त संख्या में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने जवाब में कहा कि वन अधिकारियों को जमीन कब्जाने वालों और माफियाओं से लगातार धमकी मिलती रहती है और वन क्षेत्रों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को तैनात करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि, केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि सीआईएसएफ नियम ऐसी तैनाती की अनुमति नहीं देते हैं।

### सैन्य अधिकारियों ने मनाया बांग्लादेश का 53वां स्वतंत्रता दिवस...



भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के बाहरी इलाके में बांग्लादेश के 53वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के दौरान फल और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। ● एजेंसी

## भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को हिमाचल गुजरात के उपचुनावों में बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को विभिन्न राज्यों के उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने हाल ही में अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। कांग्रेस सहित अन्य दलों से हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को पार्टी ने गुजरात में उम्मीदवार बनाया है। इनमें चार कांग्रेस के हैं। गुजरात में भाजपा ने अर्जुन मोधवाडिया, चतुरसिंह चावड़ा और अरविंद लाडानी को उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सिक्किम विधानसभा की नौ सीटों के अलावा पश्चिम बंगाल की दो और कर्नाटक की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी।

## नि:शुल्क दवाओं की न हो कोई कमी : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मोहल्ला क्लीनिक को लेकर ईडी की हिरासत से दिया निर्देश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है। बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त दवाइयों और मुफ्त जांच की स्थिति बताएं और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि मैं विधानसभा को सूचित कर सकूं। मुख्यमंत्री के आदेश का विवरण साझा करते हुए भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा अरविंद केजरीवाल की प्राथमिकता रही है।

## गांधी परिवार के साथ संबंध होने के चलते वरुण को लिए टिकट नहीं दिया : अधीर

**बहरामपुर (प.बंगाल)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को दावा किया कि गांधी परिवार से संबंध होने के कारण भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया । उन्होंने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता भी दिया। चौधरी ने वरुण को एक "दबंग नेता" बताया और कहा कि वह एक साफ छवि वाले पढ़े लिखे व्यक्ति हैं। निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने कहा-वह एक दबंग नेता और बहुत शिक्षित व्यक्ति हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है। वरुण गांधी का गांधी परिवार से संबंध है। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें (लोकसभा चुनाव के लिए) टिकट देने से इनकार कर दिया। मुझे लगता है कि उन्हें (कांग्रेस में शामिल होने) आना चाहिए, हमें बहुत खुशी होगी।

## मोदी के खिलाफ अपशब्द बोल रहे विपक्षी इनको रोके निर्वाचन आयोग : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आचार संहिता उल्लंघन पर समान दृष्टिकोण अपनाए आयोग

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तमिलनाडु की मंत्री अनिता राधाकृष्णन समेत विपक्षी नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ स्वयं ही कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में विभिन्न राज्यों में चुनाव अधिकारियों के 'अलग-अलग' रुख अपनाए जाने का जिक्र किया और दावा किया कि कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नेताओं के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टियों की सरकार है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और महासचिव विनोद तावड़े सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस 'विसंगति' को रेखांकित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। तावड़े ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी नेता लगातार मोदी के विरूद्ध अपशब्द कह रहे हैं और महिला शक्ति तथा भारतीय संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया अभी शुरू हुई है और आयोग को आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिलों के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के लिए कर्नाटक से लोकसभा चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई लेकिन तमिलनाडु के एक मंत्री और द्रमुक नेता की आपत्तिजनक टिप्पणी की कोई निंदा नहीं की गई। इस संदर्भ में तावड़े ने शिवसेना नेता संजय राउत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से करने पर भी प्रकाश डाला, जिसे कई धार्मिक कट्टरपंथी मानते हैं।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में 1 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका पर एक अपैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी.विश्वनाथन की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिन्हें धन शोधन के एक मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। सोरेन ने 23 फरवरी से शुरू और दो मार्च को संपन्न हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने देने की झारखंड उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी थी।

## कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती और भाजपा भटकाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की जुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?'' उन्होंने



कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार-हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी।

### अरुणाचल पर चीन के दावे का खंडन करे सरकार



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए। चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश ''हमेशा'' उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को ''बेतुका'' और ''हास्यास्पद'' बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा, ''कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं।'' खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है।



# सीएसके की दूसरी जीत गुजरात को 63 रनों से हराया



शिवम दूबे

चेन्नई, एजेंसी

- सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने 46-46 रनों का योगदान दिया
- सीएसके के दीपक चहर, मुस्तफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे ने दो-दो विकेट झटके

पिछली चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रचिन रविंद्र (46 रन) की धमाकेदार शुरूआत के बाद शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक की बदौलत चुनौतीपूर्ण लक्ष्य देने के बाद गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स को 63 रन से हरा दिया।

सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। रचिन ने पावरपले का पूरा इस्तेमाल करते हुए 20 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से 46 रन बनाये। उन्होंने और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (46) ने पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत करायी। फिर दूबे ने 23 गेंद में 51 रन (दो चौके, पांच छक्के) जड़कर गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों के लिए बड़ा स्कोर खड़ा करने में मदद की। गुजरात टाइटन्स की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने पावरप्ले में दो विकेट गंवा दिये। इसके बाद टीम इन झटकों से उबर ही नहीं सकी और 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। दीपक चाहर (28 रन देकर दो विकेट) ने सीएसके के लिए विकेट झटकने का सिलसिला शुरू किया और पावरप्ले में पहले दो विकेट अपनी झोली में डाले। चाहर ने गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल (08 रन) तीसरे ही ओवर में और विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (21) को पांचवें ओवर में आउट कर दिया। विजय शंकर (12) 12 गेंद ही खेल सके और डेरिल मिचेल का शिकार हुए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 55 रन था। मध्यक्रम पर दबाव बढ़ता जा रहा था और 10 ओवर तक गुजरात टाइटन्स का स्कोर तीन विकेट पर 80 रन था जिससे जीत के लिए अगली 60 गेंद में 127 रन बनाने थे जो मेहमान टीम की बल्लेबाजी को देखते हुए असंभव ही लग रहा था। तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने भी दो दो विकेट अपने नाम किये। देशपांडे की गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने डेविड मिलर (21 रन) का शानदार कैच लपका। इस गेंदबाज ने फिर अजमतुल्लाह ओमरजई के रूप में दूसरा विकेट प्राप्त किया। माथिशा पाथिराना ने इस दौरान साई सुदर्शन की पारी समाप्त की। मुस्तफिजुर रहमान ने फिर राशिद खान और राहुल तेवतिया के रूप में दो विकेट झटक लिये। दूबे की पारी शानदार रही जिसमें उन्होंने साई किशोर पर दो गगनदायी छक्के जड़े और जॉनसन की गेंद पर भी छक्का जमाया। दूबे ने डेरिल मिचेल (20 गेंद में 24 रन) के साथ 5.5 ओवर में 57 रन की साझेदारी निभायी।

**चेन्नई 206/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ का साहा बो जॉनसन | 46 | 36 | 5/1 |
| रचिन रविंद्र स्ट साहा बो राशिद खान | 46 | 20 | 6/3 |
| अजिंक्य रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर | 12 | 12 | 0/0 |
| शिवम दूबे का शंकर बो राशिद खान | 51 | 23 | 2/5 |
| डेरिल मिचेल रन आउट | 24 | 20 | 2/0 |
| समीर रिज्वी का मिलर बो शर्मा | 14 | 06 | 0/2 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 | 03 | 1/0 |

**गेंदबाजी** : अजमतुल्लाह ओमरजई 3-0-30-0, उमेश यादव 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1

**गुजरात 143/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिद्धिमान साहा का देशपांडे बो चाहर | 21 | 17 | 4/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो चाहर | 08 | 05 | 0/1 |
| साई सुदर्शन का रिज्वी बो पाथिराना | 37 | 31 | 3/0 |
| विजय शंकर का धोनी बो मिचेल | 12 | 12 | 0/1 |
| डेविड मिलर का रहाणे बो तुषार देशपांडे | 21 | 16 | 3/0 |
| ओमरजई का रविंद्र बो तुषा देशपांडे | 11 | 10 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया का रविंद्र बो मुस्तफिजुर | 06 | 11 | 1/0 |
| राशिद खान का रविंद्र बो मुस्तफिजुर | 01 | 02 | 0/0 |
| उमेश यादव नाबाद | 10 | 11 | 0/1 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 05 | 05 | 1/0 |

**गेंदबाजी** : दीपक चाहर 4-0-28-2 मुस्तफिजुर रहमान 4-0-30-2, तुषार देशपांडे 4-0-21-2, रविंद्र जडेजा 2-0-15-0, डेरिल मिचेल 2-0-18-1, माथिया पाथिराना 4-0-29-1

# कोहली की पारी से पंजाब पस्त

बेंगलुरू, एजेंसी

- पंजाब किंग्स की ओर से कप्तान शिखर धवन ने सर्वाधिक 45 रनों का योगदान दिया
- आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट झटके
- आरसीबी के विराट कोहली को पारी की पहली ही गेंद पर मिला था जीवनदान



विरोट कोहली

विराट कोहली के आक्रामक अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने होली के दिन सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर जीत के रंग बिखेरते हुए पंजाब किंग्स को आईपीएल के रोमांचक मैच में सोमवार को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 177 रन का लक्ष्य आरसीबी ने चार गेंद बाकी रहते हासिल किया। कोहली ने 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। आरसीबी को आखिरी 24 गेंद में 47 रन की जरूरत थी जब दिनेश कार्तिक ने दस गेंद में नाबाद 28 और 'इंपैक्ट प्लेयर' महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में नाबाद 17 रन बनाये। कार्तिक ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह को छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

कोहली को अपनी पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और उसके बाद 33 के स्कोर पर भी वह बाल बाल बचे। दोनों बाद गेंदबाज सैम कुरेन थे। पहले ओवर में कैच छूटने के बाद उन्होंने कुरेन को तीन और चौके जड़कर 16 रन निकाले। इससे पहले कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा की उपयोगी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की उछाल लेती पिच पर छह विकेट पर 176 रन बनाये। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंद में 25 रन बनाये। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे। अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला। पंजाब का स्कोर इस समय 12.1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम कुरेन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आखिरी ओवर में 20 रन निकाले।

**पंजाब 176/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन का कोहली बो मैक्सवेल | 45 | 37 | 5/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो सिराज | 08 | 06 | 2/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का रावत बो मैक्सवेल | 25 | 17 | 2/2 |
| लियाम लिविंगस्टोन का रावत बो जोसेफ | 17 | 13 | 1/1 |
| सैम कुरेन का रावत बो दयाल | 23 | 17 | 3/0 |
| जितेश शर्मा का रावत बो सिराज | 27 | 20 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 21 | 08 | 1/2 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-26-2, ग्रीन 2-0-19-0, दयाल 4-0-23-1, जोसेफ 4-0-43-1, डागर 3-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-29-2

**बेंगलोर 178/6** — 19.2 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का बरार बो पटेल | 77 | 49 | 11/2 |
| फाफ डु प्लेसी का कुरेन बो रबाडा | 03 | 07 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन कर शर्मा बो रबाडा | 03 | 05 | 0/0 |
| रजत पाटीदार बो बरार | 18 | 18 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बरार | 03 | 05 | 0/0 |
| अनुज रावत पगबाधा बो कुरेन | 11 | 14 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 28 | 10 | 3/2 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 17 | 08 | 1/1 |

**गेंदबाजी** : कुरेन 3-0-30-0, अर्शदीप 3.2-0-40-0, रबाडा 4-0-23-2, बरार 4-0-13-2, पटेल 4-0-45-1, चाहर 1-0-16-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.200 |
| मुंबई इंडियंस | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.300 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एब्डेन मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला।

### साथियान विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान पिछले सप्ताह बेरूत में खेली गई प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के दम पर मंगलवार को जारी विश्व रैंकिंग में 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए जबकि महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली श्रीजा अकुला अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग पर पहुंच गई है। साथियान हाल में रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए थे। बेरूत में खिताब जीतने पर उन्हें 125 अंक मिले।

### एसीसी ने महिला एशिया कप का कार्यक्रम किया जारी

**नयी दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीलंका के दांबुला में 19 जुलाई से शुरु टूर्नामेंट 28 जुलाई तक चलेगा। इस बार श्रीलंका की महिला टीम एशिया कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। महिला टी-20 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को दोनों सेमीफाइनल खेले जायेंगे। वहीं फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को होगा।

# लीग में पहली जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी. नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जाथवेध सुब्रमण्यन। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

मुंबई को एक समय 36 गेंद पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

## शाकिब अल हसन की दूसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी

**सिलहट (बांग्लादेश)।** ऑल राउंडर शाकिब अल हसन को आंख की समस्या के बाद फिट पाये जाने के बाद शनिवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश पहला टेस्ट चार दिन में 328 रन से हार गया था। शाकिब नवंबर में भारत में हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने 82 रन बनाये और दो विकेट लिये थे, जिससे टीम ने श्रीलंका को हरा दिया था। लेकिन उनके बायें हाथ की तर्जनी उंगली चोटिल हो गयी थी और नजर संबंधित समस्या का भी पता चला था। वह फिट होने के बाद पिछले दो महीनों से बांग्लादेश में और ढाका प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट शृंखला 22 नवंबर से

मेलबर्न, एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट शृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ शृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। उन्होंने कहा, ''हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट शृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं।'' इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह शृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी।

## बॉलीवुड हलचल

# कृष 4 की तैयारी शुरू करने वाले हैं एक्टर ऋतिक रोशन



मुंबई, एजेंसी। ऋतिक रोशन की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म कृष 4 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में कोई मिल गया, कृष और कृष 3 सुपरहिट रही थीं, जिन्हें फिल्ममेकर राकेश रोशन ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया था। अब खबरों की मानें तो राकेश रोशन ने इस फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो एडवांस स्टेज पर हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन के साथ मिलकर इस समर, कॉन्सेप्ट, स्क्रिप्ट और अन्य सेगमेंट का काम शुरू करेंगे। फिलहाल ऋतिक अपनी अपकमिंग सीक्वल फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म होते ही वो कृष 4 की तैयारी में जुटेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से आगे लिखा गया है कि ऋतिक और राकेश रोशन आइडिया और स्क्रिप्टिंग इसी साल पूरी करने की तैयारी में हैं। इसके बाद दोनों अगले साल इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। फिलहाल फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म के लिए कई अलग-अलग स्क्रिप्ट्स और आइडिया तैयार किए गए हैं। बस अब उन्हें सही स्टोरी और आइडिया चुनना है। कृष फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया से हुई थी, जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन, रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था।



# ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय ने टाइगर को दी मजेदार सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक वक्त पर बॉलीवुड का पावर पैक्ड कपल माना जाता था। लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया और वह अपनी-अपनी लाइफ में व्यस्त हो गए। इसके बाद दिशा को अक्सर एक शख्स के साथ देखा जाता था जो कथित तौर पर उनके बॉयफ्रेंड थे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि टाइगर और दिशा दोबारा साथ आ गए हैं। इसका अंदाजा दोनों की होली मस्ती को देखकर लगाया जा रहा है। इसी बीच फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार ने टाइगर को ऐसी सलाह दी है, जिससे लोगों को एक और हिंट मिल गया है।26 मार्च को दोपहर में अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट था। जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्टर सब थे। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया का अलग अंदाज देखने को मिला। इस इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अक्षय, टाइगर को हिंट देते नजर आ रहे हैं। अक्षय वीडियो में कहते दिख रहे हैं, "मैं टाइगर से ये कहना चाहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।" एक्टर की बात सुनकर सभी हंसने लगे। फिर अक्षय ने जाकर टाइगर को गले लगाया।

# शादी की बात पर मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान एक फिल्मी परिवार में पली-बढ़ीं लेकिन उनका परिवार उस तरह का नहीं था, जहां उन्हें सब कुछ चांदी की थाली में परोसा जाता था। फराह ने कम उम्र में ही काम करना शुरू किया और जल्द ही, उन्हें एक कोरियोग्राफर के रूप में पहचान मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में फराह ने कहा कि उनका परिवार कई अन्य लोगों से अलग है क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि बिना अपने पैरों पर खड़े हुए मैं शादी करूं। फराह ने कहा कि वह काम को लेकर सीरियस थीं और 20 साल की उम्र में, शादी और बच्चे उनके ख्याल में भी नहीं था, लेकिन 22 साल की उम्र में एक बार उनके मन में शादी का ख्याल आया था जब उनके परिवार ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी थी। फराह ने कहा "शादी मेरे दिमाग में बिल्कुल नहीं थी। मुझे लगता है कि 22 साल या उसके आसपास की उम्र में मैंने सोचा था कि मैं शादी कर लूंगी लेकिन मेरा परिवार अजीब है। वे एकत्र हुए और उन्होंने कहा कि अगर तुमने जीवन में कुछ भी किए बिना इतनी कम उम्र में शादी कर ली तो हम तुम्हें घर से बाहर निकाल देंगे। इसलिए वे सामान्य माता-पिता जो करते हैं उसके बिल्कुल विपरीत थे।"फराह ने कहा, "मेरी माँ ने कहा कि मैं तुम्हें घर से बाहर निकाल दूंगी। शादी से तुम्हें खुद को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना होगा।" फराह ने कहा कि शिरीष कुंदर से मिलने से पहले उन्होंने कभी शादी के बारे में सोचा भी नहीं था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# समाचार प्रकाशन के खिलाफ प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा गलत, शीर्ष कोर्ट ने पलटा आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा, अदालतों को असाधारण मामलों को छोड़कर किसी समाचार लेख के प्रकाशन के खिलाफ एकपक्षीय निषेधाज्ञा नहीं देना चाहिए।

अदालत ने साफ किया कि लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने देश की मशहूर मीडिया समूह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक समाचार लेख का प्रकाशन रोकने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी निरस्त कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग पर जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ अपमानजनक लेख लिखने का आरोप है। निचली अदालत ने लेख को हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि सामग्री के प्रकाशन के खिलाफ निषेधाज्ञा मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद ही दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, किसी लेख के प्रकाशन के खिलाफ 'प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा' जैसे आदेश से लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। कोर्ट में तीन जजों की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

अदालत ने कहा कि निषेधाज्ञा, विशेष रूप से एकपक्षीय नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि जिस सामग्री का प्रकाशन प्रतिबंधित करने की मांग की गई है, वह 'दुर्भावनापूर्ण' या 'स्पष्ट रूप से झूठी' है, यह साबित हुए बिना निषेधाज्ञा का आदेश नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि दूसरे शब्दों में मुकदमे का ट्रायल शुरू होने से पहले लापरवाही से अंतरिम निषेधाज्ञा जैसे आदेश 'सार्वजनिक बहस का गला घोंटने की तरह' हैं।

## मोदी ने की बेल्जियम के पीएम से फोन पर बात, मुद्दों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बेल्जिम समकक्ष अलेक्जेंडर डी क्रू से फोन पर बात की है। इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा की बहाली और रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि फोन पर बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने पिछले सप्ताह ब्रुसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को भी बधाई दी। फोन पर बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा, बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू से बात की।

# गूगल ने 22 लाख यूट्यूब वीडियो किए डिलीट, उल्लंघन का आरोप

*गूगल का कहना है कि कंपनी ने अपनी नीतियों का उल्लंघन करने के लिए 22.5 लाख से अधिक यूट्यूब वीडियो को प्लेटफार्म से हटा दिया है। गूगल ने पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच यह कार्रवाई की है। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 लाख से अधिक वीडियो को हटाए थे। गूगल ने बताया है कि उल्लंघन के आरोप में वीडियो हटाने की सूची में अमेरिका और रूस जैसे देशों को पछाड़ते हुए भारत शीर्ष पर रहा है।*



- गूगल ने कहा कि हमने पिछले एक साल में करीब 12 हजार करोड़ रुपये के स्कैम भी रोके हैं। कंपनी के अनुसार, गूगल पे पर हमने लोगों को उनकी पसंदीदा भाषा में संदिग्ध लेनदेन के बारे में तुरंत अलर्ट किया और धोखाधड़ी के प्रयासों को तुरंत रोक दिया। इसकी वजह से पिछले साल अकेले गूगल पे ने 12 हजार करोड़ रुपये के घोटाले रोके हैं।

### नीतियों का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई



गूगल ने कहा कि इन वीडियो को नीतियों का उल्लंघन करने पर डिलीट किया गया है। गूगल के अनुसार, अक्टूबर और दिसंबर 2023 में दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए भारत में उत्पन्न होने वाले लगभग 22 लाख वीडियो हटाए हैं। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून 2023 के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था। ग्लोबल स्तर पर, वीडियो-स्ट्रीमिंग दिग्गज ने इसी अवधि के दौरान नियम उल्लंघन के लिए 6.48 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था।

### गूगल ने विश्वभर के देशों के 90 लाख वीडियो हटाए

यूट्यूब के आंकड़ों के अनुसार, 12 लाख से अधिक वीडियो हटाते हुए सिंगापुर इस सूची में दूसरे स्थान पर और अमेरिका लगभग आठ लाख वीडियो हटाते हुए तीसरे स्थान पर है। इंडोनेशिया लगभग सात लाख वीडियो हटाने के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि रूस में पांच वीडियो हटाए गए हैं। वैश्विक स्तर पर 2023 की चौथी तिमाही के दौरान यूट्यूब ने अपने सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण 90 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए। इनमें से 96 प्रतिशत से अधिक वीडियो के बारे में लोगों के बजाय मशीनों के जरिये जानकारी मिली। वीडियो को हानिकारक या खतरनाक सामग्री, बाल सुरक्षा, हिंसक या ग्राफिक सामग्री, नग्नता और यौन सामग्री, गलत सूचना और अन्य सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए हटा दिया गया था।

## एक नजर

### म्यांमार में अभय ठाकुर नए राजदूत के रूप में संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक अभय ठाकुर को म्यांमार में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार बताया है कि, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएफ) के 1992-बैच के अधिकारी ठाकुर ने भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान जी20 प्रक्रिया के सूस-शेरपा के रूप में कार्य किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, अभय ठाकुर को म्यांमार संघ गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है, जो जो वर्तमान में मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी हैं।

### भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम का निधन

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम, जो अमेरिकी ऑटो दिग्गज जनरल मोटर्स के संस्थापक और निदेशक थे, 26 मार्च मंगलवार को 76 वर्ष की उम्र में उनका का निधन हो गया। सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका चले गए। भारत और अमेरिका में अकादमिक क्षेत्र में प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल और सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों और जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है।

### सोनम वांगचुक ने खत्म की 21 दिनों से चल रही भूख हड़ताल

**लेह।** लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने मंगलवार को 21 दिनों के बाद भूख हड़ताल खत्म कर दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोगों से किए वादे पूरा करने की अपील की है। साथ ही लद्दाख के लोगों से राष्ट्र हित में सावधानीपूर्वक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। वांगचुक ने बच्ची के हाथ से जूस पीकर भूख हड़ताल समाप्त की। उन्होंने कहा- भूख हड़ताल की समाप्ति वर्तमान आंदोलन के नए चरण की शुरुआत है।

### अमेरिका:ट्रैफिक रोकने पर पुलिस अधिकारी को मारी गोली, मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घायल पुलिस अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों को मृत घोषित कर दिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि यह एक बेहद दर्दनाक घटना है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की और गाड़ी में सवार एक व्यक्ति को घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल अधिकारी को क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

# हर देश को राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने का अधिकार: एस जयशंकर

## द.चीन सागर में फिलीपींस से विवाद के बीच चीन को दो टूक- भारत करेगा फिलीपींस की मदद

मनीला, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपींस के विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपींस का समर्थन करता है।

जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मनीला में फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि मैं अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता बनाए रखने के लिए फिलीपींस को भारत के समर्थन को मजबूती से दोहराता हूं।

उन्होंने इंडो-पैसिफिक, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन और संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि हम अपना सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

उन्होंने कहा मैं इस अवसर पर फिलीपींस की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को दोहराता हूं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है। यह जरूरी है कि भारत और फिलीपींस उभरते मॉडल को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत और फिलीपींस के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



फिलीपींस में मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते विदेश सचिव एनरिक मनालो और जयशंकर।

### जयशंकर-एनरिक मनालो के बीच हुई बातचीत

जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ गर्मजोशी भरी बातचीत हुई। जयशंकर ने कहा कि इस बैठक में राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग, व्यापार और निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और वाणिज्य क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

### फिलीपींस के समर्थन को लेकर भारत पर बौखलाया चीन

फिलीपींस के साथ चल रहे समुद्री सीमा विवाद को लेकर चीन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भारत से दक्षिण चीन सागर पर चीन के संप्रमुभता के दावों का सम्मान करने की अपील भी की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि समुद्री विवाद संबंधित देशों के बीच का मुद्दा है और कोई भी तीसरा पक्ष इसमें हस्तक्षेप करने की स्थिति में नहीं है। हम संबंधित पक्ष से दक्षिण चीन सागर के मुद्दों के तथ्यों का सामना करने, चीन की संप्रभुता और समुद्री हितों और दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय देशों द्वारा किए गए प्रयासों का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।

## पाक में आत्मघाती हमला, चीन के 6 लोगों की मौत

**पेशावर।** चीन के बेहद करीबी माने जाने वाले देश पाकिस्तान में मंगलवार को आत्मघाती बम हमले में छह चीनी नागरिकों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, घटना उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर के चीनी नागरिकों के काफिले पर अटैक कर दिया, जिसमें भयानक विस्फोट हो गया और छह की मौत हो गई।

हमले में कितने लोग घायल हुए हैं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है। क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को टक्कर मारी। सभी चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में अपने शिविर जा रहे थे। मोहम्मद अली ने कहा, हमले में छह चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि दासू में प्रमुख बांध हैं और इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह के हमले हो चुके हैं। साल 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर वैश्विक मंच पर मजबूत भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में रखा पक्ष, यूएन ने की तारीफ



महिला सशक्तिकरण को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थाई मिशन द्वारा बताया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत द्वारा मजबूत पक्ष रखा गया।

इस सम्मेलन में भारत की ओर रुचिरा कंबोज ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ साथ लैंगिक समानता पर भी अपना मजबूत पक्ष रखा, जिसकी सभी ने खुलकर तारीफ भी की। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थायी मिशन द्वारा ट्वीट किया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। भारत द्वारा पैनल में अपने विचार रखे गए और सशक्त पहल की गई। इस वैश्विक मंच पर भारत ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का नेतृत्व किया।

### अमेरिका ने जासूसी के लिए चीनी कंपनियों पर लगाये प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीनी सरकार पर एक व्यापक साइबर जासूसी अभियान चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि चीन की साइबर जासूसी से वैश्विक स्तर पर लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं और कई अन्य लोगों को निशाना बनाया है। इस कारण चीनी कंपनी एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट 31 पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। यूएस सरकार पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) से जुड़े इस एपीटी 31 के खिलाफ कई कार्रवाई कर रही है। इसके जाल में अब तक अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं सहित कई लोग फंस चुके हैं। साथ ही विभिन्न अमेरिकी आर्थिक और रक्षा संस्थाओं और अधिकारियों, विदेशी लोकतंत्र कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों को भी निशाना बना चुका है।

## भारतीय राजदूत नवीन ने की नेपाल के उप प्रधानमंत्री से मुलाकात

**काठमांडू।** नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रवि लामिछाने के साथ दोनों देशों के बीच सुरक्षा तंत्र और छोटे अपराधों के साथ-साथ मानव तस्करी को रोकने के लिए सीमा प्रबंधन को मजबूत करने पर चर्चा की है।

गृह मंत्री सचिवालय के मुताबिक, भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के उप प्रधानमंत्री लामिछाने से शिष्टाचार भेंट की और बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने ऐतिहासिक संबंधों और भौगोलिक निकटता के आधार पर दोनों देशों के बीच गहरे, व्यापक और विविध लोगों के संबंधों को और मजबूत करने के लिए आवश्यक प्रयासों पर चर्चा की है।

### अभ्यास करते सैनिक...



**श्रीनगर :** बारामूला संभाग के गुलमर्ग सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात भारतीय सेना स्की गश्ती दल, जम्मू-कश्मीर पुलिस बचाव दल ने उच्च बर्फ स्तर और खराब मौसम की स्थिति में हिमस्खलन बचाव कार्यों में अपनी असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण का केंद्र उच्च प्रशिक्षित के सहयोग से है, जो बर्फ के नीचे दबे व्यक्तियों का पता लगाने में माहिर हैं। भारतीय सेना हिमस्खलन बचाव दल के साथ मिलकर पीड़ितों की तेजी से पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए खतरनाक बर्फ से ढके परिदृश्यों को नेविगेट करते हैं।

# मासूम से रेप के बाद हत्या कर शव को झाड़ी में फेंका

सूरत, एजेंसी

- यूपी और झारखंड के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गुजरात के सूरत जिले में एक सप्ताह पहले लापता हुई 11 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में फेंक दिया, इसके बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए 15 से अधिक पुलिस टीमों का गठन कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश और झारखंड के रहने वाले दो लोगों को इस जघन्य अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (सूरत ग्रामीण) हितेश जॉयसर ने कहा कि पीड़िता 18 मार्च को अपने घर से लापता हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने एक शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की और उसका पता लगाने के लिए कई टीमों का गठन किया। पुलिस ने बताया कि 23 मार्च को लड़की का अर्धनग्न शव उस इलाके के पास झाड़ियों में मिला था जहां वह रहती थी। जॉयसर ने बताया कि डॉक्टरों ने बाद में पुष्टि की कि हत्या से पहले लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया था। उन्होंने कहा- 15 से अधिक पुलिस टीमों का गठन किया, जिन्होंने 600 से अधिक घरों का सर्वेक्षण किया और दो संदिग्धों को पकड़ा है। दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

## अमेरिका के बाल्टीमोर में पोत के टकराने से ढहा ब्रिज 22 भारतीय सुरक्षित

**बाल्टीमोर।** बाल्टीमोर का सबसे लंबा फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज मंगलवार सुबह एक बड़े मालवाहक जहाज से टकरा जाने के बाद पानी में ढह गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुल के ढहने से पहले उसमें आग लग गई और कई वाहन नीचे नदी में गिर गए।

जहाज संचालक कंपनी के मुताबिक जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे, सभी भारतीय सुरक्षित हैं। बड़े पैमाने पर हताहत होने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से दोनों दिशाओं में जाने वाली सभी लेन बंद कर दी हैं। घटना स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बता दें कि मैरीलैंड के बाल्टीमोर में जो ब्रिज है उसकी लंबाई 1.6 मील (2.57 किमी) है। इसका नाम फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज है। फ्रांसिस स्कॉट की के नाम पर बने इस पुल को 1977 में खोला गया था। शिपिंग कंपनी मार्सक ने कहा, बाल्टीमोर में हुए हादसे से हम भयभीत हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं।

**चेतावनी** द्वीपों के लिए बढ़ रहा खतरा, नासा ने जारी की चिंताजनक रिपोर्ट

# अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** पिछला वर्ष अलनीनो के नाम रहा। इस दौरान मौसमी बदलाव काफी उतार चढ़ाव पर रहे और शीतकाल लगभग सूखे की भेंट चढ़ गया। इन सबसे परे समुद्र का जलस्तर बढ़ाने में अलनीनो ने बड़ी भूमिका निभाई। नासा ने वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में चिंताजनक खुलासा किया है।

निःसंदेह वैश्विक ताप समुद्री तटों को निगलने में लगा हुआ है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। जिसका असर समुद्र के जलस्तर में पड़ना स्वाभाविक है। यह सूचना आम इंसान की नजर से भले ही साधारण हो, लेकिन वैज्ञानिकों को बड़ी चिंता में डालने वाली है। नासा के अनुसार समुद्र के स्तर में वृद्धि दुनिया भर के तटीय समुदायों को प्रभावित कर रही है, विशेष रूप से समुद्री द्वीपों लिए, जिनके समुद्र में समा जाने से कतई इंकार नही किया जा सकता। हाल में सक्रिय रहा अलनीनो वैश्विक समुद्र स्तर में तेजी से बढ़ोतरी कर गया। डेटासेट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2022-23 के जलस्तर का मापन किया गया। जिससे पता चला कि इस वर्ष 0.3 इंच समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। पिछले आंकड़ों की तुलना में यह जलस्तर बहुत तेजी से बड़ा है। जिसकी वजह अलनीनो की सक्रियता रही। नासा के नेतृत्व में यह विश्लेषण समुद्र स्तर के डेटासेट पर आधारित है। जिसमें 30 से अधिक वर्षों के उपग्रह के आंकड़े शामिल किए गए।



समुद्र तट से सटे होनोलूलू द्वीप शहर की तस्वीर।

### 30 वर्ष में 9.4 सेमी बढ़ा समुद्र का जलस्तर

नासा के मुताबिक 1993 के बाद से 23 के बीच वैश्विक औसत समुद्र स्तर में 9.4 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। वृद्धि की दर हाल के वर्षों में अधिक रही है। 1993 में 0.07 इंच (0.18 सेंटीमीटर) आंकी की गई थी। जिसकी तुलना में अब लगभग दोगुनी से भी अधिक होकर हो चुकी है। वर्तमान दर 0.17 इंच (0.42 सेंटीमीटर) प्रति दर्ज की गई है। नासा की समुद्र स्तर परिवर्तन टीम और वाशिंगटन मे महासागर भौतिकी कार्यक्रम के सामुहिक शोध में यह खुलासा हुआ है।

## हमास ने युद्धविराम के नए प्रस्ताव को किया खारिज

**यरूशलम।** हमास ने इजराइल पर नए युद्धविराम प्रस्ताव की प्रमुख मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने को कहा गया था।

चरमपंथी समूह ने कहा कि उसने मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह अपनी मूल स्थिति पर कायम है, जिसे मार्च की शुरुआत में बताया गया था। इसमें कहा गया है कि इजराइल ने 'व्यापक युद्धविराम, गाजा से (बंधकों की) वापसी, विस्थापित लोगों की वापसी और वास्तविक कैदियों की अदला-बदली' की उसकी मूल मांगों का जवाब नहीं दिया है। हमास के बयान से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में बंदी बनाए गए सभी लोगों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस संबंध में इजराइल-अमेरिका के बीच गतिरोध पैदा हो गया।

# ईडी ने वाशिंग मशीन से जब्त की नकदी

- विभिन्न शहरों में तलाशी के दौरान 2.54 करोड़ रुपये बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने मंगलवार को कहा कि विदेशी मुद्रा कानून (फेमा) के कथित उल्लंघन के एक मामले के सिलसिले में विभिन्न शहरों में तलाशी के दौरान 2.54 करोड़ रुपये 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। इसका एक हिस्सा 'वाशिंग मशीन' में छिपा कर रखा गया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि कैपरीकोरनियान शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों और इसके निदेशकों विजय कुमार शुक्ला और संजय गोस्वामी तथा संबंधित कंपनियों के परिसरों में तलाशी ली गई।

संबद्ध कंपनियों में लक्ष्मीटन मैरीटाइम, हिंदुस्तान इंटरनेशनल, राजनंदिनी मेटल्स लिमिटेड, स्टवार्ट अलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, भाग्यनगर लिमिटेड, विनायक स्टील्स लिमिटेड, वशिष्ठ कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और उनके निदेशक/साझेदार संदीप गर्ग, विनोद केडिया एवं अन्य के परिसरों की तलाशी ली गई। हालांकि, ईडी ने यह नहीं बताया कि दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता में विभिन्न स्थानों पर और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ये तलाशी कब ली गईं। ईडी ने कहा कि कुल 47 बैंक खातों से लेन-देन पर भी रोक लगाई गई है।



### मनी लांड्रिंग मामले में 124 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलिगेयर फिनवेस्ट लि. (आरएफएल) और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत विभिन्न कंपनियों की 124 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क की हैं। जांच एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां, गुरुग्राम और दिल्ली के 'पॉश' इलाके में है। यह संपत्ति जमीन और फार्म हाउस के रूप में है और आर एस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लि., केनवुड मर्केंटाइल प्रा. लि., मेसर्स गुडफेथ बिल्डर्स प्रा. लि. और अन्य की हैं। इन संपत्तियों की कुल कीमत 124.57 करोड़ रुपये है।